RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 244
नई दिल्ली, बुधवार, 13 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




बुमराह ने अंग्रेजों की निकाली आह

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मुर्मू का समर्थन करेगी शिवसेना

**राष्ट्रपति चुनाव**

- सांसदों की बैठक के एक दिन बाद उद्धव ठाकरे ने किया ऐलान
- पार्टी अध्यक्ष ने किसी दबाव में फैसला लेने से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली/मुंबई



उद्धव ठाकरे

**शिवसेना** के अधिकांश सांसदों के राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने के आग्रह के एक दिन बाद उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी। हालांकि ठाकरे ने कहा कि मुर्मू को समर्थन का फैसला किसी दबाव में नहीं लिया गया है, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि यह निर्णय पार्टी को एक और टूट से बचाने का प्रयास है।

लोकसभा में शिवसेना के 19 सांसद हैं, इनमें 18 महाराष्ट्र से हैं। राज्यसभा में भी उसके तीन सांसद हैं। ठाकरे ने मुंबई में एक दिन पहले अपने आवास पर आयोजित शिवसेना सांसदों की बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि शिवसेना सांसदों की बैठक में किसी ने मुझ पर दबाव नहीं डाला। यह पहला मौका है जब कोई आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनने की राह पर है। बीजद, वाईएसआर-कांग्रेस, बसपा, अन्नाद्रमुक, तेदेपा, जदएस, शिरोमणि अकाली दल और अब शिवसेना जैसे कुछ क्षेत्रीय दलों का समर्थन मिलने के बाद, राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के मतों की हिस्सेदारी पहले ही 60 प्रतिशत के पार हो चुकी है। उनके नामांकन के समय यह लगभग 50 प्रतिशत थी। सोमवार को हुई बैठक में शिवसेना के ज्यादातर सांसदों ने ठाकरे से मुर्मू की उम्मीदवारी का समर्थन करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि मैं अपना रुख स्पष्ट कर रहा हूं। मेरी पार्टी के आदिवासी नेताओं ने मुझसे कहा कि यह पहली बार है कि किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का मौका मिल रहा है। उनके विचारों का सम्मान करते हुए हमने द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का निर्णय किया है। ठाकरे ने कहा कि दरअसल, वर्तमान राजनीतिक माहौल को देखते हुए मुझे उनका समर्थन नहीं करना चाहिए था, लेकिन हम संकीर्ण मानसिकता वाले नहीं हैं।



मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। उनके गुट वाली शिवसेना पहले ही राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू के समर्थन की घोषणा कर चुकी है

ठाकरे ने कहा कि पार्टी के कई नेताओं, विशेष रूप से आदिवासी समुदाय के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) अमश्या पडवी, पूर्व विधायक निर्मला गावित और एकलव्य संगठन के शिवाजीराव धवले ने उनसे मुर्मू का समर्थन करने का आग्रह किया था। शिवसेना प्रमुख ने कहा कि उन्हें मुर्मू का समर्थन करने के लिए खानाबदोश जनजातियों और अनुसूचित जनजाति समुदायों से प्रतिवेदन भी मिला है। ठाकरे ने कहा कि मैं फिर से कह रहा हूं कि द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने के लिए मुझ पर कोई दबाव नहीं है। उन्होंने याद किया कि शिवसेना ने 2007 और 2012 में हुए राष्ट्रपति चुनावों में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन उम्मीदवारों क्रमशः प्रतिभा पाटिल और प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था, भले ही उस समय शिवसेना, भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की एक घटक थी। ठाकरे ने कहा कि उस समय भी शिवसेना ने राजनीति से परे सोचा था और वह किया, जो देश के लिए अच्छा था।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के पास 15 विधायक बचे हैं, क्योंकि 40 विधायक एकनाथ शिंदे गुट के साथ हो गए हैं। शिवसेना के एक पदाधिकारी ने कहा कि शिवसेना के एक प्रतिनिधिमंडल के मुर्मू से मिलने की संभावना है, ताकि वह उन्हें पार्टी का समर्थन दे सकें। अगला राष्ट्रपति चुनने के लिए चुनाव 18 जुलाई को होगा। राष्ट्रपति भवन की दौड़ मुर्मू और विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बीच होगी।

## शिवसेना के सांसदों ने कहा, भाजपा व शिंदे से पहले जैसे हों संबंध

**पायनियर समाचार सेवा** । मुंबई

**शिवसेना** के एक सांसद ने मंगलवार को बताया कि पार्टी सांसदों ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले पार्टी के बागी धड़े और पूर्व सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ पहले जैसे संबंध बहाल करने का आग्रह किया है। शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे ने कहा कि पार्टी सांसदों ने गठबंधन पर जोर देते हुए ठाकरे को सुझाया कि भाजपा ही शिवसेना की स्वाभाविक सहयोगी है और महा विकास आघाड़ी एक अस्वाभाविक गठबंधन है। एमवीए में शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। शिवसेना सांसदों ने सोमवार को मुंबई में ठाकरे के निजी निवास पर उनके साथ बैठक में यह विषय उठाया। इसी बैठक में सांसदों ने ठाकरे से राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का अनुरोध किया था।

# अशोक स्तंभ के शेरों की मुद्रा पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

- केंद्रीय मंत्री पुरी का पलटवार, कहा-प्रतीक चिन्ह सारनाथ की प्रतिकृति

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन की छत पर विशाल अशोक चिह्न का अनावरण करने के एक दिन बाद विपक्षी दलों ने अशोक की लाट वाले शेरों की भाव और मुद्रा को लेकर चुनौती देते हुए सरकार पर निशाना साधा है। जबकि केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्पष्ट किया कि नया प्रतीक सारनाथ की प्रतिकृति है। भाजपा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि इस तरह की आलोचना के पीछे असली कारण उनकी हताशा है। मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा अपना खुद के संसद भवन के निर्माण किया, इससे पहले 150 साल पहले अंग्रेजों ने किया था।

विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय प्रतीक का उद्घाटन करने और अनावरण समारोह में उन्हें आमंत्रित नहीं करने पर सवाल उठाए। उन्होंने अनावरण स्थल पर एक धार्मिक समारोह के प्रदर्शन पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने सरकार पर मूल शेरों के भाव में छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया। हालांकि, विशाल मूर्तिकला के डिजाइनरों ने दावा किया कि इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

राजद और टीएमसी जैसी पार्टियों ने मोदी सरकार पर सौम्य और आत्मविश्वास से भरे अशोक सिंहों को खतरनाक और आक्रामक मुद्रा में प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न को विकृत करने को लेकर निशाना साधा है। बढ़ते विवाद के बीच हरदीप सिंह पुरी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि अगर सारनाथ के मूल प्रतीक की सटीक प्रतिकृति को नई संसद के ऊपर रखा जाएगा, तो यह शायद वह ठीक वैसा ही दिखाई देगा। उन्होंने यह भी कहा कि आकार में अंतर के अलावा मूल सारनाथ और नए प्रतीक चिह्न में कोई अंतर नहीं है। पुरी ने कहा कि दो संरचनाओं की तुलना करते समय कोण, ऊंचाई और पैमाने के प्रभाव की सराहना करने की आवश्यकता है। ज्ञात रहे कि पुरी के मंत्रालय को सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत नए संसद भवन के निर्माण का काम सौंपा गया है।

मंत्री ने ट्विटर पर कहा कि यदि कोई नीचे से सारनाथ के प्रतीक को देखता है, तो वह उतना ही शांत या क्रोधित दिखाई देगा, जितना कि चर्चा की जा रही है। मंत्री ने सारनाथ के प्रतीक चिन्ह की एक तस्वीर भी ट्वीट करते हुए लिखा कि सुंदरता को देखने वाले की आंखों में अनुपात और परिप्रेक्ष्य की भावना को समझा जा सकता है। ऐसे ही शांत और क्रोध के साथ होता है। मूल सारनाथ प्रतीक 1.6 मीटर ऊंचा है जबकि नए संसद भवन ( शेष पेज 7 )

# भारत-चीन सीमा विवाद पर भारत ने अपनाया कड़ा रुख

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-एलएसी पर यथास्थिति में बदलाव की कोशिश बर्दाश्त नहीं करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा** । तिरुवनंतपुरम



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को भारत-चीन सीमा मुद्दे पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के सैन्य कमांडरों और राजनयिकों के बीच वार्ता के जरिए सीमा मुद्दे को सुलझाने के प्रयास जारी हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के ट्वीट के संबंध में भारत सरकार की आधिकारिक स्थिति के संदर्भ में एक प्रश्न पर विदेश मंत्री की यह प्रतिक्रिया आई। गांधी ने ट्वीट में दावा किया था कि भारतीय क्षेत्र में चीनी घुसपैठ बढ़ रही है। जयशंकर ने कहा कि पिछले दो वर्ष में जो हुआ है, हम यह सुनिश्चित करने में बहुत स्पष्ट और बहुत सक्षम रहे हैं कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को एकतरफा ढंग से बदलने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 1962 में लद्दाख सहित भारत के बड़े हिस्से पर चीन द्वारा कब्जा किए जाने के कारण चीन के साथ सीमा पर समस्याएं एक बड़े हिस्से में हैं और इनमें से कई रणनीतिक क्षेत्र हैं जो भारतीय सीमा बलों के लिए चुनौती पैदा करते हैं। गांधी पर हमला बोलते हुए जयशंकर ने कहा ( शेष पेज 7 )

## सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश बनने से सुरक्षा परिषद में भारत का दावा होगा सशक्त

**भाषा** । संयुक्त राष्ट्र

**भारत** अगर 2023 में चीन को पछाड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन जाता है तो इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता की उसकी दावेदारी को बल मिल सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या प्रखंड के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। विश्व जनसंख्या संभावना 2022 रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश के रूप में अगले साल चीन को पीछे छोड़ देने की उम्मीद है। यह रिपोर्ट सोमवार को जारी की गई। इसके मुताबिक 2022 में भारत की जनसंख्या 1.412 अरब है जबकि चीन की आबादी 1.426 अरब है। भारत 2023 तक दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में चीन को पछाड़ देगा और उसकी आबादी अनुमान के मुताबिक 2050 में 1.668 अरब होगी, जो सदी के मध्य तक चीन की अनुमानित 1.317 अरब आबादी से बहुत आगे है। संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक मामलों के विभाग के जनसंख्या प्रखंड द्वारा जारी ( शेष पेज 7 )

# श्रीलंका से नहीं भाग सका राजपक्षे परिवार

**भाषा** । कोलंबो

**देश** में खराब हालात के बीच श्रीलंका के लोग अब यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि गोटबाया राजपक्षे बुधवार को राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के अपने वादे को पूरा करेंगे या नहीं। देश की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण लोगों में राजपक्षे के खिलाफ गुस्सा है। इस बीच खबर है कि राजपक्षे परिवार ने देश छोड़ने की कोशिश की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

सीएनएन ने एक उच्च पदस्थ सैन्य सूत्र का हवाला देते हुए बताया कि राजपक्षे, जिनके ठिकाने का शुक्रवार से पता नहीं है, को कोलंबो हवाई अड्डे पर एक सार्वजनिक कतार में शामिल होने से उनके इनकार के बाद सोमवार को श्रीलंका छोड़ने से रोक दिया गया था। इसने कहा कि राजपक्षे के सहयोगी राष्ट्रपति और उनके परिवार के सदस्यों के 15 पासपोर्ट के साथ हवाई अड्डे पर पहुंचे - जिनमें प्रथम महिला इओमा राजपक्षे भी शामिल हैं। सैन्य सूत्र के अनुसार, उन्होंने सोमवार को स्थानीय समयानुसार शाम 6:25 बजे दुबई के लिए रवाना होने वाली श्रीलंकन एअरलाइंस की उड़ान में सीट बुक की थी।



श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे

सूत्र ने कहा कि आव्रजन अधिकारियों ने राष्ट्रपति के सहयोगियों द्वारा उन्हें दिए गए पासपोर्ट को संसाधित करने से इनकार कर दिया, क्योंकि राजपक्षे और उनका परिवार क्रॉस चेक के लिए शारीरिक रूप से मौजूद नहीं था और आखिरकार, उड़ान राष्ट्रपति तथा उनके परिवार के बिना ही निकल गई। राजपक्षे के छोटे भाई और पूर्व वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे ने भी श्रीलंका छोड़ने की कोशिश की, लेकिन हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया। देश के सबसे खराब आर्थिक संकट ( शेष पेज 7 )

## सुप्रीम कोर्ट प्रशासनिक सेवा मुद्दे पर पीठ गठित करने को तैयार

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र और राष्ट्रीय राजधानी की सरकार की विधाई व कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित मामले की सुनवाई के लिए मंगलवार को पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ का गठन करने के लिए सहमत हो गया। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एएम सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ से आग्रह किया कि इस मुद्दे पर तत्काल सुनवाई की जरूरत है। सिंघवी ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण मामला है। कृपया इसे सूचीबद्ध करें। जवाब में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम ऐसा करेंगे। छह मई को शीर्ष अदालत ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े मुद्दे को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेजा था। मामले को बड़ी पीठ को सौंपने की मांग कर रही केंद्र सरकार को राहत देते ( शेष पेज 7 )

# ओमीक्रोन के बीए.5 वैरिएंट पर वैक्सीन व इम्यूनिटी भी बेअसर

- नया सब वैरिएंट कोविड से ठीक होने के एक सप्ताह में फिर कर सकता है संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा** । नई दिल्ली



**कोरोना** महामारी के दौरान यह आम धारणा रही है कि किसी भी कोविड वैरिएंट से संक्रमित होने के बाद व्यक्ति में स्वाभाविक प्रतिरक्षा को बढ़ावा मिलता है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर ढंग से वायरस को पहचानने और भविष्य में संक्रमण से बचाव में मदद मिलती है।

लेकिन ओमीक्रोन के उपसंस्करण (सब वैरिएंट) बीए.5 के साथ ऐसा नहीं है, जो वैक्सीन और पूर्व संक्रमण दोनों से होने वाली प्रतिरक्षा से प्रभावित हुए बिना संक्रमित कर सकता है। इसका मतलब यह है कि भले ही आप 2020 में डेल्टा या ओमीक्रोन बीए.1 से पिछली सर्दियों में संक्रमित हुए हों, इसके बावजूद आप बीए.5 के संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। आपकी पिछली प्रतिरक्षा आपको नए स्ट्रेन से बचाव नहीं करती है। वैश्विक शोधकर्ताओं ने कहा कि ओमीक्रोन का उपसंस्करण बीए.5 कोविड संक्रमण से ठीक होने वाले को एक सप्ताह में फिर से कोविड वायरस से संक्रमित करने की क्षमता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि कई देशों में कोविड के नए मामलों में उछाल के पीछे बीए.5 और बीए.4 को माना जा रहा है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि ओमीक्रोन का सब वैरिएंट बीए.5 सबसे अलग साबित हो रहा है। कई शोधकर्ताओं ने इसे अब तक का सबसे आसानी से फैलने वाला कोविड वैरिएंट कहा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस, चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में ( शेष पेज 7 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 53,886 | ↓ | 508 | |
| निफ्टी | 16,058 | ↓ | 157 | |
| सोना | 50,581 | ↑ | 15 | /10g |
| चांदी | 56,120 | ↓ | 648 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आतंकी हमले में सहायक पुलिस उप निरीक्षक की मौत

**श्रीनगर**। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मंगलवार को एक पुलिस दल पर हुए आतंकवादी हमले में जम्मू कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी की मौत हो गई जबकि दो अन्य आरक्षक घायल हो गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शाम सवा सात बजे हुई जब लाल बाजार इलाके में आतंकवादियों ने एक नाके पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक अहमद की मौत हो गई जबकि दो आरक्षक फैयाज अहमद और अबू बकर इसमें घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल ले जाया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया, सहायक उप निरीक्षक मुश्ताक अहमद ने दम तोड़ दिया। हम शहीद को उसके सर्वोच्च बलिदान के लिए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अन्य घायल आरक्षकों का इलाज चल रहा है।

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष की दलीलें हुईं पूरी

**पायनियर समाचार सेवा** । वाराणसी

**ज्ञानवापी-श्रृंगार** गौरी मामले में वाराणसी की जिला अदालत में मुस्लिम पक्ष की दलीलें मंगलवार को पूरी हो गईं और हिंदू पक्ष ने अपनी दलीलें रखनी शुरू की। यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहेगा। जिला शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मुस्लिम पक्ष ने याचिका की पोषणीयता (याचिका सुनवाई करने लायक है या नहीं) पर अपनी दलीलें देने का काम पूरा कर लिया।

इसके बाद हिंदू पक्ष ने अपनी बहस शुरू की, जो बुधवार को भी जारी रहेगी। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने पूर्व के कानूनों का हवाला देते हुए मुकदमे की पोषणीयता पर सवाल उठाया और अदालत से आग्रह किया कि वह इस मुकदमे को खारिज कर दे। उन्होंने बताया कि मुस्लिम पक्ष की दलीलें समाप्त होने के बाद हिंदू पक्ष ने अपनी दलीलें रखनी शुरू की।



हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के समक्ष कहा कि किसी भी स्थान पर नमाज पढ़ने से वह स्थान मस्जिद नहीं हो जाती। यादव ने कहा कि हिंदू पक्ष की बहस कल यानी बुधवार को भी जारी रहेगी। गौरतलब है कि राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी के विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ ( शेष पेज 7 )

## विमान के अगले पहिए में खामी से स्पाइसजेट की दुबई-मदुरै उड़ान में देरी

**भाषा** । नई दिल्ली

**स्पाइसजेट** की दुबई-मदुरै उड़ान में सोमवार को बोइंग बी 737 विमान के अगले पहिए के ठीक से काम नहीं करने की वजह से देरी हुई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की घटना स्पाइसजेट में गत 24 दिनों में विमान में तकनीकी खामी आने की नौवीं घटना है। डीजीसीए ने छह जुलाई को 19 जून से तब तक विमान में तकनीकी खामी की घटित आठ घटनाओं पर कारण बताओ नोटिस जारी किया था। उड्डयन नियामक ने कहा था कि सस्ती सेवा प्रदाता कंपनी सुरक्षित, प्रभावी और विश्वसनीय हवाई सेवा मुहैया कराने में असफल रही है। डीजीसीए अधिकारी ने रेखांकित किया कि सोमवार को बोइंग बी 737 ( शेष पेज 7 )

# देश को तबाह कर सकती है शॉर्ट-कट राजनीतिः मोदी

- प्रधानमंत्री ने लोगों से लोक-लुभावन घोषणाओं की राजनीति से दूर रहने की अपील की

**भाषा** । देवघर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि लोक-लुभावने कदमों पर आधारित शॉर्ट-कट राजनीति देश का शार्ट सर्किट (तबाह) कर सकती है। प्रधानमंत्री ने यहां करीब 16,800 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और शॉर्ट कट की राजनीति से ऐसी परियोजनाओं को पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, देश के सामने शॉर्ट-कट राजनीति की बड़ी चुनौती है, लेकिन यह भी बड़ी सच्चाई है कि जिस देश की राजनीति शॉर्ट-कट पर आधारित हो, वहां शॉर्ट-सर्किट हो सकता है। यह देश को तबाह कर सकती है। मोदी ने देवघर में पवित्र श्रावणी मेला से पहले कहा कि आस्था, अध्यात्म और तीर्थ यात्रा की भूमि है जिसने हमे बेहतर समाज और देश बनाया है। उन्होंने कहा, सरकार आस्था, अध्यात्म और ऐतिहासिक महत्व से जुड़े स्थानों पर आधुनिक अवसरंचना देने के लिए निवेश कर रही है।



देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में मंगलवार को पूजा-अर्चना करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल है

उन्होंने इसके साथ ही अयोध्या, काशी विश्वनाथ और यहां स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर का संदर्भ दिया। उन्होंने लोगों से लोक-लुभावन घोषणाओं की राजनीति से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि देश के समक्ष चुनौतिया हैं। मोदी ने कहा कि देश, शॉर्ट कट की राजनीति की बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि जिन देशों की राजनीति शॉर्ट कट पर आधारित होती, वे देश को तबाह कर सकती है। उन्होंने कहा, यह बहुत आसान है कि बिना नतीजों के सोचे लोक लुभावन कदमों और शॉर्ट कट की राजनीति से लोगों के मतों को हासिल कर लिया जाए। उन्होंने रेखांकित किया देशवासियों ने ( शेष पेज 7 )

# कांवड़ यात्रा के लिए सजने लगे सेवा शिविर

● भगवान भोलेनाथ का अभिषेक गंगा जल से करने के लिए कांवड़िये होने लगे रवाना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



हरिद्वार, गंगोत्री और ऋषिकेश से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्त कावड़ियों के लिए पाइपलाइन मार्ग पर कांवड़ शिविर लगने शुरू हो गए हैं। बता दें कि सावन महीने में शिव भक्त हरिद्वार गंगोत्री और ऋषिकेश से गंगाजल लेकर पैदल आने वाले शिव भक्तों के लिए पाइप लाइन मार्ग स्थित चुंगी नंबर 3 सरना चोपला मकरेड़ा नबीपुर शिव मंदिर पर शिविर लगने शुरू हो गए हैं।

वहीं नोएडा और गाजियाबाद के मुख्य मार्गों पर लोगों ने सेवा के लिए कांवड़ शिविर सजाने शुरू कर दिए है। परशुराम सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हरिद्वार गंगोत्री ऋषिकेश से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले राजस्थान हरियाणा के लिए जाने वाले शिवभक्त कावड़िया पाइपलाइन मार्ग से होकर जाते हैं।

इसीलिए कांवड़ियों की सेवा और सुविधा के लिए चुंगी नंबर 3 पर कांवड़ सेवा शिविर लगने शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि 2 दिन में कांवड़ शिविर तैयार हो जाएगा जिसका शुभारंभ कराने के बाद शिवभक्त कावड़ियों की सेवा की जाएगी। राजस्थान हरियाणा जाने वाले शिव भगवान गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग होकर पाइपलाइन मार्ग को जाते हैं, वह 15 दिन पूर्व गंगाजल लेकर चल देते हैं। जिन की सुविधा के लिए सेवा शिविर तैयार किए जा रहे हैं।

## सिंगल विंडो पर मिलेगी इजाजत

*गाजियाबाद। कांवड़ियों की सेवा के लिए कांवड़ मार्ग पर लगाए जाने वाले शिविर को एनओसी के लिए लोगों को विभागों के चक्कर नहीं काटने होंगे। इसके लिए एडीएम सिटी कार्यालय में एकल विंडो की व्यवस्था की गई है। सभी विभागों के कर्मचारी इसी आफिस में मौजूद होंगे और शिविर लगाने के लिए प्रयाप्त दस्तावेजों के आधार पर एनओसी जारी करेंगे।*

*जनपद में मोदीनगर की सीमा से लेकर दूधेश्वर नाथ मंदिर व दिल्ली बॉर्डर तक करीब 120 शिविर लगते हैं। इन शिविर में कांवड़ियों के लिए खान.पान से लेकर आराम करने व चिकित्सा की सुविधा निशुल्क कराई जाती है। यह शिविर 24 घंटे चलते हैं। इन शिविर को लगाने वाली विभिन्न संस्थाओं को इसके लिए प्रशासन से इजाजत लेनी होती है। इसके लिए कई विभागों की एनओसी जरूरी होती है। जिसमें बिजली, नगर निगम, अग्निशमन विभाग, पुलिस से एनओसी के बाद प्रशासन से इजाजत लेनी होती है। इसके लिए आयोजकों को हर विभाग के चक्कर काटने पड़ते हैं।*

*इस बार लोगों को शिविर की एनओसी के लिए विभागों के चक्कर नहीं काटने होंगे। एडीएम सिटी कार्यालय में सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद होंगे। यहां आने वाले सभी आवेदकों के दस्तावेजों की जांच करके यहां से एनएसीओ जारी होगी और उसके बाद शिविर संचालन की इजाजत मिल सकेगी। अभी तक प्रशासन के पास 45 संस्थाओं ने शिविर के लिए इजाजत मांगी है। इस बार इनकी संख्या 120 से ज्यादा हो सकती है।*

*कांवड़ियों के यहां पहुंचना शुरू होने से पहले यह सभी शिविर शुरू हो जाएंगे। जिला प्रशासन के चार कंट्रोल रूम कांवड़ व्यवस्था और संदिग्धों पर निगाह रखने के लिए होंगे।*

## यात्रा मार्ग पर झाड़-फूस और पेड़ों की छंटाई करेगा वन विभाग

**गाजियाबाद।** श्रावण शिवरात्रि का पर्व 26 जुलाई को मनाया जाएगा। जिसके लिए कांवड़िया हरिद्वार आदि तीर्थ स्थलों से गंगाजल लेकर शिव मन्दिरों में जलाभिषेक करते है। इसी को देखते हुए वन विभाग कांवड़ यात्रा मार्ग पर पेड़ों की छंटाई का कार्य करेगा।

इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा को लेकर एक बैठक भी हुई थी। जिसमें कांवड़ मार्ग पर झाड़ फूस और पेड़ों के बढ़ने का मुद्दा उठा था। डीएम ने बैठक के दौरान वन विभाग के अधिकारियों को पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में वन विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। वन विभाग के एसडीओ आशुतोष पांडेय ने बताया कि कस्बा मुरादनगर से टीला मोड तक पाईप लाईन मार्ग दूरी लगभग 19 किमी के किनारे से झाड.फूस, गूलर के पेड एवं भांग के पौधों की छंटाई की जाएगी। इसी तरह कादराबाद बॉर्डर से गाजियाबाद होते हुए दिल्ली बॉर्डर दूरी लगभग 48 किमी है।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिरफ्त में पांच अंतरराज्यीय लुटेरे।

### पांच अंतरराज्यीय लुटेरे गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले पांच अन्तर्राज्यीय लुटेरों को गिरफ्तार किया है। ये लोग चोरी की बाइक से मोबाइल स्नेचिंग करते और गरीब और मजदूरों को सस्ते दरों पर मोबाइल बेच देते थे। इनके पास से 15 मोबाइल फोन मिले है। जिनकी कीमत करीब 3 लाख रुपए है। इनके ऊपर 20 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने इनकी पहचान आकाश चौहान, दिलशाद, रवि सिसौदिया, सुशील मिश्रा, सूरज जोशी हुई है। पुलिस ने बताया कि आकाश चौहान व रवि सिसौदिया से बरामद मोटर साइकिल पैशन पहले ज्वाला नगर, दिल्ली से चोरी की गई थी। आकाश से बरामद मोबाइल फ़ोन उसने व रवि ने मिलकर नौ जुलाई को सी.ब्लॉक सेक्टर-63 में पानी की टंकी के पास से इसी मोटरसाइकिल से राह चलते एक लड़के से छीना था। बरामद दूसरी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस दिलशाद व सूरज जोशी ने मिलकर काफी समय पहले गाजियाबाद से चोरी की थी। पुलिस ने बताया कि ये लोग नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद व आस.पास के इलाकों में मोबाइल फोन छीनने व चुराने का काम करते है। उनका एक अन्य साथी शकील उर्फ अकील चोरी के मोबाइल को बेचा देता है।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा

**नोएडा।** जनसंख्या समाधान फ़ाउन्डेशन के कार्यकर्ताओं ने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि जनसंख्या समाधान फाउन्डेशन जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर पिछले 8 वर्षों से अधिक समय से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में देशभर के 22 राज्यों के 400 से अधिक जिलों में अभियान चला रहा है। इस अभियान को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संगठन के मुख्य संरक्षक इन्द्रेश कुमार एवं केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। धरना.प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में सुरेन्द्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, चन्द्रपाल प्रजापति, वीर सिंह, सुरेश कुमार, अनुभव शर्मा, अरविन्द शर्मा, शंकर तिवारी, प्रदीप कुमार राजेन्द्र कौशिक, पशुपतिनाथ उपाध्याय, अनिल कुमार, सुरेंद्र वशिष्ट, संदीप कुमार, ब्रजेश कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### 15 जुलाई को होगी निगम कार्यकारिणी बैठक

**गाजियाबाद।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक अब 15 जुलाई को होगी। पिछली बार मेयर आशा शर्मा के बीमार हो जाने के कारण बैठक निरस्त कर दी गई थी। 15 तारीख को कार्यकारिणी बैठक बुलाए जाने को लेकर मेयर आशा शर्मा ने नगर आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि कार्यकारिणी की बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

### विद्युत विभाग की लापरवाही, गई मजदूर की जान

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर टटड्टू ठेले पर खोड़ा में किसी रोड़ी.बदरपुर के कारोबारी की ठीये पर ईंट डालने आया था। हादसा उस समय हुआ जब मंडोला बस्ती में रहने वाला मजदूर विजय उर्फ डीयर हाईटेंशन के टूटे हुए तार की चपेट में आ गया। इस संदर्भ में एसएचओ का कहना है कि पुलिस ने मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रेटर नोएडा में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**नोएडा।** दादरी कोतवाली क्षेत्र के आमका रोड के पास 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस शव की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। आमका रोड पर रूपवास चौराहे के पास पेड़ के नीचे एक 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की जानकारी वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। शरीर पर चोट के कई निशान हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने स्थिति को देखकर हत्या की आशंका जताई है।

## ग्रेटर नोएडा में दबंगों ने थार में की तोड़फोड़

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बीच सड़क पर कार सवार युवकों ने थार में तोड़फोड़ की। तोड़फोड़ की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अंदर बैठे लोगों से मारपीट की।

दादरी कस्बे के मुख्य रोड पर मंगलवार सुबह एक थार गाड़ी जा रही थी। पीछे से एक एक कार तेज रफ्तार से आती है। और वह थार गाड़ी में पीछे से टक्कर मार देती है। टक्कर लगने के बाद ही कार से 2 युवक लाठी.डंडे लेकर उतरे। थार पर वार करना शुरू कर दिया। उन्होंने थार गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। थार में बैठे 2 लोगों ने जब भागने की कोशिश की, तो उनमें से एक को पकड़ कर उसके साथ जमकर मारपीट की।

## बुजुर्ग दंपति ने बेटे के घर खाया जहर, अस्पताल में तोड़ा दम

● मानसिक तनाव के चलते उठाया कदम, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

खोड़ा कॉलोनी में रहने वाले एक बुजुर्ग दंपत्ति ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

थाना सेक्टर-20 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर.20 के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि खोड़ा कॉलोनी के प्रेम बिहार में रहने वाले 62 वर्षीय हरचरण सिंह और उनकी पत्नी 60 वर्षीय कमलेश ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उनके बेटे बलजीत ने अत्यंत गंभीर हालत में उन्हें नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में अभी तक कोई भी शिकायत नहीं मिली है।

शिकायत मिलने के बाद पुलिस आगे की आवश्यक कार्रवाई करेगी। प्राथमिक जांच में कहा जा रहा है कि दंपति ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या की है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। वहीं पुलिस बुजर्गों के परिजनों से भी मामले की जानकारी ली जा रही है।

## नोएडा के गांवों में बनेंगे ओपन जिम, स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी

**नोएडा।** जिला पंचायत ने एक वर्ष में गांवों में सड़क, नाली, खड़ंजा आदि कार्यों पर 40 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। अब गांवों में स्ट्रीट लाइट व ओपन जिम बनाए जाएंगे। आगामी विकास कार्यों को लेकर तैयारी चल रही है। जिला पंचायत का एक साल का कार्यकाल कार्यकाल पूरा कर लिया है। पांच सदस्यों वाली जिला पंचायत में इस एक साल में 40 करोड़ रुपये के काम कराए गए हैं।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी धर्मजीत त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्ताव के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अब तक 40 करोड़ के काम कराए गए हैं। 88 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, काली सड़क, खड़ंजा, नाला, नाली आदि का निर्माण कार्य कराया गया है। आगामी कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। इन कामों को जल्द ही शुरू कराया जाएगा। जिला पंचायत स्ट्रीट लाइट, तालाबों का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम बनाएगी।

## फर्जी जज बनकर होटल का नक्शा पास करने का बना रहे थे दबाव, चार पर केस दर्ज

● देहरादून में एक आरोपी के गिरफ्तार के बाद हुए गैंग का खुलासा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में होटल का नक्शा पास कराने के लिए जालसाजों ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का जज बनकर डीएम से लेकर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कई अफसरों पर कॉल की और मैसेज भेजे। उन पर नक्शा पास करने का दबाव बनाया।

देहरादून पुलिस ने जब एक आरोपी को गिरफ्तार किया तो पता चला कि ये कॉल.मैसेज किसी जज के द्वारा नहीं, बल्कि एक गैंग मेंबरों के द्वारा किए गए थे। जीडीए के टाउन प्लानर ने इस मामले में थाना सिदहानी गेट में एक महिला और तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज कराया है। जीडीए टाउन प्लानर राजीव रतन शाह के अनुसार, डीडीए फ्लैट गाजीपुर दिल्ली निवासी मयंक गर्ग ने राजनगर एक्सटेंशन में एक होटल का नक्शा पास कराने के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया था।

इस नक्शे तीसरी बार नक्शा स्वीकृति के लिए ऑनलाइन आवेदन आया। पोर्टल पर आर्किटेक्ट के रूप में गौरव सिंघला का प्रमाण पत्र अपलोड है। टाउन प्लानर राजीव रतन शाह ने बताया कि उनके पास दो अलग-अलग नंबरों से व्हाट्सएप मैसेज आए, जिसमें कथित व्यक्ति ने खुद को दिल्ली हाईकोर्ट का जज बताया और यह नक्शा स्वीकृत करने के लिए कहा। नक्शे के बाबत डीएम एवं जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के फोन पर भी सुप्रीम कोर्ट का जज बनकर कॉल और मैसेज किए।

## संभव में आई शिकायत तत्काल हटा अतिक्रमण

**गाजियाबाद।** नगर निगम में नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर एक और संभव कार्यक्रम में सुनवाई कर रहे थे।

कई शिकायतों का तत्काल निस्तारण भी किया जा रहा था। इसी क्रम में नगर निगम के कविनगर जोन की टीम ने एक जन शिकायत का निस्तारण करते हुए लोहा मंडी से अतिक्रमण हटाया। साथ ही 35 हजार का जुर्माना भी वसूला। संभव कार्यक्रम के तहत नगर निगम सुनवाई करता है। कई बार तत्काल शिकायत का निस्तारण किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को आज नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की कविनगर जोनल प्रभारी आशुतोश गुप्ता की अगुवाई में आज लोहा मंडी से अतिक्रमण हटाया गया। नगर निगम को यहां शिकायत मिली थी कि लोहा मंड़ी के एक पार्क में सामान डालकर काफी लोहा व्यापारियों ने अतिक्रमण कर लिया है। संभव कार्यक्रम में यह शिकायत दर्ज की गई थी। निगम की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया।

## 100 करोड़ का बकाया, 24 बिल्डरों की 153 संपत्तियां होंगी नीलामी

● सुपर सिटी के 3 फ्लैट और वर्धमान बिल्डर के एक फ्लैट के लिए विज्ञापन जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

24 बिल्डरों की 153 संपत्तियों की ई.निलामी की जाएगी। इन बिल्डरों पर 100 करोड़ रुपये बकाया है। इसमें सबसे ज्यादा सबसे अधिक कॉसमॉस बिल्डर की 47, गायत्री हॉस्पिटैलिटी की 29 संपत्तियां हैं।

सोमवार को सुपर सिटी के 3 फ्लैट और वर्धमान बिल्डर के एक फ्लैट के लिए जारी किया गया है। मंगलवार को रेडिकोन बिल्डर के 6 फ्लैट और इम्पीरिया बिल्डर की 3 दुकानों की ई.नीलामी के लिए विज्ञापन जारी होगा। एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया 24 बिल्डरों की 153 संपत्तियों की ई.नीलामी होनी है। जिसकी शुरुआत सोमवार से हो गई। अधिक बोली लगाने के नाम संपत्ति की जाएगी, 7 दिन तक विज्ञापन का प्रचार कर आवेदन लिए जाएंगे।

## '44 अरब डॉलर के वस्त्र-हस्तशिल्प का निर्यात'

● केन्द्रीय राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने 11वें एचजीएच इंडिया का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



भारत के सबसे प्रख्यात ट्रेड शो, एचजीएच इंडिया के 11वें संस्करण की शुरूआत ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में हुई।

होम सेगमेंट में घरेलू बाजार पर केंद्रित है अपनी तरह के इस अनूठे व्यापार.शो में होम डेकोर, होम टेक्सटाइल और फर्निशिंग, हाउस.वेयर और उपहार शामिल हैं। 4 दिवसीय भव्य ट्रेड शो एचजीएच इंडिया का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश केन्द्रीय राज्य मंत्री, रेलवे एवं टेक्सटाइल, भारत सरकार, यूपी सिंह सचिव, टेक्सटाईल मंत्रालय, भारत सरकार और बीबी स्वैन, सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार ने की। इस मौके पर शांतमनु विकास आयुक्त, हेण्डीक्राफ्ट, परिधान मंत्रालय, भारत सरकार और फैशन डिजाइनर सुनीत वर्मा भी उपस्थित थे। शो का उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि दर्शना विक्रम जरदोश ने कहा, एचजीएच इंडिया का यह 11वां एडिशन है। यहां हमारा उद्देश्य सभी को एक साथ लेकर आगे बढ़ने का है। इस अवसर पर यूपी सिंह, सचिव, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा मैं एचजीएच इंडिया आकर बेहद खुश हूं। भारत में जब भी हम वस्त्रों की बात करते हैंए हम हमेशा निर्यात के आंकड़ों पर चलते हैं। यह संतोष की बात है कि पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 44 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के वस्त्र और हस्तशिल्प का निर्यात किया।

PUBLIC NOTICE

Plot No B1/2 was purchased by Shri Nischal Kapoor, S/o Shri Prithvi Chand Kapoor and Smt Ekta Kapoor W/o Shri Nischal Kapoor R/o Flat no. 16, IICL Towers, B9/16, Sector 62, Noida, UP, India 201309, who has expired on **12.11.2018** leaving behind Mr. Nischal Kapoor, & Ms. Akshaya Kapoor as legal heir and accordingly the name of Mr. Nischal Kapoor & Ms. Akshaya Kapoor is being noted in **DLF's** record in respect of the captioned Plot. If anybody has any objection to this, he or she may approach **Ms/ DLF Ltd** or the undersigned within 21 days of publication of this notice.

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण, देहरादून**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवा विभाग) द्वितीय तल, पारस टावर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248171

प्रकाशन सूचना

ओ.ए. सं. 48/2020 में (ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993, समय समय पर संशोधित, के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन) डि. सं. 671

दिनांक : 27–06–2022

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
वीरेन्द्र शर्मा एवं अन्य

सेवा में,
1. वीरेन्द्र शर्मा पुत्र सहदीप शर्मा निवासी D–33, ओल्ड गुप्ता कालोनी, दिल्ली–110009
2. आरती बहुगुनाथ सिंह पत्नी वीरेन्द्र शर्मा निवासी आरएम 14 मुरगन चाल इंदिरा नगर गांव देवी वकोला पाइपलाइन सांताक्रूज ईस्ट, मुम्बई– 400055
3. एम/ए पैराटस रियल एस्टेट्स प्रा. लि., इसके अधिकृत हस्ताक्षरी तारिक नजब के माध्यम से, पंजीकृत कार्यालय पता : डी–266, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली–110024

दूसरा पता : कार्यालय बी–11, सेक्टर–1, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश

जबकि, उपरोक्त नामक आवेदक बैंक ने रू. 43,52,142/– के ऋण की वसूली के लिए आपके विरूद्ध ओए सं. 48/2020 दायर किया है, जिसमें माननीय न्यायाधिकरण ने ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के तहत सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह किया था और माननीय पीठ अधिकारी के समक्ष 15–06–2022 को पेश किया जाना नियत किया गया था। जबकि न्यायाधिकरण की संतुष्टि हेतु यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण प्रक्रिया द्वारा सूचना देना संभव नहीं है, अतः इस प्रकाशन द्वारा आपको दिनांक 01–09–2022 को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने विधिवत प्राधिकृत अभिकर्ता अथवा लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। आपसे कारण बताने कि ओए में प्रार्थित राहत(तें) क्यों मंजूर नहीं की जाएं तथा अपने बचाव हेतु, अपना जवाब, यदि कोई है, पेपर बुक रूप में, सेट्स में, अपने बचाव हेतु दस्तावेजों तथा शपथपत्रों सहित, व्यक्तिगत रूप से या अपने विधिवत अधिकृत एजेन्ट या लीगल प्रैक्टिशनर के माध्यम से इस न्यायाधिकरण में, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है। सूचित हों कि विनिर्दिष्ट तिथि और समय पर उपस्थित होने में आपकी चूक की स्थिति में वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत 27 जून, 2022 को दिया गया।

न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा
रजिस्ट्रार, ऋण वसूली
न्यायाधिकरण, देहरादून

परिशिष्ट IV
देखें नियम 8(1)
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **कपिल बजाज, शम्मा बजाज और परवीन** को **13.09.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLRHN00238791** की राशि **रू.35,68,903.29 (रूपये पैंतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ तीन और उनतीस पैसे मात्र)** और **25.06.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **08.07.2022** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.35,68,903.29 (रूपये पैंतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ तीन और उनतीस पैसे मात्र) 25.06.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

**फ्लैट नंबर- 606, छठी मंजिल, लिबर्टे टावर, ओमेक्स नॉर्थ एवेन्यू, गाँव सांखोल और बहादुरगढ, सेक्टर-15, जिला-झज्जर, बहादुरगढ, हरियाणा– 124510.**

सही/-
दिनांक :08.07.2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : झज्जर — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

परिशिष्ट IV
देखें नियम 8(1)
कब्जा सूचना
(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,
**इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड (CIN:L65922DL2005PLC136029)** प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **सुभाष चंदर और सरोज** को **03.06.2021** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HHLROH00389053** की राशि रू. **28,01,900.70 (रूपये अट्ठाईस लाख एक हजार नौ सौ और सत्तर पैसे मात्र)** और **01.05.2021** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **07.07.2022** को संपत्ति पर **आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू.28,01,900.70 (रूपये अट्ठाईस लाख एक हजार नौ सौ और सत्तर पैसे मात्र) 01.05.2021** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

**संपत्ति नं. - जेजेआर/डब्ल्यू01/0661, खेवत नं. 3819/3578, खाता नं. 4333, किला नं. 34/2, तडाडी किला नं. 34/2, मौजा नगर पालिका, झज्जर -124100, हरियाणा, जो निम्नानुसार परिबध्द है :-**

**पूर्व : टाइटल डीड के अनुसार — पश्चिम : टाइटल डीड के अनुसार**
**उत्तर : टाइटल डीड के अनुसार — दक्षिण : टाइटल डीड के अनुसार**

सही/-
दिनांक : 07.07.2022 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : झज्जर — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

The General Public is hereby informed that my client Smt Veena Kumari W/o Sh Rakesh Kumar, R/o House No. 805, Main Market, Kapashera, South west district, Delhi 110037 has severed all relations with her son Sh Monbir, Daughter–in-law Smt Shivani W/o Sh Monbir and her Grand Daughter Ms Trishika D/o Sh Monbir due to their ill treatment and being out of her control. My client has also disowned and debarred the said son Sh Monbir, Daughter –in-law Smt Shivani W/o Sh Monbir and Grand Daughter Ms Trishika D/o Sh Monbir from all her movable and immovable properties. Anybody dealing with Sh Monbir, Smt Shivani and Ms Trishika will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by the above mentioned persons.

P.Pradeep (Advocate)

PUBLIC NOTICE

My Client, Smt. Neeti Ojha W/o Sh. Sanjay Kumar Ojha R/o Flat No. 1332, Vinayak Tower, Mahagunpuram Society, NH. 24, Ghaziabad 201001 is Registered owner of property bearing address - UGF without roof rights, Property on Plot Bearing No. 64 presently known as A-64-B Land Measuring 50 Square Yards, out of Khasra No. 848 & 850 situated in area of Village Nawada Abadi known as Anand Vihar, Block A, Uttam Nagar, New Delhi vide Registered Sale Deed, dated 10.06.2022 Doc. No. 13543 executed by Mahender Sharma. The said property is under sale which is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited by the purchaser. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Dheeraj Tiwari (Advocate)
Ch. No. E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./254/निविदा/लो.नि.वि./2022 — भिलाई-चरौदा, दिनांक :- 12.07.2022

**// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //**

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (₹ लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Development Work at Swami Aatmanand Govt. Janta English Medium School Campus at Ward No. 14 Nehru Nagar, Bhilai-Charoda | 104737 | ₹ 114.89 | 03.08.2022 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
भिलाई-चरौदा

"प्रकृति को क्षति न पहुंचाएं, आओ धरती को जीने योग्य बनाएं"

kotak
**Kotak Mahindra Bank Limited.**
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our office and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 09 (nine) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.

Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** piece or parcel of commercial property being, admeasuring 1451 sq ft carpet area (approx.) in First Floor, 135/1 Mangal Pandey Nagar, Meerut – 250002, Uttar Pradesh of the building situate and lying at and being at 135/1 Mangal Pandey Nagar, Meerut – 250002, | M/s Jhankar Associates having its office at 135/1, Mangal Pandey Nagar, Meerut - 250002 |

**Legal Department**
**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21,**
**Infiniti Park, off Western Express Highway,**
**General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097**
**Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax–(022) 67259088**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बारिश से लगातार दूसरे दिन जलजमाव, यातायात जाम

- सोमवार दोपहर के बाद मंगलवार सुबह हुई बिना पूर्वानुमान की बारिश से हुई अव्यवस्था
- कुछ घंटे गर्मी से रही राहत, धूप निकलते ही उमस ने किया परेशान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



बारिश के दौरान सेल्फी लेते युवक व युवतियां। फोटोः रंजन डिमरी।

सोमवार दोपहर की तरह मंगलवार सुबह भी दिल्ली के कई इलाकों में बिना पूर्वानुमान की बारिश हुई। कुछ देर की झमाझम बारिश से गर्मी कुछ कम हुई तो दिन के तापमान में भी तीन डिग्री की गिरावट रिकार्ड की गई। बरसात थमने के बाद धूप खिली तो धीरे- धीरे फिर से उमस ने परेशान करना शुरू कर दिया। मौसम विभाग ने बुधवार को भी ऐसा ही मौसम बने रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। ,राड़ी, जसोला, पीतमपुरा, रिठाला, बिजवासन और शिवाजी विहार सहित कई हिस्सों में जलभराव की वजह से वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। मध्य दिल्ली में भी जलजमाव के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। मंगलवार को सुबह से बादल छाए हुए थे। साढ़े सात से आठ बजे के दौरान विभिन्न इलाकों में बरसात शुरू हो गई। हल्की वर्षा का यह दौर करीब एक घंटे तक चला। इसके बाद मौसम खुल गया। हैरत की बात यह कि मौसम विभाग ने पहले मंगलवार के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया हुआ था, लेकिन बरसात हुई तो उसे बदलकर यलो कर दिया गया। बुधवार के लिए भी सलो अलर्ट ही रखा गया है। अब यह वक्त ही बताएगा कि बुधवार को यह अलर्ट मौसम विभाग की लाज रखता है या नहीं। मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम 33.3 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हवा में नमी का स्तर 94 से 67 प्रतिशत रहा। बरसात शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग पर 3.9 मिमी, पालम में 3.1 मिमी, लोधी रोड पर 4.0 मिमी और रिज एरिया में सर्वाधिक 38.4 मिमी रिकार्ड की गई। आयानगर में बूंदाबांदी ही हो पाई।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बुधवार को भी दिन भर बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम स्तर की बरसात होने की संभावना है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 और 26 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

## पांच जिलों में हुई मानसून की सबसे कम बरसात

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वर्षा के असमान वितरण के कारण दिल्ली के पांच जिलों में अब तक इस मानसून में कम बारिश हुई है। औसतन दिल्ली की वर्षा में 23 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। एक जून, जब मानसून का मौसम शुरू होता है से सामान्य 116.9 मिमी की तुलना में 90.4 मिमी बरसात दर्ज की गई है। एक सप्ताह पहले पांच जुलाई को पूरे शहर में 10 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी। लेकिन तब से बरसात ने राजधानी की बार-बार अनदेखा की है। सोमवार दोपहर और मंगलवार सुबह हुई बरसात भी कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित रही। मानसून के मौसम की शुरुआत के बाद से पश्चिमी दिल्ली में 60 प्रतिशत (135.8 मिमी के सामान्य के मुकाबले 54 मिमी बारिश) की कमी दर्ज की गई है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में 51 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जहां इस अवधि में सामान्य 122.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 59.8 मिमी बारिश हुई है। पूर्वोत्तर दिल्ली में सामान्य 135.6 मिमी से 43 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मध्य और दक्षिणी दिल्ली में वर्षा की कमी क्रमशः 29 प्रतिशत और 22 प्रतिशत रही।

## संक्षिप्त समाचार

### इमारत में आग, चार लोगों को बचाया गया

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में स्थित एक कार्यालय में मंगलवार को आग लग गई, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने चार लोगों को बचाया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। दमकल विभाग के अनुसार, आग लगने की सूचना करीब साढ़े बारह बजे मिली। जनकपुरी पुलिस थाने के निकट स्थित कीर्ती शिखर टावर की 11 वीं मंजिल पर यह आग लगी। अधिकरियों ने बताया कि कुल 11 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद एक बज कर करीब 50 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### केंद्र से जीएसटी कम करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर प्रतिबंधित एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के विकल्पों और उनके कच्चे माल पर जीएसटी दरों में कटौती किए जाने की मांग की। राय ने कहा कि एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक (एसयूपी) वस्तुओं के उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं को उच्च जीएसटी दर के कारण स्थाई विकल्पों को अपनाने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि एसयूपी वस्तुओं के विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता के साथ, यह महत्वपूर्ण है कि एसयूपी वस्तुओं के विकल्पों और उनके कच्चे माल पर जीएसटी दरों को कम किया जाए। यह कुछ हद तक, उपयोगकर्ताओं और निर्माताओं के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करेगा।

### पीपीसीए चार्ज वृद्धि पर चढ़ा सियासी पारा




**नई दिल्ली।** बिजली बिल पर पावर परचेज एडजेस्टमेंट कॉस्ट (पीपीसीए) बढ़ाए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरा है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से बढ़ाया पीपीसीए चार्ज वापस लेने की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया कि बिजली बिल के चारों कंपोनेंट में चार्ज निजी हितों को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया गया है। रामवीर सिंह बिधूड़ी और रमेश बिधूड़ी ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली वालों को मुफ्त बिजली का वायदा कर जिस तरह से ऊर्जा और खरीद दरों में बढ़ोतरी की है। उसकी दूसरी मिसाल मिलना कठिन है।

### एमसीडी स्वनिधि महोत्सव का कर रहा आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेहड़ी पटरी वालों के लिए शुरू की गई स्वनिधि योजना को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी क्षेत्र द्वारा आरकेपुरम सेक्टर-6 स्थित निगम प्राथमिक सह-शिक्षा विद्यालय में बुधवार को स्वनिधि महोत्सव का करेगा। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे स्वनिधि महोत्सव का आयोजन उपरोक्त विद्यालय में शाम 4 बजे से लेकर 8 बजे तक किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम सभी टाउन वेंडिंग कमेटियों एवं विक्रेताओं को इस महोत्सव में आमंत्रित किया है। इसका मकसद स्वावलंबी रेहड़ी पटरी वालों का सम्मान करना है। इस महोत्सव के प्रमुख आकर्षण लोन मेले का आयोजन कर रेहड़ी पटरी वालों को आसान ऋण उपलब्ध कराना है।

# धौला कुआं से आईजीआई तक सौन्दर्यीकरण शुरू

- एलजी ने किया उद्घाटन, पहले चरण का काम 15 अगस्त तक पूरा करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



धौला कुआं से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और गुरुग्राम की तरफ जाने वाली सड़क किनारे सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो गया है। यह कार्य दिल्ल नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किया जाएगा। इसकी परिकल्पना उपराज्यपाल द्वारा 26 मई को कार्यभार संभालने के तुरंत बाद क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिये गये निर्देशों के मुताबिक किया गया है।

उपराज्यपाल ने अपने उक्त दौरे के दौरान अधिकारियों को पूरे मार्ग का एक समान डिजाईन एवं सभी मौसम वाले फूल पौधों द्वारा सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करने को कहा था। यह सड़क राजधानी में आने वाले सभी आगंतुकों, यात्रियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल होती है और इसका सौंदर्यीकरण उन सबको आकार्षित कर सकेगा।

उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को इस कार्य के पहले चरण को 15 अगस्त तक पूरा करने को कहा तथा शेष कार्यों को नवम्बर तक पूरा करने का आदेश दिया है कि ताकि यह पूरी परियोजना देश भर में चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बन सके।

एलजी ने फुटपाथों की मरम्मत व रखरखाव तथा कूड़ा हटाने का कार्य यदा-कदा न करके निरंतर करते रहने के निर्देश दिए एवं जल बोर्ड को बागवानी के लिए उचित मात्रा में एसटीपी का रिसाइकिल्ड पानी उपलब्ध कराने को कहा। सक्सेना ने इस बात पर भी जोर दिया कि हवाई अड्डे तक का 7 किलोमीटर के पूरे खंड का समान रूप से विभिन्न प्रकार एवं ऊंचाई के पौधों के साथ सौन्दर्यीकरण किया जाए। उन्होंने मौजूदा पेड़ों की छंटाई में एकरूपता अपनाने के भी निर्देश दिए।

# कांवड़ यात्रा के लिए किए गए सुरक्षा व यातायात इंतजाम

- पुलिस के अनुसार 21 जुलाई के बाद कांवड़ियों की आवाजाही बढ़ने की संभावना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को कहा कि 14 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा से पहले पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 14 से 26 जुलाई तक सुरक्षा एवं यातायात के लिए विशेष इंतजाम रहेगा क्योंकि 21 जुलाई के बाद कांवड़िए की आवाजाही बढ़ने की संभावना है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, तैयारियां की जा रही हैं। कुछ ऐसे खास मार्ग हैं जो कांवडियों के लिए समर्पित किए गए हैं। कांवड़ियों के लिए कुल 338 शिविर लगाए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि मोटरचालकों और अन्य यात्रियों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए तथा निर्धारित सड़क लेन में चलना चाहिए। पुलिस ने ट्वीट किया कि यात्रा को और सुरक्षित एवं आसान बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए दिल्ली पुलिस ने पहली बार यात्री पंजीकरण प्रणाली बनाई है। यात्रियों का ब्योरा मिलने से किसी जरूरत की स्थिति में त्वरित मदद प्रदान कर पाना आसान हो जाएगा।

# दिल्ली मेट्रो जल्द शुरू करेगी पहली ई-ऑटो सेवा

- द्वारका सेक्टर-9 के स्टेशन से 50 वाहनों से की जाएगी शुरूआत



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी में अपनी पहली ई-ऑटो सेवा शुरू करेगी और द्वारका सेक्टर-9 स्टेशन से ऐसे 50 वाहनों की शुरुआत की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य यात्रियों के लिए अंतिम छोर तक सम्पर्क को बढ़ावा देना है। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। अधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय इसलिए भी लिया गया है क्योंकि दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) अपनी फीडर बसों का संचालन कम उपयोग के कारण कम व्यवहारिक पा रही है।

डीएमआरसी प्रमुख विकास कुमार ने कहा कि ई-ऑटो सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी, सबसे पहले यह द्वारका के लिए शुरू होगी। ऐसे 50 ई-ऑटो द्वारका सेक्टर-9 स्टेशन से शुरू किए जाएंगे और कुल 136 ऐसे ऑटो वहां चलेंगे। यह मेट्रो यात्रियों के लिए अंतिम छोर तक सम्पर्क को बढ़ावा देने के लिए एक कदम है।

कुमार ने कहा कि आंतरिक क्षेत्रों में डीएमआरसी फीडर बसें चलाना कम उपयोग के कारण कम व्यवहारिक है। अब योजना यह है कि डीएमआरसी फीडर बसों को संचालन परिवहन विभाग द्वारा लिया जाएगा।

द्वारका के लिए 136 ई-ऑटो की योजना बनाई गई है, अन्य 663 ई-ऑटो बाद में विभिन्न क्षेत्रों में धीरे-धीरे शुरू किए जाएंगे। 50 ई-ऑटो का पहला बेड़ा अगस्त के पहले सप्ताह में द्वारका सेक्टर-9 स्टेशन से शुरू होने की उम्मीद है।

## जुबैर की जमानत याचिका पर 14 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत मंगलवार को ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की जमानत याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमत हुई।

वहीं उच्चतम न्यायालय ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में सीतापुर में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में आरोपी ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर की अंतरिम जमानत अवधि मंगलवार को अगले आदेश तक बढ़ा दी है।

उच्च न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुमार जांगला ने मामले की सुनवाई को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया। मामले में विस्तृत जिरह के लिए समय मांगा था। सुनवाई में शामिल हुए विशेष लोक अभियोजक अतुल ने अदालत से मामले को स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि जुबैर के खिलाफ दायर अन्य मुकदमों पर मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होनी है।

# सीयूईटी की तैयारी के लिए छात्रों को मिलेगी मुफ्त कोचिंग



- उपमुख्यमंत्री ने प्रवेश परीक्षा से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए छात्रों के साथ की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) करीब आने के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) सहित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिला चाहने वाले छात्रों की शिकायत है कि उन्हें परीक्षा के नए स्वरूप के बारे में जानकारी नहीं है।

साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) या सीयूईटी-यूजी का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) 15 जुलाइ से 10 अगस्त तक करेगी। सीयूईटी के प्रथम संस्करण के लिए 11 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है।

छात्रों का हालांकि कहना है कि एनटीए ने सीयूईटी स्नातक के लिए सोमवार को प्रवेश कार्ड जारी किया है, जो काफी देर से किया है। राम्या शुक्ला डीयू में दाखिला चाहती हैं। राम्या का कहना है कि परीक्षा के स्वरूप को लेकर छात्रों में घबराहट है। उन्होंने कहा कि हम नहीं जानते हैं कि परीक्षा में क्या आएगा, हमें क्या पढ़ना चाहिए, क्या नहीं पढ़ना चाहिए।


## सार्वजनिक सूचना

### रिजक्राफ्ट होम्स प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, नेक्स्ट डोर, यू-ब्लॉक, बीपीटीपी पार्कलेण्डस, सैक्टर-76, फरीदाबाद, हरियाणा – 121001 • वेबसाइटः www.ridgecraft.in

यह सार्वजनिक सूचना निदेशक टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़ (''डीटीसीपी'') द्वारा जारी मीमो नंबर एलसी-3846-एडी (एनके)-2022/18972 दिनांक 06-07-2022 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

यह कि रिजक्राफ्ट होम्स प्राइवेट लिमिटेड डीडीजेएवाई, 2016 के तहत डीटीसीपी द्वारा दिये गये लाइसेन्स संख्या 81/2019, दिनांक 30-07-2019 के प्रावधानों के अनुसार सैक्टर-86, फरीदाबाद में 7.7625 एकड़ भूमि पर अफोर्डेबल आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी विकसित कर रही है।

यह कि उक्त कॉलोनी के लिए पहले स्वीकृत लेआउट प्लान ड्राइंग नं0 डीटीसीपी-7237, दिनांक 13-11-2019 को अब संशोधित करने का प्रस्ताव है।

यह कि निदेशक टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़ के कार्यालय द्वारा जारी मीमो नंबर एलसी-3846-एडी (एनके)-2022/18972 दिनांक 06-07-2022 के तहत लेआउट प्लान में इस तरह के संशोधन की अनुमति के लिए मौजूदा आवंटियों से लेआउट प्लान में इस तरह के संशोधन के सम्बन्ध में आपत्तियां मांगा जाना आवश्यक है।

तद्नुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से लाइसेन्स संख्या 81/2019 के प्रावधानों के अनुसार सैक्टर-86, फरीदाबाद में 7.7625 एकड़ भूमि पर विकसित होनी वाली डीडीजेएवाई कॉलोनी के आवंटियों से लेआउट प्लान के प्रस्तावित संशोधन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। पहले से स्वीकृत लेआउट प्लान की एक प्रति ड्राइंग नं0 डीटीसीपी-7237, दिनांक 13-11-2019 और संशोधित ''सैद्धान्तिक रूप से'' मंजूर मीमो नंबर एलसी-3846-एडी (एनके)-2022/18972 दिनांक 06-07-2022 साथ में ड्राइंग नं0 डीटीसीपी-8452, दिनांक 07-07-2022 जोकि हमारी वेबसाइट www.ridgecraft.in पर अवलोकन के लिए उपलब्ध है। उक्त लेआउट प्लान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय तृतीय तल, नेक्स्ट डोर, यू-ब्लॉक, बीपीटीपी पार्कलेण्डस, सैक्टर-76, फरीदाबाद, हरियाणा – 121001 के साथ-साथ जिला टाउन प्लानर (योजना), एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सैक्टर-12, फरीदाबाद के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

किसी भी आवंटी को संशोधित लेआउट प्लान पर कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर जिला टाउन प्लानर (योजना), एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सैक्टर-12, फरीदाबाद के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। यदि 30 दिनों की अवधि के भीतर उक्त कॉलोनी के संशोधित लेआउट प्लान पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो ऐसी स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि उक्त कॉलोनी के संशोधित लेआउट प्लान पर किसी को भी कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 12.07.2022

रोहित मोहन
कृते मैसर्स डिजाईनर रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिीत में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | वोग क्राफ्ट्स एंड डिज़ाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्ज़दार), श्री भूपेश महाजन (सह कर्ज़दार), रविंदर लाल महाजन (सह कर्ज़दार) LBDEL00003154946, LBDEL00005317157, LBDEL00003163987 | फ्लैट नंबर बी-63, छठी मंजिल, मॉडिस्ट केतकी को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, प्लॉट नंबर 8बी, सेक्टर-11 द्वारका, दिल्ली 110075 क्षेत्रफल- 100 वर्ग मीटर | रू. 1,97,37, 150 (जुलाई 02, 2022 तक) | रू. 1,90,00,000/- / रू. 19,00,000/- | जुलाई 20, 2022 को दो.02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 04, 2022 को सु. 11:00 बजे स |
| 2. | श्री सुनील कुमार त्रिपाठी (कर्ज़दार), श्री रमा एस त्रिपाठी (सह कर्ज़दार) 244805000856 | एस-4, द्वितीय तल, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016 क्षेत्रफल- 1215 वर्ग फुट | रू. 2,03,32,738/- (जुलाई 02, 2022 तक) | रू. 3,35,00,000/- / रू. 35,50,000/- | जुलाई 21, 2022 को दो.02:00 बजे से दो. 04:00 बजे तक | अगस्त 04, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **अगस्त 03, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **अगस्त 03, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **अगस्त 03, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **"आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेडे** को फोन नंबर **8657476284** या **मेसस नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**" इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : जुलाई 13, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

Mahindra HOME FINANCE

महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

कब्जा सूचना

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी-2/बी-70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
शाखा कार्यालय : बिल्डिंग नंबर 139-141, तृतीय तल, मंगल पांडे नगर, मेरठ-250001, निकट पंजाब नैशनल बैंक
शाखा कार्यालय : 1, ग्रेटर नोएडा, अल्फा-1 कॉमर्शियल बेल्ट, ब्लॉक ई, अल्फा-1, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201310
शाखा कार्यालय : एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट और पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में और शाखा कार्यालय लखनऊ में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा इस 7 तारीख को ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर 1265133 मेरठ शाखा) मोहम्मद कादीर (कर्जदार) सबीना (सह-कर्जदार) मोहम्मद वसी (गारंटर) | प्लॉट नंबर 1003 का भाग, खसरा नंबर 786, मोहल्ला भगवतपुरा, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002 पूरब :- रास्ता 1फीट चौड़ा, पश्चिम :- सलीम की सम्पत्ति, उत्तर :- स्वामी की सम्पत्ति, दक्षिण :- अन्य का प्लॉट | 23-02-2022 रू. 16,77,894/- | 08-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 2. | (एलसी नंबर 528805 मेरठ शाखा) हिमांशु कुमार (कर्जदार) दुर्गा प्रसाद, शीला देवी (सह-कर्जदार) | 266/2, जाग्रति विहार योजना नंबर 06, गढ़ रोड, मेरठ -250004, -250004, मेरठ पूरब : मकान नंबर 267/2, पश्चिम : मकान नंबर 265/2 धामजी, उत्तर : रास्ता 12 एमटी चौड़ा, दक्षिण : ईडब्ल्यूएस मकान, | 23-02-2022 रू. 17,14,057/- | 07-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 3. | (एलसी नंबर 507949 मेरठ शाखा) संगीता देवी (कर्जदार) प्रमोद कुमार (सह-कर्जदार) | मकान नंबर 110, खसरा नंबर 292, रामा गार्डन, ग्राम मुरलीपुर गुलाबा, जिला मेरठ, मेरठ - 250001 - 250001 - मेरठ पूरब : मोहित चौहान का मकान नंबर 11, पश्चिम : प्लॉट नंबर 99, उत्तर : रास्ता 20 चौड़ा, दक्षिण : खेत हरप्रसाद, | 23-02-2022 रू. 18,53,316/- | 07-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 4. | (एलसी नंबर 742276 मेरठ शाखा) शफीकन (कर्जदार) रोशन, आसिफ (सह-कर्जदार) | प्लॉट नंबर 16, 17, 18 का भाग, खसरा नंबर 2630, खुशाल नगर मेरठ सिटी पिन-250002 60 प्लॉट नंबर 16, 17, 18 का भाग, खसरा नंबर 2630, खुशाल नगर उत्तर प्रदेश, मेरठ -250002 पूरब : रास्ता 20 फीट चौड़ा, पश्चिम : प्लॉट नंबर 25 ,26, 27, उत्तर : मौजूदा प्लॉट का बाकी हिस्सा, दक्षिण : प्लॉट नंबर 16, 17, 18 | 23-02-2022 रू. 8,98,666/- | 08-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 5. | (एलसी नंबर 490070 मेरठ शाखा) सुकरामपाल जगबीर (कर्जदार) विशाल, देशवाल, संतोष, सुकरामपाल (सह-कर्जदार) | प्लॉट नंबर ए-38, खसरा नंबर 57 क एवं 57 ख, विख्यात गणपति विहार, गली नंबर 3/4, राजस्व ग्राम नगलातासी, कासमपुर, परगना जिला मेरठ-250001 पूरब : रास्ता 20 फीट चौड़ा, पश्चिम : प्लॉट नंबर ए-49, उत्तर : प्लॉट नंबर 37, अनुज सोम, दक्षिण : प्लॉट नंबर 39 | 09-03-2022 रू. 9,45,465/- | 09-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 6. | (एलसी नंबर 554904 मेरठ शाखा) इकबाल मोहम्मद (कर्जदार) अंजुम परवीन, मोहम्मद जावेद इकबाल, रिजिया बेगम (सह-कर्जदार) | क्वार्टर नंबर 10 एवं 11, खसरा नंबर 3628, नगर निगम नंबर 365/11 का भाग, गली नंबर 14, जाकिर हुसैन कालोनी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250002 पूरब : अन्य का प्लॉट, पश्चिम : रास्ता 10 फीट चौड़ा, उत्तर : साबिर का क्वार्टर, दक्षिण : हनीफ का मकान | 23-02-2022 रू. 11,80,580/- | 09-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 7. | (एलसी नंबर 638262 मेरठ शाखा) मिथलेश (कर्जदार) बब्बल कुमार, वरूण कुमार (सह-कर्जदार) | खसरा नंबर 1319, जसवंत शुगर मिल, मलियाना, मेरठ उत्तर प्रदेश - 250002 पूरब : प्लॉट नंबर 173, पश्चिम : अन्य का प्लॉट, उत्तर : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : 35 फीट रोड | 23-02-2022 रू. 8,47,538/- | 07-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 8. | (एलसी नंबर 1013390 ग्रेटर नोएडा शाखा) कुंदन कुमार कश्यप (कर्जदार) बबलू कुमार कश्यप (सह-कर्जदार) | प्लॉट नंबर 154, खसरा नंबर 550, सावित्री विहार, सुथियाना, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 पूरब : रोड 18 फीट चौड़ी, पश्चिम : अन्य का प्लॉट, उत्तर : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : रोड 25 फीट | 23-02-2022 रू. 9,55,740/- | 08-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 9. | (एलसी नंबर 1299019 ग्रेटर नोएडा शाखा) कुलदीप शर्मा (कर्जदार) मंजू शर्मा (सह-कर्जदार) | प्लॉट नंबर के-124 सी (एलआईजी) जीएफ, प्रताप विहार सेक्टर-12, निकट संतोष मेडिकल स्टोर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201009 पूरब : प्लॉट नंबर 125, पश्चिम : रोड 40 फीट चौड़ी, उत्तर : रोड 30 फीट चौड़ी, दक्षिण : अन्य प्लॉट | 23-02-2022 रू. 14,89,936/- | 08-07-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 10. | (एलसी नंबर 1315295 गाजियाबाद शाखा) प्रवीण प्रताप शर्मा (कर्जदार) ज्योति शर्मा (सह-कर्जदार) | खाता नंबर 185, खसरा नंबर 647, ग्राम रोजा जलालपुर, दादरी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203207पूरब : खाली प्लॉट, पश्चिम : खाली प्लॉट, उत्तर : रोड 18 फीट चौड़ी, दक्षिण : खाली प्लॉट | 03-01-2022 रू. 11,21,860/- | 08-07-2022 भौतिक कब्जा |
| 11. | (एलसी नंबर 714435 मेरठ शाखा) मोहम्मद इसरार (कर्जदार) इमरत जहां (सह-कर्जदार) | खसरा नंबर 2630, खुशाल नगर, मेरठ सिटी, उत्तर प्रदेश -250002 पूरब : प्लॉट नंबर 32 और 33 सहजाद, पश्चिम : रास्ता 30 फीट चौड़ा, उत्तर : अजहर का प्लॉट, दक्षिण : दिलशाद का प्लॉट | 13-08-2021 रू. 9,99,195/- | 09-07-2022 भौतिक कब्जा |

स्थान : मेरठ, नोएडा, गाजियाबाद तिथि : 13-07-2022 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# जीएमडीए ने शुरू की 22 किमी लंबी मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई

## मॉनसून की आहट

### 15 किलोमीटर से अधिक लंबी जल निकासी पाइप लाइनों की सफाई और गाद निकालने का काम है प्रगति पर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई करती जीएमडीए की मशीनें।

**मॉनसून** की आहट के साथ ही गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) सक्रियता के साथ मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई में जुट गया है। गुरुग्राम शहर में एक प्रभावी जल निकासी नेटवर्क सुनिश्चित करने के लिए जीएमडीए ने कई स्थानों पर मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई और गाद निकालने के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू की हैं।

मंगलवार को जीएमडीए की 39वीं कोर प्लानिंग सेल की बैठक में द्वारका एक्सप्रेसवे और ग्राम धरमपुर के पास 1.4 किलोमीटर लंबे लेग-2 कैरियर ड्रेन की सफाई और गाद निकालने के प्रस्ताव की सिफारिश की गई, जिसे जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने इस कार्य के संदर्भ में आगे की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ सुधीर राजपाल ने यह भी कहा कि सभी सतही नालों के नियमित रूप से रखरखाव और बरसाती पानी के निकासी के लिए मास्टर ड्रेन के साथ उनका ठीक ढंग से कनेक्शन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मानसून के दौरान मलबा, सूखे पत्ते, कचरा, गाद और अन्य गंदगी नालियों को अवरुद्ध कर देते हैं जो बरसाती पानी निकासी में रुकावट बनते हैं, जिससे सड़कों पर जलभराव हो जाता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए, जीएमडीए द्वारा शहर के मास्टर स्टॉर्म वाटर नालों की सफाई के साथ-साथ पानी की नालियों, सड़क के नाले, नाली के मुहाने आदि की नियमित सफाई से संबंधित व्यापक कार्य किये जा रहे हैं। वर्तमान में शहर में विभिन्न मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेनों की लगभग कुल 6.2 किलोमीटर लंबाई पर चल रहे डिसिल्टिंग यानी गाद निकालने के कार्य में शामिल हैं। सेक्टर डिवाइडिंग रोड 47/49 पर 1.2 किलोमीटर लंबी ड्रेन, सुभाष चौक से मार्बल मार्केट तक 2 किमी लंबी ड्रेन, वाटिका चौक से शीशपाल विहार तक 1.7 किलोमीटर लंबी ड्रेन, शीशपाल विहार से टिकरी गांव तक 420 मीटर लंबे नाले और टिकरी गांव से सुभाष चौक तक 900 मीटर लंबे नाले की गाद निकालने की परियोजनाएं प्रगति पर हैं और जल्द ही पूरी हो जाएंगी।

जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह ने बताया कि तीन और नई परियोजनाएं भी पाइपलाइन में शामिल है, जिनमें निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। काम आवंटित होने को है। इनमें सेक्टर-49/50, 51/52 और 52/57, 50/51 और 51/57 के सेक्टर डिवाइडिंग रोड पर कुल 6.4 किलोमीटर तक नालों की गाद निकालना शामिल है। इन हिस्सों पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# इस साल अब तक 452 महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर से मिली मदद

**गुरुग्राम।** यहां सिविल लाइन्स में स्थापित किया गया वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर घरेलू हिंसा व दुष्कर्म की शिकार महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। पीड़ित महिलाओं की मदद करने के उद्देश्य से स्थापित किए गए इस सेंटर को लेकर महिलाओं में जागरूकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी माह से लेकर अब तक वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 452 महिलाओं ने इस सेंटर में दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाया।

## वन स्टॉप सेंटर जरूरतमंद महिलाओं के लिए बना वरदान

हाल ही में सामने आए मामले में केन्द्र द्वारा एक पीड़ित महिला की नौकरी भी लगवाई गई। महिला हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त हुई शिकायत के बाद सेंटर में कार्यरत स्टॉफ द्वारा महिला से संपर्क किया गया। शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि वह झारखंड की रहने वाली है और यहां एजेंट द्वारा नौकरी का झांसा देकर लाई गई थी। हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत प्राप्त होने उपरांत महिला को वन स्टॉप सेंटर लाया गया। महिला ने बताया कि वह झारखंड की रहने वाली है और यहां किसी एजेंट द्वारा नौकरी का झांसा देकर लाई गई। यहां पर कई दिनों तक भटकने के बाद उसने सेक्टर-53 स्थित महिला थाना में संपर्क किया। वन स्टॉप सेंटर की संचालिका पिंकी तथा पुलिसकर्मियों की मदद से महिला के घरवालों से संपर्क किया गया। उन्हें महिला के बारे में जानकारी दी गई। महिला ने सेंटर संचालिका से यहीं नौकरी करने की इच्छा जाहिर की। जिसके बाद एनजीओ तथा कंपनी आदि की मदद से महिला को फरीदाबाद में उसकी इच्छानुसार नौकरी दिलवाई गई। इस प्रकार वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिला की मदद करते हुए उसकी आजीविका के साधन जुटाने में मदद की गई।

जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि घरेलू हिंसा व दुष्कर्म की शिकार महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक व मानसिक तौर पर सशक्त बनाने व उनकी मदद के लिए ये सेंटर प्रत्येक जिले में खोले गए हैं। यहां महिलाओं को स्वास्थ्य, वैधानिक, पुनर्वास, कामकाज के साथ ही उनकी काउंसलिंग करते हुए उन्हें मानसिक तौर पर सशक्त बनाने का प्रयास किया जाता है।

# सीजेएम ने पेपर बैग बांटकर मनाया वर्ल्ड पेपर बैग दिवस

**गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के दृष्टिगत नालसा के तत्वावधान में गुरुग्राम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने मंगलवार को विश्व पेपर बैग दिवस मनाया। जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से कोर्ट परिसर में पेपर बैग बांटकर लोगों को प्लास्टिक थैलियों की बजाय पेपर बैग का इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक किया।



जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि बाजार में रोजमर्रा की खरीदारी में सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल होता है, लेकिन इन थैलियों की रीसाइकिल आसानी से नहीं हो पाती। जिसकी वजह से ये आज प्रदूषण की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। देश में सिंगल यूज प्लास्टिक बैग्स को बैन को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को डीएलएसए गुरुग्राम द्वारा वर्ल्ड पेपर बैग दिवस पर आमजन को पेपर बैग वितरित किए। कोर्ट परिसर में पेपर बैग के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# पुण्य कार्य में लगाया पैसा ढाल बनकर करता है रक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**चतुर्दशी** के दिन परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महाराज ने ससंघ चातुर्मास के लिए आंतरिक क्रियाएं की। उन्होंने चातुर्मास के जरिए 4 महीने समाज कल्याण के लिए शुरू करने पर भी प्रवचन दिए।

मुनिश्री विहर्ष सागर जी ने अपने प्रवचन में कहा कि आप लोग अपने धन को किसी पुण्य कार्य में नहीं लगा पाते अगर कोई बीमारी आती है तो अस्पताल के नाम पर आप हजारों लाखों रुपया खर्च कर देते हैं। अगर वही पैसा आपको मंदिर में लगाना पड़े तो आप लोग सोचने लग जाते हैं।


गुरुग्राम में प्रवचन करते जैन मुनिश्री विहर्ष सागर जी महाराज।

अगर आप अपनी मेहनत की कमाई का पैसा पुण्य कार्य में लगाएं तो वही पैसा आपके जीवन में एक ढाल की तरह कार्य करता है। जो आपको आने वाली अनहोनी से रोकता है। मुनि श्री ने आगे कहा कि हर घर में आधी-व्याधि, बीमारी, दुख, तकलीफ आदि दिक्कतें घर-घर चलती रहती हैं। कुछ प्रोफेशनल लोग आपसे 5000-10000 राशि में आपको मोटिवेशनल क्लास देते हैं। मगर आप को डरने की जरूरत नहीं है। मुनि श्री ने कहा कि अब हम आपके गुरुग्राम में पधार चुके हैं। चार महीने ज्ञान की गंगा बहेगी। जितना बटोर सकते बटोर लो। मुनिश्री ने कहा कि आप अपने बच्चों को देव दर्शन और गुरु भक्ति के लिए लेकर आए, जिससे कि वह सही राह पर चल सकें। आपके घर में सुख शांति बनी रहे। चार महीने चातुर्मास के अंदर आप सभी को धर्म की क्लास दी जाएगी। मोटिवेशन क्लासेज दी जाएगी कि आपको अपने परिवार की रक्षा कैसे करनी है। यह बिल्कुल निशुल्क होगा। जैन मुनि कभी किसी से कुछ नहीं लेते। सिर्फ अपना आशीर्वाद देते हैं और आपको अच्छी राह दिखाते हैं। चातुर्मास की कलश स्थापना और गुरु पूर्णिमा 17 जुलाई को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें पूरे भारतवर्ष से अलग-अलग शहरों से लोग पधारेंगे।

बता दें कि जैन मुनि साल में तीन से चार बार सिर के और दाढ़ी के बाल हाथों से खींच कर निकालते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरु का स्थान सर्वोपरि



**नई दिल्ली।** गुरु का स्थान सर्वोपरि है और तब जब गुरु रतन टाटा सर हों तो आपका चमकना लाजिमी है। जब भी रतन टाटा सर से मिलता हूं प्रेरणा से लद जाता हूं। जिंदगी में आप खुद को समृद्ध पाएंगे जब ऐसे गुरु का आशीर्वाद मिलता रहे। उनकी मुस्कान मेरे लिए हौसला अफजाई का कारण है। सबको अपने जीवन में ऐसे महान व्यक्तित्व का आशीष मिले। एक बात हमेशा ध्यान में रखें अपने से बड़ों का हाथ पकड़े रहें, उसकी परछाई का अनुसरण करें, निश्चित रूप से आप हमेशा कुछ अच्छा करेंगे और बड़ा पाएंगे। आपकी संगति से आप बनते हैं। रतन टाटा सर के अनुभव को समेटना ग्रंथों में सम्भव नहीं। उनका सानिध्य मुझे विनम्र, सदाचारी, दूरदृष्टि प्रदान करता है। दीर्घायु हों रतन सर।

## राजीव गांधी पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा : एसडीएम

**सोहना।** नगर परिषद राजीव गांधी पार्क के सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपये खर्च करेगी। सौंदर्यीकरण के दौरान पार्क में लगी लाइटों से लेकर खराब रास्ते, बिजली के तार और पार्क के बीच बैठने के स्थल को सुधारा जाएगा। शहर की सामाजिक संस्था द्वारा पिछले करीब एक माह से राजीव गांधी पार्क की समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष बार-बार रखी रही थीं। सामाजिक संगठन ने पहले नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों को और फिर एसडीएम से पार्क दुर्दशा बयान की थी। सोमवार को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने राजीव गांधी पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी और सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को पार्क में फैली समस्याएं एक बाद एक गिनाईं। जिस पर संज्ञान लेते हुए जितेन्द्र गर्ग ने मौके पर मौजूद नगर परिषद के एसडीओ राजपाल खटाना समेत अन्य अधिकारियों को पार्क का फिर से सौंदर्यीकरण कराने के आदेश जारी कर दिए। परिषद के अधिकारी राजपाल खटाना ने बताया कि पार्क के सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपये खर्च करने का बजट बनाया है। जिसका टेंडर लगा दिया है। टेंडर 26 जुलाई को खुलेगा। एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने बताया कि शहर के सभी पार्कों को अच्छा सुन्दर सजाया व बनाया जाएगा। बारिश के मौसम में पार्कों में पौधारोपण किया जाएगा। जिससे पार्क पूरे साल हरे-भरे रहें। यहां आने वाले नागरिकों को आना और उन्हें अपना शारिरीक क्षमता बढ़ाने के लिए योगाभ्यास करने की सुविधा भी दी जाएगी।

## न्यू पालम विहार में हुआ चतुर्थ द्वादसी संकीर्तन महोत्सव



**गुरुग्राम।** श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन के तत्वावधान में चतुर्थ द्वादसी संकीर्तन महोत्सव न्यू पालम विहार में चतुर्थ द्वादसी संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्याम भक्तों ने शिरकत की और बाबा का आशीर्वाद लिया। श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन का उद्देश्य है कि वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने के साथ अपनी संस्कृति की तरफ भी बढ़ती हुई नई पीढ़ी को जोड़े। इसलिए समय-समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। श्री श्याम परिवार फॉउंडेशन द्वारा हर द्वादसी को इच्छुक परिवारों के घर पर निशुल्क श्रीश्याम बाबा का संकीर्तन किया जाता है। पालम विहार में हुए संकीर्तन में भजन गायक शुभम ठाकरान, जीतू माली, हेमन्त भारद्वाज, युवी सैनी व हर्ष सैनी के द्वारा बाबा के भजनों की अमृत वर्षा की गई। संकीर्तन में संस्था के सदस्य नितिन अग्रवाल, नितिन गोयल, नितिन गर्ग, तुषार व पुनीत अग्रवाल उपस्थित रहे।

## तीन महीने पहले लाइन डालने को तोड़ी सड़क अब तक नहीं बनाई

**गुरुग्राम।** यहां पटेल नगर में करीब तीन महीने पहले डाली गई पाइप लाइन के बाद ना तो सड़क बनाई गई है और ना ही यहां से मलबा उठाया गया है।



इस कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। पटेल नगर सुधार मंडल के प्रधान दीपचंद का कहना है कि इस बारे में कई बार ठेकेदार को कहा गया, लेकिन उनसे मलबा नहीं उठाया। जब जेई से बात की गई तो उन्होंने भी आश्वासन देने के बाद फोन उठाना बंद कर दिया। दीपचंद के मुताबिक तीन महीने पहले यहां पानी की पाइन लाइन डाली गई थी। इसके लिए सड़क को खोदा गया था। पाइन लाइन डालने के बाद काफी मलबा सड़क पर ही छोड़ दिया गया। काम पूरा होने के बाद सड़क भी बनाई जानी थी, लेकिन बार-बार कहने के बाद भी ना तो सड़क ही बनाई गई और ना ही यहां से मलबा उठाया गया। पहले तो ठेकेदार ने कई दिन तक काम करने की हां की गई। इसके बाद उसने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। उसके बाद जब जेई से बात की गई तो उन्होंने भी आश्वासन दिया, लेकिन काम नहीं करवाया। प्रधान दीपचंद के अलावा पटेल नगर से पहलाद सिंह, सुनील सिंह, सतीश चंद रस्तोगी, लक्ष्मी नारायण शर्मा का कहना है कि इस समस्या की एक्सईएन को भी जानकारी दी गई। लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है। उन्होंने यह भी बताया कि पटेल नगर में छह पूजा के लिए एक तालाब बनवाया गया था। उसकी दीवार भी तोड़ दी गई, लेकिन बनाई नहीं। जबकि ठेकेदार ने कहा था कि लाइन डालने दो, फिर उसे ठीक करवा देंगे।

# समाजसेवा के लिए रविंद्र जैन और मुकेश शर्मा सम्मानित

## रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

लम्बे समय से व्यक्तिगत और संस्थाओं के माध्यम से समाजसेवा के कार्यों में जुटे रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन और प्रधान मुकेश शर्मा को यहां जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सम्मानित किया गया। अक्षय तृतीया पर उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास में वाटर कूलर भी लगवाया था। जिसकी देखरेख करते हुए उन्होंने अब वाटर कूलर पर शेड भी बनवाया है।

कोरोना काल में भी रविंद्र जैन ने अपनी टीम के साथ लोगों की खूब सेवा की थी। इससे पहले और अब तक भी वे समाजसेवा में निरंतर लगे रहते हैं। चाहे किसी को रक्त की जरूरत हो, दिव्यांगों को तिपहिया साइकिल या अन्य उपकरणों की जरूरत हो, वे सदैव लोगों की सहायता के लिए खड़े मिलते हैं। राष्ट्र संत तरुण सागर के 55वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर पक्षी बचाव अभियान भी चलाया। प्रचंड गर्मी में उन्होंने पक्षियों के लिए आशियाने और दाना-पानी घोंसले जगह-जगह पर लगवाए। इसके साथ ही पर्यावरण की स्वच्छता के लिए पौधारोपण भी उनकी ओर से किया जा रहा है। वे हर उस काम से जुड़े हैं, जो मानव और प्रकृति के हित का है।


गुरुग्राम में समाजसेवी रविंद्र जैन और मुकेश शर्मा को सम्मानित करते रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार।

उनके समाज में दिए जा रहे योगदान को देखते हुए रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार की ओर से उन्हें कार्यालय में आमंत्रित करके सम्मानित किया गया। विकास कुमार ने कहा कि समाज को ऐसे लोगों की सख्त जरूरत है, जो बिना किसी स्वार्थ के समाजसेवा करें। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने कहा कि रोटरी क्लब का सदा ही सहयोग रहता है। उन्होंने वाटर कूलर लगवाने के लिए रविंद्र जैन का धन्यवाद किया।

# वन विभाग ने किए 40 हजार पौधे वितरण

एन रोहिल्ला। सोहना

**बरसात** की दस्तक के साथ ही पौधों की मांग बढ़ने लगी है। वन विभाग इस वर्ष अब तक करीब 40 हजार पौधे वितरण कर चुका है। वन विभाग का लक्ष्य इस बार डेढ़ लाख के लगभग पौधे बांटने का है।

मानसून ने लगभग क्षेत्र में दस्तक दे दी है। सोहना के आस पास लगते शहर गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, मानेसर, दिल्ली में बीते तीन दिन में बारिश हुई है। बारिश की शुरुआत के साथ ही पौधारोपण का कार्य भी शुरू हो गया है। किसानों से लेकर आम नागरिक, सामाजिक संगठन और सरकारी विभागों में पौधारोपण करना भी आरंभ हो गया है। धीरे-धीरे वन विभाग के पास पौधे लेने वालों की लाइन लंबी होने लगी है। बीते लगभग डेढ़ माह में वन विभाग करीब 40 हजार पौधे वितरण कर चुका है। जिसमें 30 से 35 प्रकार के पौधे शामिल हैं।


सोहना स्थित वन विभाग की नर्सरी से पौधे लेकर जाते हुए।

**औषधीय पौधों की मांग बढ़ी** : वन विभाग ने वर्ष 2020-21 से औषधीय पौधों की पौध बनाने पर जोर दिया है। इस वर्ष वन विभाग ने पांच हजार औषधीय पौधे तैयार किए हैं। जिनमें ऑक्सीजन देने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके अलावा शरीर की शारीरिक क्षमता को बढ़ाने वाले, दवाइयों के रूप में फल और तना का उपयोग होने वाले पौधे शामिल हैं। जिन्हें किसान से लेकर आम नागरिक, सरकारी विभाग और सामाजिक संस्थाओं को वितरण किया जा रहा है।

### विभाग भी लगाएगा पौधे

वन विभाग के रेंज अधिकारी संजय यादव ने बताया कि वन विभाग ग्राम पंचायतों से लेकर अरावली पहाड़ी और सार्वजनिक स्थानों पर अपनी तरफ से पौधारोपण करेगा। इसके अलावा वन विभाग के अधीन आने वाली सड़कों के किनारे पौधारोपण होगा। ताकि वाहनों से बढ़ते प्रदूषण को काबू किया जा सके। भोंडसी में स्थित सीआरपीएफ और कादरपुर में स्थित आरसीटी सेंटर समेत खंड की ग्राम पंचायत, सरकारी स्कूल, सरकारी विभाग, किसान और आम नागरिकों को पौधे वितरण किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी पौधो की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# गुरुग्राम में नेशनल साइंस सिटी के लिए जमीन की तलाश शुरू

## देश की चौथी साइंस सिटी गुरुग्राम में होगी विकसित

## अभी तक देश में कलकता, जालंधर और अहमदाबाद में हैं साइंस सिटी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में नेशनल साइंस सिटी के लिए जमीन की तलाश करने को वीडियो कांफ्रेंसिंग से अधिकारियों के साथ मंथन करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

**यह** गुरुग्राम के लिए गौरव की बात है कि यहां पर देश की चौथी नेशनल साइंस सिटी विकसित की जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस नेशनल साइंस सिटी को अस्तित्व में लाएंगी। एनसीआर के लिए विकसित की जाने वाले इस साइंस सिटी के लिए जगह चिन्हित करने की प्रक्रिया भी शुरू हो रही है। इसके लिए हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने मंगलवार को अधिकारियों से मंत्रणा की।

साइंस सिटी विकसित करने के लिए विचार विमर्श के दौरान दो गुरुग्राम में दो स्थानों पहला पुराना दिल्ली रोड स्थित आईडीपीएल प्लांट की जगह और दूसरी मानेसर के पास हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (एचएसआइआईडीसी) द्वारा अधिग्रहित भूमि का निरीक्षण करने पर सहमति बनी। यह साइंस सिटी लगभग 50 एकड़ भूमि पर विकसित करने की योजना है। एनसीआर क्षेत्र के लिए विकसित की जाने वाली यह नेशनल साइंस सिटी कोलकाता की साइंस सिटी से भी बेहतर होगी। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने नेशनल साइंस सिटी गुरुग्राम में विकसित करने के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करने को लेकर यह बैठक बुलाई थी। इस बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि आईडीपीएल प्लांट वाली जगह तथा मानेसर के पास एचएसआईआईडीसी की उपलब्ध भूमि का निरीक्षण करने उपरांत अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

इसमें प्रमुखता मानेसर के पास वाली जमीन को दी जा रही है, क्योंकि यह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 (दिल्ली-जयपुर हाईवे) तथा केएमपी एक्सप्रेस-वे पर पड़ती है। जिससे लोगों को वहां पहुंचने में आसानी होगी। गुरुग्राम के अलावा दिल्ली, झज्जर, बहादुरगढ़, रेवाड़ी, नूंह, पलवल, सोनीपत, रोहतक आदि जिलों और यहां तक कि राजस्थान की ओर से भी लोग आकर नेशनल साइंस सिटी का लाभ उठा पाएंगे। मानेसर में साइंस सिटी विकसित होने से उस क्षेत्र का महत्व और बढ़ जाएगा। मानेसर वर्तमान में एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में जाना जाता है और नेशनल साइंस सिटी बनने के बाद उसकी पहचान में एक नया पहलु जुड़ जाएगा। अभी तक देश में कलकता, जलंधर और अहमदाबाद में तीन साइंस सिटी बनी हुई हैं। गुरुग्राम में बनने वाली यह साइंस सिटी देश की चौथी साइंस सिटी होगी और एनसीआर क्षेत्र में पहली। राज्य सरकार के विज्ञान और प्रोद्यौगिकि विभाग, संस्कृति विभाग तथा हरियाणा अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के अधिकारी इसको विकसित करने में शामिल होंगे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के बच्चों व अन्य युवाओं को विज्ञान के बारे में किताबों के साथ साथ व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से साइंस सिटी विकसित की जा रही है, ताकि वे विज्ञान संबंधी तथ्यों को बारिकी से समझ सकें।

### खेल-खेल में मिलेगा विज्ञान व गणित का ज्ञान

**हरियाणा** अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के अधिकारी डा. सुल्तान सिंह ने बताया कि साइंस सिटी मे खेल-खेल में विज्ञान व गणित के व्यवहारिक ज्ञान को सिखाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक संख्या में बच्चे व अन्य लोग वहां पहुंचकर विज्ञान संबंधी अपने संशयों को दूर कर सकें। इसमें एक बड़ा साइंस म्यूजियम बनाया जाएगा जिसमें साइंस गैलरी, थीम बेस्ड गैलरी, विज्ञान के अलग-अलग साईंटिफिक प्रिंसीपल, डिजीटल प्रणाली, गणित संबंधी विषयों सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इसमें किसी भी विषय को समझने संबंधी व्यवहारिक ज्ञान देने पर बल दिया जाएगा। कक्षाओं में दिया जाने वाला ज्ञान केवल किताबी ज्ञान होता है, जबकि साइंस सिटी में किताबी ज्ञान का प्रेक्टिकल डैमोस्ट्रेशन करके दिखाया जाएगा। साइंस सिटी की खास बात यह है कि इसमें केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि महाविद्यालयों व युनिवर्सिटी के बच्चों व आम आदमी भी विज्ञान को आसानी से समझ सकता है।

# एग्रीगेटर्स के चलते बढ़ रहा है ओटीटी मार्केट, दर्शकों को मिल रहे हैं ओरिजिनल कंटेंट देखने के कई विकल्प

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** ओवर द टॉप (ओटीटी) बाजार में आज 55 से अधिक वीडियो मनोरंजन ऐप मौजूद हैं और इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। बाजार में इतने सारे विकल्प मौजूद होने से भारतीय ओटीटी ग्राहकों के सामने कई वीडियो सब्सक्रिप्शन सर्विस की मेम्बरशिप लेना आर्थिक रूप से थोड़ा कठिन तो है ही, साथ ही इनकी मेम्बरशिप मैनेज करना भी टेढ़ी खीर है। इसका समाधान निकालने के लिए एक क्लिक के जरिये से कई ओटीटी प्लेटफार्मों की सदस्यता का परेशानी मुक्त अनुभव देने के लिए ओटीटी एग्रीगेटर्स प्लेटफॉर्म सामने आ रहे हैं।

इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का भी मानना है कि कई ओटीटी एप्स की बंडलिंग से ग्राहकों तक बड़ी संख्या में आसानी से कंटेंट पहुंचाना में मदद मिलती है, साथ ही यह छोटे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए भी एक वरदान के रूप में सामने आया है, जो तकनीकी और वित्तीय कारणों से बड़े यूजर बेस तक नहीं पहुंचा पाते थे। एयरटेल एक्सस्ट्रीम और टाटा प्ले जैसे ओटीटी एग्रीगेटर्स बड़ी संख्या में ग्राहकों तक पहुंचने और कंटेंट की उनकी जरूरतों को पूरा करने में अपनी का भरपूर सहयोग दे रहे हैं।



एग्रीगेटर्स के मैदान में आने से बिना वितरण की चिंता किये बड़ी संख्या में ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए ओटीटी कारोबार में आने के अवसर खुलेंगे जो ओरिजिनल कंटेंट में विविधता दे पाएंगे। ओटीटी उद्योग 2030 तक .15 बिलियन का होने वाला है, विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से ओटीटी ऐप पर टीवी शो और फिल्मों की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग लगातार बढ़ रही है। नवीनतम फिक्की-ईवाई मीडिया और मनोरंजन उद्योग की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में 53 मिलियन ओटीटी वीडियो सब्सक्रिप्शन के लिए लगभग 29 मिलियन ग्राहकों ने भुगतान किया गया था, जो कि पूर्व-महामारी परिदृश्य से एक महत्वपूर्ण छलांग है। इस वृद्धि के साथ, ओटीटी उद्योग 2025 तक 2 अरब डॉलर का हो जाएगा। वित्तीय वर्ष 2020 में ओटीटी बाजार का आकार .1.7 बिलियन (वीडियो और ऑडियो दोनों) के दायरे में था। घरेलू स्वतंत्र लेनदेन सलाहकार फर्म आरबीएसए एडवाइजर्स का मानना है कि इस उद्योग में अगले 9-10 वर्षों में 15 अरब डॉलर का उद्योग बनने की क्षमता है। पार्टनर्स एशिया (एमपीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2024 तक 1 बिलियन वीडियो स्क्रीन होंगी, जिसमें 85 प्रतिशत ब्रॉडबैंड रेडी होंगी। किसी ऐसे व्यक्ति के दृष्टिकोण से सोचें जो अपने गृहनगर से दूर किसी दूसरे शहर में रह रहा हो। यह जानते हुए कि उनके पास उन्हें आराम देने के लिए कुछ है, उनके स्थानीय संगीत की आवाज और उनके पसंदीदा भोजन की महक उन्हें एक अज्ञात शहर में जीवन व्यतीत करने में मदद करती है। इसी तरह, सिनेमा और मनोरंजन सामग्री सिर्फ मनोरंजन से कहीं ज्यादा प्रभाव डालती है, यह संस्कृति, लोगों और रीति-रिवाजों के साथ एक अनदेखा बंधन बनाती है, खासकर भारत जैसे विविधता वाले देश में। क्षेत्रीय कंटेंट प्रोवाइडर्स ने इस आवश्यकता को महसूस किया।

# स्मार्ट सिटी : निगम की सप्लाई फेल, खरीदना पड़ रहा है पानी

**कविता।** फरीदाबाद

## संजय कालोनी में हर घर के बाहर लोगों ने रखे हैं पानी के ड्रम

**शहर** को स्मार्ट सिटी बनाने का दावा करने वाले नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की लापरवाही से लोगों को इस उमस भरी गर्मी के मौसम में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। संजय कॉलोनी के कुछ हिस्सों में तो निगम की लापरवाही के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। यहां यदि सप्लाई का पानी आता भी है तो प्रेशर न होने से लोगों के घरों में नहीं पहुंच पाता। ऐसे में यहां हर घर के सामने पानी के ड्रम रखे हुए देखे जा सकते हैं। लोग जरूरत का पानी खरीद कर ड्रमों में रखते हैं।

**सप्लाई का समय नहीं :** निगम ने बूस्टरों के अलावा कॉलोनी और सेक्टरों में ट्यूबवेल भी लगा रखे हैं। लेकिन ट्यूबवेलों की मोटर में खराबी और कर्मचारियों के लापरवाही के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में लोग परेशान हैं। निगम के ट्यूबवेला ऑपरेटर द्वारा लोगों को पानी की सप्लाई का समय दिया जाता है। लेकिन व्हाट्सऐप ग्रुप में दिए समय पर लोग चेक करते हैं तो पानी नहीं आता है या चंद मिनट आकर बंद हो जाता है। ऐसे में लोगों को पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ता है।

**टैंकर हुआ महंगा :** महंगाई के साथ-साथ पानी के दामों में भी इजाफा हुआ है। लोगों का कहना है कि जो पानी की बोतल पहले दस रुपये का खरीद रहे थे, वहीं अब 20 रुपये में भरवानी पड़ रही है। वहीं 300 रुपये में आने वाले टैंकर की कीमत अब 500 से 800 रुपये तक पहुंच चुकी है। लेकिन इन सबके बावजूद नगर निगम में किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।


संजय कालोनी में घरों के बाहर रखे पानी के ड्रम।

**रातभर जागना पड़ता है:** संजय कॉलोनी निवासी सुमन, रेखा, ज्योति और जवाहर कॉलोनी निवासी नंदा, उमा, नीलू, कृष्णा, रीमा आदि ने बताया कि पानी आने का कोई समय नहीं है। कभी रात को नौ बजे आता है, तो कभी ढाई बजे, तो कभी तीन बजे, कभी सुबह छह बजे, तो कभी सुबह चार बजे, ऐसे में उन्हें पूरी रातभर जाग कर पानी भरने का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ट्यूवबेल ऑपरेटरों द्वारा भेजे गए संदेश के मुताबिक तो कभी पानी आया ही नहीं। जवाहर कॉलोनी में चार दिन बाद मंगलवार की सुबह पानी आया। वहीं संजय कॉलोनी में पिछले दस दिनों से पानी आ ही नहीं रहा है, जिस कारण उन्हें टैंकरों से पानी खरीदकर ड्रम भराने पड़ रहे हैं।

# घर में घुस कर बुजुर्ग महिला से लूटपाट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियो से मुकाबला करने वाले 73 वर्षीय बुजुर्ग को सीपी ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


बुजुर्ग महिला को लूटने वाले आरोपी।


बुजुर्ग को सम्मानित करते सीपी।

**बुजुर्ग** महिला के साथ लूट की वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर डीसीपी बल्लभगढ़, एसीपी बल्लभगढ़, और एसएचओ सेक्टर आठ सहित क्राइम ब्रांच मौके पर पहुंची। बुजुर्ग महिला की शिकायत पर थाना सेक्टर 8 में लूट की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया एवं डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादयान ने लूट के आरोपियों की धरपकड़ करने के निर्देश दिए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने बुजुर्ग महिला के घर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को काबू कर लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी अमित उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर का तथा आरोपी राजकुमार उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के सिहानी का रहने वाला है। दोनों आरोपी अभी करीब 15 दिन से पलवल के गांव मिर्जापुर में किराए पर रह रहे थे। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी अमित को मिर्जापुर गांव से काबू किया है। आरोपी अमित को वारदात के एरिया की पूर्ण जानकारी थी। आरोपी जानता था कि बुजुर्ग महिला घर में अकेली रहती है। उन्होंने बताया कि वारदात के समय बुजुर्ग महिला अपनी बेटी से वीडियो कॉल कर रही थी। तभी घर के अंदर दो व्यक्ति बिजली कर्मी बनकर घर में घुसआए व महिला को डराने से महिला का फोन नीचे गिर गया। बुजुर्ग महिला की लड़की ने पड़ोसी श्रीचन्द को वारदात की सूचना दी, पड़ोसी श्रीचन्द बुजुर्ग महिला के घर गया तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा खोलने पर अंदर दो आरोपी महिला से लूट की वारदात को अंजाम दे रहे थे। बुजुर्ग व्यक्ति आरोपियों से भिड़ गया, लेकिन हथियार को दिखाकर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

वारदात की सूचना पुलिस को मिली जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर-8 टीम और क्राइम ब्रांच टीम ने वारदात की जानकारी ली। मौके पर पीड़ित ने पुलिस टीम को लिखित शिकायत दी जिस पर थाना सेक्टर 8 में घर के अंदर अवैध हथियार के दम पर लूट, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदाम दर्ज कर आरोपियों की तलाश सूरू कर दी। आरोपी अमित को पलवल के गांव मिर्जापुर से तथा आरोपी राजकुमार को गाजियाबाद के गांव सिहानी से काबू कर लिया है। आरोपियों ने महिला के घर से सोने के दो जोडी कुंडल, एक अंगूठी, नाक का कोका तथा अलमारी से एक जोडी झुमके, चान्दी की पायल व 10 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए थे। आरोपियों से बारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। आरोपी अमित से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पानी सप्लायर का काम करता है। आरोपी पहले टैक्सी चलाने का काम करता था। जिसके दौरान आरोपी राजकुमार से पहंचान हुई थी। आरोपियों से पूछताछ जारी है आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों को अदालत में पेश कर मामले में बरामदगी के लिए पुलिस रिमाड पर लिया जाएगा।

# मांगों को लेकर बिजली कर्मियों का एसई कार्यालय पर प्रदर्शन


एचएसवीपी फरीदाबाद के कर्मचारी अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण कर्मचारियों की संयुक्त संघर्ष समिति सर्कल फरीदाबाद द्वारा 27 जून 2022 को 14 सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षक अभियंता एचएसवीपी फरीदाबाद परिमंडल फरीदाबाद को दिया अधिकारियों की तरफ से कोई भी वार्ता वापस कार्यालय से किसी भी प्रकार पत्र नहीं मिला तो पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार एचएसवीपी कि दोनों यूनियनों के सैकड़ों कर्मचारियों ने अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करके अपने गुस्से को दौराया।

कर्मचारियों का गुस्सा सातवें आसमान जब चढ़ गया तब कार्यालय में राजीव शर्मा अधीक्षक अभियंता मौजूद नहीं थे। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता राजू अधाना व खुर्शीद ने संयुक्त रूप से की जबकि संचालन सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव जिले सिंह ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए धर्मवीर वैष्णव सर्कल सचिव ने बताया कि अधिकारी जानबूझकर फील्ड स्टाफ की मांगों को अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा में टीएमआर का लाभ डीसीआरजी में दिया जा रहा है जिसकी मुख्य सचिव हरियाणा व मुख्य प्रशासक पंचकूला की हिदायतें जारी हैं इसमें सभी दैनिक वेतन भोगी को उसकी रिटायरमेंट का लाभ दिया जाए। एचएसवीपी फरीदाबाद यह तानाशाही विल्प लेखाकार उसे देने में आना बना कर रहे हैं कर्मचारियों के मिलने वाले लाभ पर कुठाराघात करके उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं जो कर्मचारियों के साथ सरेआम अन्याय है जिसे फील्ड स्टाफ कतई भी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वीरेंद्र बेनीवाल व खुर्शीद ने कहा कि कर्मचारियों की जायज फिल्ड प्रमोशन पढ़ी हुई जो काफी दिनों लटकी हुई है उन्हें करने में विभाग को भी वित्तीय नुकसान नहीं है।

# दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम ने लूट की कोशिश करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा उर्फ राहुल और राहुल उर्फ राजा का नाम शामिल है। आरोपी कृष्णा उर्फ राहुल मूल रुप से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव गरारे का तथा वर्तमान में फरीदाबाद के आजाद नगर में किराए पर तथा आरोपी राहुल उर्फ राजा मूल रुप से पलवल के गांव चांदहट का तथा वर्तमान में बल्लभगढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी में किराए पर रहता है। सेक्टर 25 से गांव रहेड़ा खेड़ा की तरफ वाले मार्ग पर गस्त के दौरान दोनों आरोपियो ने क्राइम ब्रांच टीम की गाडी को लूटने की नियत से रुकवाया गाड़ी के अंदर पुलिस देखकर आरोपी भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम ने मौके पर ही लोहे की दो रॉड के साथ काबू कर लिया। आरोपियों के खिलाफ लूट की धाराओं में थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज है। आरोपियों से पूछताछ में समाने आया कि दोनों आरोपियों ने ईद की पार्टी करने के लिए लूट की योजना बनाई। आरोपियों ने किसी अंजान व्यक्ति से अभी 14/15 दिन पहले बदरपुर बॉर्डर से चोरी की मोटरसाइकिल 5000 रुपये में किसी अंजान व्यक्ति से खरीदी थी। आरोपियों ने पहले छोटी-मोटी चोरियां कर रखी थीं। चोरी की मोटरसाइकिल थाना सेक्टर 58 के चोरी के मुकदमे की है।

# हेल्थ सिस्टम की खामियों को उजागर करती है वेब सीरीज झोलाछाप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** के गांव और छोटे कस्बों में झोलाछाप डॉक्टर अशिक्षा का फायदा कैसे उठाते है हाल ही में वूट एप पर रिलीज हुई वेब सीरीज झोलाछाप में इसे बखूबी दिखाया गया है। वेब सीरीज झोलाछाप की स्टार कास्ट मंगलवार को सी दास ग्रुप के रेडियो महारानी पहुंची। यहां पर फिल्म के निर्देशक ज्योति प्रकाश के साथ मुख्य भूमिका निभाने वाली महक मनवानी व चितरंजन त्रिपाठी सहित अन्य कलाकार भी उपस्थित थे। सी दास ग्रुप के चेयरमैन एवं फरीदाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान बीआर भाटिया ने कलाकारों को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस वेब सीरीज में मुश्ताक खान, चितरंजन त्रिपाठी व महक मनवानी जैसे कलाकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाने के लिए ऐसी कहानियों का नियमित अंतराल पर आना जरूरी है। सात एपिसोड की इस वेब सीरीज में मुस्ताक खान झोलाछाप डॉक्टर की भूमिका में है। वहीं चितरंजन त्रिपाठी ने ऐसे दवा दुकानदार की भूमिका निभाई है, जो पैसा कमाने के लिए लोगों को एक्सपायरी दवाइयां तक बेच देता है। झोलाछाप के निर्देशक ज्योति प्रकाश ने बताया कि वेब सीरीज झोलाछाप देश में हेल्थ सिस्टम की खामियों को उजागर करती है। इसमें महक मनवानी मुख्य भूमिका में हैं। इन्होंने एमबीबीएस डाक्टर की भूमिका निभाई है, जबकि प्रभाकर शर्मा ने कंपाउंडर का अभिनय किया है।

इनके अलावा वेब सीरीज में लवकुश कुंडू, निर्माता मदन लाल आजाद ने भी एक्टिंग की है। जयदीप कादियान सहायक निर्देशक हैं। उन्होंने बताया कि वेब सीरीज की शूटिंग फरीदाबाद के सेक्टर-19, बागपत और ओडिशा के बलांगीर शूटिंग की गई है। यह सच्ची घटना पर आधारित है।


महारानी रेडियो में पत्रकारों से बातचीत करतीं झोलाछाप की अभिनेत्री।

## बैंक खाते का सत्यापन ई-केवाइसी के माध्यम से कराएं लिंक

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत की श्रंखला में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ जारी रखने के लिए किसान 31 जुलाई से पहले अपने बैंक खाते का सत्यापन ई-केवाइसी के माध्यम से करवाएं। उन्होंने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है, जिसके तहत प्रति वर्ष 6000 रुपये तीन किस्तों में चार महीने के अंतराल पर दिये जाते है। जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डाक्टर विरेन्दर आर्य ने कहा कि यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा करवाई जाती है। कृषि उप निदेशक विरेन्द्र देव आर्य ने आगे बताया कि इस योजना के तहत जिला फरीदाबाद के सभी लघु एवं सीमांत किसान पात्र परिवारों को इस स्कीम का लाभ दिया जा रहा है।

# जल शक्ति अभियान के कामों को पोर्टल पर डालें : डीसी

## दिए निर्देश, कार्य पूरा होने के बाद हर कार्य हो अपलोड

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** जितेन्द्र यादव ने निर्देश दिए हैं कि जल शक्ति अभियान के तहत किए जाने वाले सभी कार्यों को संबंधित पोर्टल पर तुरंत अपडेट करें। काम होने के बाद भी ऑनलाइन अपडेट नहीं होने के कारण जिला की प्रगति कम दिखती है। ऐसे में सभी विभागों के अधिकारी इस कार्य की स्वयं समीक्षा करें।

उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला में जलशक्ति अभियान को लेकर काफी अच्छा कार्य हो रहा है। लेकिन इन कार्यों को ऑनलाइन अपडेट नहीं किया गया है। जिसके कारण जिला की प्रगति पीछे दिख रही है। ऐसे में सभी विभागों के अधिकारियों को स्वयं इसकी समीक्षा करते हुए कामों के पूरा होते ही इनकी स्थिति जल शक्ति अभियान पोर्टल पर अपडेट करवाना सुनिश्चित करना है।


जल शक्ति अभियान टू के तहत जलसंरक्षण के बारे में जागरूक करते अधिकारी।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जल शक्ति अभियान को एक आंदोलन के तौर पर क्रियान्वित किया जा रहा है और इसको लेकर जिला के लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। सीईओ जिला परिषद् कम जलशक्ति अभियान टू के नोडल अधिकारी सतेन्द्र दुहन ने कहा कि जल शक्ति अभियान और अटल भू-जल योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों को निश्चित समय अवधि में पूरा करने के लिए सबको मिलकर कार्य करने की जरूरत है। इस वर्ष भी केन्द्र सरकार ने जलशक्ति अभियान कैच द रेन-2022 को उसी जोश और उत्साह के साथ जारी रखने का निर्णय लिया है। इस अभियान का उद्देश्य पांच लक्ष्यों को रख कर किया गया है, जिसमें जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, पारंपरिक और अन्य जल निकायों का नवीनीकरण, पानी का पुन: उपयोग और संरचनाओं का पुनर्भरण, वाटरशेड विकास, गहन वनरोपण करना है।

आपकों बता दें आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बनाए जा रहे अमृत सरोवर और बरसाती पानी के संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग बेहतर सिस्टम है। इससे भूजल भी स्तर ठीक रहेगा।जलशक्ति अभियान के तहत बरसाती पानी को सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम अच्छा माध्यम है। सरकार द्वारा सभी सरकारी संस्थाओं, कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। इससे बरसात के दौरान छतों का पानी पाईपों के जरिए इस केंद्र तक पहुंचाकर बोरवेल में डाला जा सकेगा,जिससे भू जलस्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी के संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होने से परिसर में कहीं पर भी जलभराव की समस्या भी नहीं रहेगी। साथ ही पानी का सदुपयोग भी हो सकेगा। साथ ही वर्तमान समय में गिरते जलस्तर को रोकने के लिए जल संरक्षण की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए सरकारी कार्यालयों के अलावा मकानों की छतों के बरसात के पानी को हम जमीन के नीचे तक पहुंचाकर जलस्तर को ऊपर ला सकते हैं,जिसके चलते रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का होना बेहद जरूरी है।

# कोरोना मृतकों के परिजनों को मिलेगी 50 हजार की आर्थिक सहायता : डीसी

## समयावधि में आवेदन न होने पर ग्रीवेंस कमेटी के समक्ष कर सकते हैं अपील

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान कोरोना के कारण अकाल मौत का ग्रास बने नागरिकों के परिजनों को सरकार की ओर से 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जी रही है। जिला में प्रभावित परिजनों को आर्थिक मदद के लिए अंत्योदय सरल पोर्टल सरल हरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

आवेदन करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समयावधि भी निर्धारित है। डीसी जितेन्द्र यादव ने निर्धारित समयावधि की जानकारी देते हुए बताया कि विगत 20 मार्च 2022 के बाद कोरोना महामारी से मृत्यु होने वाले लोगों के परिजन सहायता राशि के लिए 90 दिन के भीतर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है, कि अगर निर्धारित समय अवधि के भीतर कोई आवेदन नहीं कर पाया हो तो वह इस विषय को लेकर गठित ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी के समक्ष अपील कर सकता है। कमेटी आवेदन से जुड़ी जानकारी का अध्ययन कर मामले में निर्णय लेगी। संबंधित को परिवार पहचान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र तथा कोविड पॉजिटिव होने का प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। आवेदन के एक माह में सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संबंध में आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी एसएमएस द्वारा भेजी जाएगी। डीसी ने बताया कि इस योजना का लाभ ऐसे पीड़ित परिवार उठा सकते हैं। जिनके परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु कोरोना की बीमारी से हुई हो या कोविड पॉजिटिव पाए जाने के 30 दिनों के अंदर हुई हो। ऐसे पीड़ित परिवार जिन्होंने अभी तक मृतक का मृत्यु प्रमाण किन्ही कारणों से नहीं बनवाया है।

# संक्षिप्त समाचार

## निशानेबाजी में पदक जीतने पर दो छात्राओं का स्वागत



**फरीदाबाद।** स्पोर्ट्स फॉर ऑल फाउंडेशन द्वारा आयोजित छह दिवसीय पिस्टल शूटिंग प्रतिस्पर्धा के महिला वर्ग में कुमारी राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी जिया विमल के द्वितीय स्थान व दो वर्ष की दो रुपये लाख की सौजन्य राशि के अतिरिक्त 10000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत द्वारा अभिनंदन किया गया। अर्जुन अवॉर्डी सतेन्द्र कुमार व भारतीय निशानेबाजी टीम के पूर्व कोच जीडी शर्मा द्वारा यह आयोजन फरीदाबाद के सेक्टर 56 में निशानेबाजी के अनुसंधान एवं विकास केंद्र सिरोही विद्यालय में आयोजित किया गया। विद्यालय में गृह विज्ञान की अध्यापिका व जिया विमल की मां मीरा गौतम ने जानकारी दी कि यह प्रतिस्पर्धा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिया विमल ने 10 मीटर युवति वर्ग में बहुत ही धैर्य के साथ अपने प्रतिस्पर्धियों को परास्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत के अतिरिक्त वरिष्ठ अध्यापिका मधु लता, ज्योति सौरोत, मीरा गौतम, वंदना, दर्शन लता, देशराज सिंह, सिकंदर सिंह, विजेंद्र सिंह, बृजेश कुमार, मनोज शर्मा आदि ने 11वीं की छात्रा जिया विमल को बधाई दी।

## लूटपाट के आरोपी एक घंटे गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि करीब 10.00 बजे दिल्ली की तरफ से फरीदाबाद आ रही वैगनार कार सवार के साथ हुई लूट की सूचना पर ईआरवी 197 की टीम, थाना प्रबंधक सराय और क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर की टीम तुरंत मौके पर पहुंची पीडित से जानकीर लेकर आरोपियों की तलाश में जुट गई। मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल चार आरोपियो को मानव रचना पाली रोड से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपी शाकिल खान और हुम्मकदीन उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जिले के गांव पुनदली के तथा आरोपी आसीफ और इरफान अली दिल्ली के दयालपुर के रहने वाले है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग अवैध हथियार तथा लूटे गए पैसे की बरामदगी के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## न्यायाधीश यशिका ने दिया बच्चियों को आशीर्वाद



**फरीदाबाद।** एनएच-2 स्थित ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम में दो पुत्रियों कोमल बजाज और दक्षिता आर्य का जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में फैमिली कोर्ट सेक्टर-12 की न्यायाधीश यशिका मैडम व विशिष्ट अतिथि बलराज भड़ाना उपस्थित थे। इन्होंने दोनों बच्चों को शुभ आशीष दी तथा उनके साथ मिलकर केक भी काटा। उन्होंने आश्रम में रह रहे बुजुर्गों से आशीर्वाद भी लिया। इससे पूर्व आश्रम में आचार्य भद्रकाम वर्णी (दिल्ली) के बह्मत्व में यज्ञ किया गया। इस यज्ञ के यजमान किशन लाल बजाज बने। यज्ञोपरांत पंडित करण सिंह ने मधुर भजनों को प्रस्तुति दी और बधाई गीत गाया जिसमें सभी वृद्ध खूब नाचे। किशन लाल बजाज ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर सुभाष चन्द्र लाहोरिया, सत्यपाल चौहान और सूरज आर्य सहित कई लोग मौजूद थे।

## रविंन्द्र फागना ने सात विकेट से जीता मैच

**फरीदाबाद।** पहला रविंद्र फागना अंडर-12 इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल ग्राउंड में खेला गाया यह मैच आरपीएसए मिर्जापुर और आरपीएसए पाली के बीच खेला गया। मैच में आरपीएसए मिर्जापुर ने आरपीएसए पाली को 7 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि आरपीएसए पाली ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.4 ओवर में 10 विकेट पर 167 रन बनाए। सहज ने 56 रन, वंशज भाटिया ने 31 रन, फरहान खान ने 23 रन बनाए। आरपीएसए मिर्जापुर के हाशिम खान ने छह विकेट, सागर ने तीन विकेट, वैश खान ने एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरपीएसए मिर्जापुर ने 24.1 ओवर में तीन विकेट पर 173 रन बनाकर जीत हासिल की। वैश खान ने 140 रन, जतिन ने 30 रन, सागर ने 16 रन बनाए। आरपीएसए पाली टीम के अफान ने दो विकेट, तनुष ने एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हाशिम खान को दिया। सर्वेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार वैश खान को दिया गया।

## प्रीति लांबा ले रही बर्लिन जर्मनी में क्रास कंट्री में हिस्सा



**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक्स संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ की जानकारी के अनुसार जवां गांव की बेटी प्रीति लांबा यूएसआईसी क्रास कंट्री चैंपियनशिप में 13 से 16 जुलाई तक बर्लिन (जर्मनी) में भाग ले रही हैं और भारतीय रेलवे का प्रतिनिधित्व करते वर्ल्ड रेलवे गेम्स में भाग ले रही हैं। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि प्रीति लांबा दक्षिण मध्य रेलवे विजयवाडा में हेड क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं और वर्ल्ड रेलवे गेम्स के लिए कपूरथला (पंजाब) में हुई रेलवे ट्रायल के आधार पर चयन किया गया है। इससे पहले भी प्रीति लांबा दक्षिण एशियाई खेलों में काठमांडू (नेपाल) में अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन कर चुकी हैं। जिला एथलेटिक संघ फरीदाबाद के सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़, मुख्य चयनकर्ता वीरेंद्र बिधुडी, महिला कोच अनु भाटी, सीमा बडगूजर, आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी मनीष गिरी, तकनीकी अधिकारी साजिद हुसैन, घनश्याम, साधुराम दहनिया और कुलदीप ठाकुर ने जिले की एथलीट खिलाडी प्रीति लाँबा को अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की।

## स्व.माता सुंदर कौर भाटिया को किए श्रद्धासुमन अर्पित



**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश के पूर्व रणजी क्रिकेटर व जूनियर भारतीय टीम के सदस्य रहे संजय भाटिया की स्वर्गीय माता सुंदर कौर को मंगलवार भगत वासुराम लखानी धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शबद कीर्तन के जरिए भावांजलि अर्पित की गई। दमदमी टकसाल से आए रागी जत्था भाई शमशेर सिंह, अमरजीत सिंह व भजन गायक किशन लाल गेरा ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया और गुरबाणी अनुसार जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मिरमशाह बिरादरी के प्रमुख चौधरी सुशील भाटिया ने माता सुंदर कौर के संघर्ष के बारे में बताया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने संजय भाटिया के नाम अपना शोक संदेश भेजा। हरियाणा के पूर्व खेल उपनिदेशक व द्रोणाचार्य अवार्ड़ी सरकार तलवाड़, पूर्व क्रिकेटर राजेश पुरी, कपिल अरोड़ा, शशिकांत, महेंद्र भाटिया, आनंदकांत, केके खन्ना, नरेंद्र धवन, महंत केलाश नाथ, विधायक सीमा त्रिखा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप, निवर्तमान मेयर सुमन बाला, एडवोकेट अश्विनी त्रिखा, राजीव कालडा, पार्षद राकेश भड़ाना व राजेश भाटिया, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, जजपा प्रवक्ता उमेश भाटी, आम आदमी पार्टी के नेता गुलशन बग्गा, विन केबल से तपेंद्र भड़ाना, राकेश भाटिया सहित शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा के बाद लंगर प्रसाद भोज का आयोजन भी भाटिया परिवार की तरफ से किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 13 जुलाई, 2022



# निजीकरण पर जोर

## राहत की उम्मीद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की सरकार सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों–पीएसबी में व्यक्तिगत शेयरों की 10 प्रतिशत सीमा से मुक्ति पाना चाहती है। इससे बैंकों के निजीकरण में भारी सहायता मिलेगी। इस कदम से निजी ईक्विटी फर्मों–पीई को पीएसबी में हिस्सा खरीदने में आसानी होगी। सरकार इसके लिए बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक में परिवर्तनों का प्रस्ताव कर सकती है जिसका उद्देश्य बैंकिंग कंपनीज़ एक्वीजीशन एंड ट्रांसफर आफ अंडरटेकिंग्स एक्ट तथा बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट में संशोधन करना है। सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों–पीएसबी की स्थिति ऐसी है कि कोई कट्टर सैद्धान्तिक समाजवादी ही उनके निजीकरण का विरोध कर सकता है। पीएसबी लगातार करदाता को कष्ट पहुंचा रहे हैं जिसे 2016–17 से 2020–21 के बीच केवल चार साल में बैंकों के पुन: पूंजीकरण के लिए 310,997 करोड़ देने पड़े हैं। सरकार ने गैर–निष्पादित परिसंपत्तियों–एनपीए या खराब कर्जों से निपटने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए पीएसबी का स्वास्थ्य सुधारने के लिए कुछ कदम उठाए हैं और इनका लाभ भी मिला है। लगातार पांच साल तक सामूहिक रूप से घाटा उठाने के बाद उन्होंने 2020–21 में 31,820 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ भी कमाया है। लेकिन पीएसबी के अंधेरे से निकल आने का अर्थ यह नहीं है कि जल्द ही उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक हो जाएगा। पीएसबी की मुख्य समस्या ढांचागत है। उनका स्वामित्व सरकार के पास है और उनका संचालन राजनेता व नौकरशाह करते हैं। निश्चित रूप से उनको सर्वोत्कृष्ट मानव नहीं कहा जा सकता है। इसके साथ ही उनका प्रशिक्षण प्रशासन का प्रबंधन करने, कानून–व्यवस्था बनाए रखने तथा राष्ट्रीय रक्षा बनाए रखने के लिए होता है, बैंकों का प्रबंधन करने के लिए नहीं। यही बात अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के बारे में कही जा सकती है।




यदि निजीकरण शुरू होता है तो यह जब भी शुरू होगा, इसका विभिन्न क्षेत्रों से विरोध होगा। कुछ ही लोग चाहते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों का निजीकरण हो। प्रशासन में बैठे मंत्रियों को चिन्ता है कि वे इन संगठनों पर अपना नियंत्रण खो देंगे और इसके साथ ही उनकी लोगों को खैरात बांटने की क्षमता भी प्रभावित होगी। यूनियनें निजीकरण नहीं चाहती हैं क्योंकि निजी बिजनेसमैन मंत्रियों या नौकरशाहों की तरह लापरवाह नहीं होते हैं। वामपंथी इसे पसंद नहीं करते हैं क्योंकि वे कोई भी अच्छी चीज नहीं पसंद करते हैं। यहां तक कि संघ परिवार द्वारा संचालित संगठनों को भी निजीकरण के प्रति संदेह है। कहावत के रूप में कहा जाता है कि यह परिवार की संचित चांदी बेचने की तरह है। लोगों का कहना है, 'सब कुछ बेच रहे हैं ये लोग।' इस पृष्ठभूमि को देखते हुए पीएसबी को बेचना बहुत कठिन होगा। एयर इंडिया की बिक्री तुलनात्मक रूप से आसान थी क्योंकि सभी जानते थे कि सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय विमान कंपनी 'सफेद हाथी' बनी रहेगी। लेकिन बहुत से लोगों का विश्वास है कि बैंक अभी इस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं। इसलिए इस प्रक्रिया का विरोध न केवल पेशेवर क्रांतिकारियों व नकारात्मक सोच वाले लोगों, बल्कि जनता की ओर से भी व्यापक रूप से होगा। मोदी सरकार को पीएसबी की बिक्री के दौरान खरीदारों की प्रकृति को लेकर भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल भारतीय रिजर्व बैंक के एक आंतरिक कार्य समूह–आईडब्लूजी ने बड़े कार्पोरेट घरानों को बैंकिंग लाइसेंस देने की अनुमति दी थी। लेकिन केन्द्रीय बैंक ने अब तक यह संस्तुति स्वीकार नहीं की है और ऐसा करना ठीक भी है। सरकार को भी ऐसी ही नीति लाने की सलाह दी जानी चाहिए। उसे बड़े बिजनेस घरानों को पीएसबी के लिए बोलियां बोलने की अनुमति नहीं देनी चाहिए क्योंकि ऐसा होने पर उस पर 'दरबारी पूंजीवाद' का आरोप लग जाएगा।

# प्रगति पथ पर उत्तराखंड की लड़कियां

घरेलू कामों के असमान वितरण से लड़कियों पर प्रभाव पड़ता है। हजारों जिम्मेदारियों के बीच उनकी इच्छायें लगभग मर जाती हैं।



**दीपशिखा देवी**
(लेखिका विकास कार्यकर्ता हैं)



चांदनी परिहार द्वारा लिखी कविता इस पंक्ति से शुरू होती है–'थक चुकी हूं, थोड़ा आराम चाहिए।' उनकी आयु केवल 21 साल है, पर वे समाज में अपने प्रति होने वाले भेदभाव से थकावट का अनुभव करती हैं। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के गरूर ब्लाक के सुदूर जखेड़ा गांव में रहने वाली चांदनी अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। चांदनी अपने गांव की पहली ऐसी लड़की है जिसने कक्षा 10 में 65 प्रतिशत नंबर पाए थे। वे विज्ञान पढ़ना चाहती थीं, पर गांव के स्कूल में यह विषय उपलब्ध न होने के कारण वे अपना सपना पूरा नहीं कर सकीं। वे बताती हैं, 'मैं अपने गांव से बाहर जा कर विज्ञान में हायर सेकेंड्री पास करना चाहती थी, लेकिन मेरे माता–पिता ने इसका विरोध किया। वे गांव से बहुत दूर के स्कूल में मेरी पढ़ाई पर पैसा नहीं खर्च करना चाहते थे।' हालांकि, चांदनी कक्षा 12 पास करने में सफल हुईं, पर बाद में वे और मुसीबतों में फंस गईं। वे बताती हैं, 'स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुझे कालेज में दाखिला लेने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा। मेरे माता–पिता तथा अन्य नजदीकी रिश्तेदार चाहते थे कि मैं घर के कामकाज पर ध्यान दूं। लेकिन मेरी जिद को देखते हुए वे सुदूर शिक्षा के लिए तैयार हो गए। लेकिन उन्होंने मुझसे यह वादा भी करा लिया कि कालेज शिक्षा के बाद वे मेरा विवाह कर देंगे। अब मैं अपनी कालेज की शिक्षा पूरी करने वाली हूं और दिन गुजरने के साथ मेरी चिन्ता भी बढ़ती जा रही है।' दूसरी ओर उसके भाई को माता–पिता का पूरा समर्थन मिलता है जो वर्तमान समय में कक्षा 12 में पढ़ रहा है। उससे पूछा गया था कि वह किस धारा में जाना चाहता है। वास्तव में माता–पिता उसे गांव से बाहर भेजना चाहते थे क्योंकि नजदीकी स्कूलों में अच्छे शिक्षक नहीं थे।

चांदनी ने स्वयं को कालेज में मिले अवसरों का भरपूर लाभ उठाया। उसकी इच्छा भारतीय सेना में शामिल होने की थी और उसने फुटबाल खेलना शुरू किया। लेकिन राज्य–स्तरीय फुटबाल खिलाड़ी बनने के बावजूद वह अपनी इच्छा पूरी नहीं कर सकी। उसने दु:ख प्रकट करते हुए बताया, 'जब मैं घास काटने जंगल गई तो मुझे यह काम पसंद नहीं था, लेकिन मैं ऐसा करने के लिए मजबूर थी क्योंकि लोग इसे मेरी जिम्मेदारी मानते थे। मैं समझ नहीं पाई कि एक पहाड़ी के सिरे पर पहुंच गई और नीचे गिर पड़ी।' यह दुर्घटना दिन में हुई थी, लेकिन माता–पिता और गांव वालों को इसका पता शाम को लगा।

इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के कारण पीठ में गहरी चोट लगी और चांदनी के सारे रास्ते बंद हो गए। वह अब न फुटबाल खेल सकती थी और न भारतीय सेना में भर्ती होने का प्रयास कर सकती थी। लड़कियों का अकारण घर से बाहर निकलना गांव वाले समस्या समझते हैं, पर किशोरियों को जंगल भेजना उनके लिए सामान्य बात है, जबकि घास काटते समय उनका जीवन संकट में फंस सकता है।

चांदनी का विश्वास है कि आजादी का अर्थ बिना किसी के आदेश के जीवन जीना तथा कम से कम बिना कठोर संघर्ष किए प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना है। 21 वर्षीय गीता कुमारी बताती हैं, 'यह संघर्ष कठिन है और आयु बढ़ने के साथ यह और कठिन होता जाता है।' इसी जिले के लामचूला गांव में रहने वाली गीता ऊर्जा से भरी हैं। वे पहाड़ की खड़ी ढाल पर चढ़ कर उस जूनियर स्कूल पहुंचती हैं जहां वे अनौपचारिक सहायिका का काम करती हैं। वे बताती हैं कि क्षमतावान होने के बावजूद परिवार लड़कियों को पढ़ने की अनुमति नहीं देते हैं। गीता ने कहा, 'मैं केवल कक्षा 12 तक पढ़ सकी क्योंकि निकटतम स्कूल तक पहुंचने के लिए मुझे 45 मिनट पैदल चलना पड़ता था। दूसरी लड़कियों को स्कूल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता था। सुदूर गांवों में रहने वाली लड़कियां बीच में ही पढ़ाई छोड़ देती हैं क्योंकि खराब मौसम के दौरान उनका इतनी दूर खतरनाक रास्ते पर चलना संभव नहीं होता है।' लेकिन माता–पिता लड़कियों को पढ़ने न देने के अलग कारण बताते हैं। कुछ को उनकी सुरक्षा की चिन्ता है, जबकि दूसरों का विश्वास है कि स्कूल जाने में घंटों खर्च करने के बजाय लड़कियों के लिए घर के काम सीखना ज्यादा अच्छा है। उनका मानना है कि लड़कियां इसके लिए ही पैदा होती हैं। माता–पिता की प्रतिगामी सोच को इस तथ्य से बढ़ावा मिलता है कि राज्य सुदूर क्षेत्रों में मजबूत ढांचागत संरचना बनाने में विफल रहा है।

कक्षा 12 पास करने के बाद गीता उच्च शिक्षा नहीं प्राप्त कर सकी, जबकि उसकी दिलचस्पी और उत्साह इसमें बहुत था। बागेश्वर शहर का डिग्री कालेज गरूर ब्लाक से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। वे बताती हैं, 'गरूर पहुंचना एक और चुनौती है क्योंकि निजी टैक्सी सेवायें बहुत कम जाती हैं। मेरे माता–पिता को मेरे इस संघर्ष का लाभ नहीं समझ आया।' वे यह भी बताती हैं कि घर और खेती की देखभाल करना उनकी जिम्मेदारी थी। दूसरी ओर उसके भाइयों को हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों में चुना गया है। घरेलू कामकाज का असमान बंटवारा लड़कियों के अवसरों को प्रभावित करता है और उनको अपने लिए सोचना तक कठिन हो जाता है। हजारों जिम्मेदारियों के बोझ से लदी लड़कियों के सपने टुकड़ों में टूट कर बिखर जाते हैं। 2016 में जारी यूनीसेफ रिपोर्ट के अनुसार, 5 से 14 साल की लड़कियां इसी आयु के लड़कों की तुलना में घरेलू काम पर 40 प्रतिशत ज्यादा समय खर्च करती हैं। इससे लड़कियों के लिए जेंडर आधारित भूमिकायें निर्धारित व मजबूत हो जाती हैं और इससे पैदा होने वाला दृष्टिकोण जीवन में उनकी संभावनायें सीमित करता है। लामचूला की एक और लड़की 18 वर्षीय आशा कुमारी कभी घर पर नहीं दिखती है। वह या तो खेतों में होती है अथवा जंगल में चारा एकत्र करती है। घर में होने पर वह अपनी मां के साथ खाना पकाती है, सफाई करती है तथा अन्य घरेलू कामों में लगी रहती है। वह बताती है, 'मैं पूरे समय के लिए कालेज में प्रवेश लेना चाहती हूं, पर वह बहुत दूर है। इसलिए वह कोई विकल्प नहीं है।' कोविड–19 के समय इन अलग–थलग गांवों में लड़कियों पर काम का बोझ और बढ़ गया।

जहां लड़कों के पास पूरा समय खेलने तथा अपनी दिलचस्पी की अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए था, वहीं लड़कियों को चारा लेने के लिए जंगलों में भेज दिया जाता था। यदि घर में एक स्मार्टफोन होता था तो वह लड़कों को आनलाइन क्लास में शामिल होने के लिए दे दिया जाता था। केवल चुनाव होने पर राजनेता जागते हैं और दो साल के संघर्ष के बाद छात्रों को मुफ्त मोबाइल व टेबलेट देने की योजनायें चलाते हैं। लाकडाउन लड़कियों के लिए खासकर कष्टदायक रहा। उनको स्कूल पैदल जाने के दौरान जो थोड़ा समय मिलता था उसमें वे अपने जीवन की बातें मित्रों से करती थीं। लेकिन 'स्पेस फार नर्चरिंग क्रियेटिविटी' की प्रमुख अर्चना बहुगुणा बताती हैं कि लाकडाउन ने यह समय भी छीन लिया। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के खुमेरा गांव में स्थित यह वैकल्पिक आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र तथा आदर्श समुदाय है। बच्चों पर केन्द्रित अनेक प्रमुख परियोजनाओं से अनुभव प्राप्त अर्चना जोर देती हैं कि गांवों में व्यावसायिक केन्द्रों की अनुपस्थिति कैसे लड़कियों को प्रभावित करती है। अर्चना ने बताया, 'सभी जानते हैं कि परिवारों की देखभाल करना लड़कियों व महिलाओं की जिम्मेदारी मानी जाती है।'

अधिकांश पुरुषों द्वारा घरेलू कामकाज में हिस्सा न बंटाना देश में लगभग सभी जगह देखा जा सकता है। लेकिन रूढ़िवादी संस्कृति व जेंडर मानकों वाले ग्रामीण क्षेत्रों में इसका संबंध अक्सर अवसरों की कमी से भी होता है जिससे लड़कियों के पंख कट जाते हैं। यदि कुछ माता–पिता अपनी बेटियों की सहायता करना भी चाहते हैं तो अत्यधिक गरीबी उनको ऐसा करने से रोक देती है। उत्तराखंड के कापकोट ब्लाक में गैरखेते की बुद्धिमान 15 वर्षीय मनीषा कापकोटी बताती है कि 'मैं भारतीय सेना में शामिल होना चाहती थी। लेकिन यहां नेशनल डिफेंस अकादमी का कोई कोचिंग सेंटर नहीं है और मेरे माता–पिता के पास इतने पैसे नहीं हैं कि वे मुझे गांव के बाहर कोचिंग करने के लिए भेज सकें।' ऐसी अनेक लड़कियों के सपने हैं। वे अपने गांव में कंप्यूटर सेंटर का सपना देखती हैं, आनलाइन कक्षाओं में शामिल होने के लिए स्मार्ट फोन चाहती हैं, समुचित परिवहन सेवायें चाहती हैं, स्कूल तक बेहतर पहुंच चाहती हैं, अपनी इच्छा से कोई भी कपड़े पहनना चाहती हैं तथा अपने लिए समय चाहती हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि एक दिन उनके सारे सपने पूरे होंगे।

# भारत के लिए सबक है श्रीलंका का संकट

> सरकार सांत्वना ले सकती है कि भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जबकि मुद्रास्फीति एक वैश्विक चिंता बनी हुई है।

**शशांक सौरव**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



श्रीलंका एक अभूतपूर्व आर्थिक और राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है। आर्थिक संकट कई वर्षों से बना हुआ है, और हाल के भू–राजनीतिक विकास ने द्वीप राष्ट्र को अराजकता और वित्तीय दिवालियापन की स्थिति में धकेल दिया।

श्रीलंकाई नेतृत्व ने इस संकट को लापरवाह उधार के साथ आमंत्रित किया, जो कि सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक था। इस ऋण की संरचना भी वर्षों में बदल गई, क्योंकि रियायती उधारों को वाणिज्यिक ऋणों के साथ बदल दिया गया था, जिसमें उच्च ब्याज दर और कम परिपक्वता अवधि थी। इसके अलावा, श्रीलंकाई सरकार ने वर्ष 2019 में चुनावों से पहले लोकलुभावन उपायों के हिस्से के रूप में कोविड –19 ब्रेकआउट से पहले बड़े कर–कटौती की घोषणा की। पर्यटन श्रीलंकाई अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार था, लेकिन इसे ईस्टर आतंकी हमले और कोविड –19 महामारी के रूप में दो प्रमुख बैक–टू–बैक प्रहारों का सामना करना पड़ा।

भारत में हम देश के बेहतर वित्तीय स्वास्थ्य से संतुष्टि प्राप्त कर सकते हैं। भारत के पास लगभग 600 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो एक वर्ष से अधिक के व्यापारिक आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। आरबीआई की पिछली वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी ऋण 2013 में 409 अरब डॉलर से बढ़कर दिसंबर 2021 में 615 अरब डॉलर हो गया है। लेकिन, बाहरी ऋण : जीडीपी अनुपात 2013 में 22.4 प्रतिशत से बढ़कर 2021 में 20 प्रतिशत हो गया है। कोविड –19 महामारी के कारण सकल घरेलू उत्पाद में संकुचन के बावजूद हुआ है।



मुद्रास्फीति का प्रबंधन, सरकारी उधार पर प्रतिफल, बाजार में तरलता बनाए रखना और विकास को समर्थन देने के लिए बेंचमार्क दरों पर नजर रखना, स्थिर विनिमय व्यवस्था, आदि केंद्रीय बैंक के महत्वपूर्ण कार्य हैं। पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही तक मध्यम मुद्रास्फीति को अस्थायी माना जाता था, लेकिन वैश्विक परिदृश्य बहुत तेजी से बदल गया है। भू–राजनीतिक तनाव ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के तीन–चौथाई हिस्से को जोखिम में डाल दिया है।

आपूर्ति पक्ष की बाधाओं के कारण विनिर्माण क्षमता का उपयोग अभी भी 10 साल के औसत से कम है। निर्यात पर अंकुश लगाने, पेट्रोलियम उत्पादों पर करों को कम करने, बेंचमार्क दरों में वृद्धि करके मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करने आदि जैसे समय पर नीतिगत हस्तक्षेप हुए हैं, लेकिन वे जोखिम भी उठाते हैं। विश्व बैंक, एसएंडपी, आदि ने मुख्य रूप से मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण भारत के विकास पूर्वानुमान में कटौती की है। सरकार इस बात से सांत्वना ले सकती है कि भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जबकि मुद्रास्फीति एक वैश्विक चिंता बनी हुई है।

डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्यह्रास को एक बड़ी विफलता के रूप में उजागर किया गया है, लेकिन दो महत्वपूर्ण कारक हैं जिनकी जांच की जानी चाहिए। भारतीय रुपये ने जीबीपी इयूआर जैसी अन्य मुद्राओं के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन किया है और रुपये में गिरावट से निर्यातकों को भी कुछ लाभ हुए हैं। यूएस फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में बढ़ोतरी के कारण चालू खाता घाटा और पूंजी बहिर्वाह रुपये के मूल्य में उतार–चढ़ाव को प्रभावित कर रहा है। साथ ही, भारत का एक संघीय ढांचा है और आर्थिक विकास के लिए राज्य समान रूप से जिम्मेदार हैं। हालांकि, मुफ्त उपहारों की गैर–जिम्मेदाराना घोषणाओं में लिप्त होने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कुछ महीने पहले इस मुद्दे को उजागर किया गया था, लेकिन सत्ता के भूखे राजनेताओं के लिए कोई बाधा नहीं है।

माल और सेवा कर (जीएसटी) के तहत राज्यों को पांच साल की अवधि के लिए राजस्व गारंटी दी गई थी। राज्य प्रशासन की ओर से कुछ फालतू आयोजनों को केंद्र से प्राप्त मुआवजे से वित्त पोषित किया गया था। अब यह समझना होगा कि केंद्र पर दबाव बनाने और मुफ्त लंच का आनंद लेने के लिए मुख्यमंत्री हमेशा के लिए सौदेबाजी की चिप नहीं पकड़ सकते।

अंत में, विकासशील देशों के लिए आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) और राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन जैसी पहले घोषित कुछ पहलों में विकास को एक उच्च प्रक्षेपवक्र पर धकेलने की क्षमता है और सरकार को उन पर टिके रहना चाहिए।

## आप की बात

### बाढ़ से कैसे बचें?

**बाढ़** से बचने के उपाय में शासन–प्रशासन की महती भूमिका होती है, जिसे निभाने के प्रयास किये जाएं तो उससे होने वाले जान–माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। गांवों व शहरों मे बेतरतीब बसाहट भी बस्तियों में पानी भर जाने का एक बहुत बड़ा कारण बनता जा रहा है। नदी–नालों के किनारे की बसाहट को बरसात में सबसे ज्यादा खतरा हो जाता है। बड़े शहरों में ऊंची–ऊंची अट्टालिकाएं बनना और पानी के निकास की व्यवस्था व्यवस्थित नहीं होना, नालों के ऊपर या उसे पाटकर भवन निर्माण कर देना आदि भी बाढ़ का कारण बन जाते हैं। अक्सर देखा गया है कि निचली बस्तियों के घरों में जलभराव होने से वहां बारिश आफत बन जाती है। अगर निचले स्थानों और नाले–नदी किनारे से दूर ही बसाहट की प्रशासन मंजूरी दे तो बरसात में होने वाली परेशानी को दूर किया जा सकता है। गांव व शहरों की व्यवस्थित बसाहट, जलनिकास की सुदृढ़ व्यवस्था, नदियों को नहरों के जरिये अन्यत्र मोड़ देने, नदियों के गहरीकरण को तवज्जो देने आदि पर यदि वे अनुसंधान करें या ध्यान से उन योजनाओं पर काम करें तो लोगों को जलभराव से होने वाली दिक्कतों से सुरक्षा दिलाई जा सकती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### गुणवत्तापूर्ण सड़कें

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने उप्र की चुनाव रैलियों में विकास यानी वि से विद्युत, का से कानून व्यवस्था और सड़क में सुधार का वादा किया था ।बात केवल सड़कों की। हमारे प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में करोड़ो रूपये लागत से सड़के बनती है। जो 6महीने बाद ही टूटने और जगह जगह गड्ढे हो जाते है। सड़कों के बदहाल होने पर कहा जाता है। सड़कें ओवर लोडिंग से खराब होती है। जबकि उन्नाव जिले के शुक्लागंज मे अंग्रेजो के जमाने की बनी सड़क को तोड़ने में मशीने हार गईं और दही चौकी से तौरा तक वर्ष 2006 में बनी सड़क आज तक नहीं टूटी। लोगों द्वारा आरोप लगाया जाता है। ये सड़कें मात्र 30पैसे में बनेंगी तो टूटेंगी ही। सरकार मानक के अनुसार सड़कों का निर्माण कराए। सड़कों पर खर्च धन का आकलन और निगरानी विशेषज्ञों और उच्चाधिकारियों की टीम से कराने की व्यवस्था होनी चाहिये। उप्र में जांच, निगरानी और आकलन की अलग अलग टीमें बनाकर जांच की व्यवस्था सरकार को करना चाहिये। साथ ही जिस विभाग से सड़कों का निर्माण हो उस विभाग के उच्चाधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाए ।जिससे उत्तरप्रदेश में उत्तम और टिकाऊ सड़कें बनें।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### जनसंख्या पर राजनीति

**देश** की जनता के अनुमान के मुताबिक जनसंख्या नियंत्रण की आवाज तेज होते ही, तेजस्वी का तेज और अखिलेश का सुर जनता के सामने प्रस्तुत हुए। अखिलेश नें ट्वीट कर जानकारी दी कि अराजकता जनसंख्या से नहीं लोकतान्त्रिक मूल्यों की बर्बादी से उपजती है, ये बयान मुख्यमंत्री योगी जी के बयान पर पर कटाक्ष के रूप में किया गया,उधर तेजस्वी कहते हैं अगर जनसंख्या से दिक्कत होती तो चाइना इतना आगे कैसे होता, क्योंकि इनके पिताश्री ज्यादा बच्चे होने के कारण शायद इन्हे शिक्षा तक नहीं दिला पाए हाँ तरक्की जरूर हुई इनकी। जहाँ एक् और पूरा देश जनसंख्या नियंत्रण क़ानून की राह उत्सुकता से देख रहा है वहां अभी भी इन युवा और भावी नेताओं को इतनी समझ नहीं कि ये किसी जाति या धर्म का मुद्दा नहीं है, ये वाकई राष्ट्रीय समस्या है। आप अभी भी तुष्टिकरण के अपने फॉर्मूले से नहीं हटे और देश के सुर में सुर नहीं मिलाया तो निकट भविष्य में इसके दुष्परिणाम आपके सामने होंगे इसलिए कृपया विरोध के लिए विरोध न करें और बचकानी सोच का परिचय देने से बचें।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्राकृतिक** खेती से धरती मां की सेवा होती है तथा उसकी उत्पादकता व गुणवत्ता को सुरक्षा मिलती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**हमारी** श्रीलंका की संसद से अपील है कि वह देश की बेहतरी के प्रति प्रतिबद्धता का दृष्टिकोण अपनाये।

– **एंथनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव





**हमने** श्रीलंका का पूर्ण समर्थन किया है। हम संकटग्रस्त द्वीप देश की सहायता का प्रयास कर रहे हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

# पिछली सरकार में हुई सुरक्षा में सेंध लगाने की साजिश: योगी

● बीते पांच साल में एक लाख 62 हजार पुलिस, पीएसी कर्मियों की भर्ती कर दिया गया प्रशिक्षण

## पीएसी की रिक्रूट परेड में शामिल हुए सीएम



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 में नई सरकार के गठन के समय उत्तर प्रदेश पुलिस बल के भारी संख्या में पुलिस व पीएसी भर्ती की प्रक्रिया लम्बित पड़ी हुई थी। प्रदेश की 54 पीएसी कम्पनियों को समाप्त कर दिया गया था। यह प्रदेश की सुरक्षा में सेंध लगाने की एक साजिश थी। नौजवानों को प्रदेश व देश की सेवा करने से रोकने का कुत्सित प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि विगत 5 वर्षों के दौरान प्रदेश सरकार ने 1 लाख 62 हजार से अधिक पुलिस व पीएसी कर्मियों की सफ लतापूर्वक भर्ती कर प्रशिक्षण प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित पीएसी के रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षान्त परेड कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में चयनित 15487 पीएसी रिक्रूट आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण जनवरी 2022 में प्रारम्भ हुआ था। 6 माह के अपने सफ लतम प्रशिक्षण के उपरान्त प्रदेश के 87 केन्द्रों में इस दीक्षान्त परेड का आयोजन किया जा रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश को अपराध मुक्त तथा भय मुक्त बनाए रखने और विधि का अनुपालन करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षा बोध कराने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश पुलिस बल की है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के मन में एक विश्वास उत्पन्न हुआ है। वह विश्वास है कि अगर हम कानून का सम्मान करेंगेए तो कानून भी हमें संरक्षण देगा। हमारे जवानों को कानून की राज्य की स्थापना के लिए अपनी पूरी निष्ठा व मनोयोग के साथ कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस एवं पीएसी कर्मियों की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के साथ ही उनके प्रशिक्षण केन्द्रों के विस्तार, कार्मिकों की अवस्थापना सुविधाओं, आवासीय सुविधाओं और बैरकों सहित अन्य सुविधाएं देने की कार्यवाही को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य किया गया। प्रदेश में पदोन्नति की प्रक्रिया जो दशकों से लम्बित थी उसे समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य किया, जिससे वे अपने उच्च मनोबल के माध्यम से पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्ष व प्रशिक्षित पुलिस बल द्वारा उच्च मनोबल के साथ कार्य किए जाने परए वह पूर्ण मनोयोग व निष्ठा से प्रदेश की छवि को सुधारने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। उत्तर प्रदेश के साथ यही हुआ। विगत 5 वर्षों में प्रदेश के बारे में देश और दुनिया की जो धारणाएं थी उन धारणाओं को प्रदेश की बेहतरीन कानून-व्यवस्था के माध्यम से पूरी तरह बदलने का कार्य किया गया। आज जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। 05 वर्ष पूर्व प्रदेश के युवाओं को अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होना पड़ता था, आज प्रदेश का नौजवान बड़े गौरव के साथ कह सकता है कि वह भारत के हृदयस्थल उत्तर प्रदेश का निवासी है। ऐसा तभी सम्भव हो पाया, जब प्रदेश के पुलिस व पीएसी बल के सभी कार्मिकों ने पूरी निष्ठा व पूरे मनोयोग के साथ नेशन फ र्स्ट की अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप कार्य करते हुए बेहतर परिणाम दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रशिक्षण क्षमता में वृद्धि करने के साथ ही 2 नए पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय स्थापित किए गए हैं। पहली बार 9 प्रशिक्षण संस्थानों में बेहतर आउटडोर एवं टर्नआउट के लिए ड्रिल नर्सरी स्थापित की गई है, जिसके फलस्वरूप पुलिस प्रशिक्षुओं की ड्रिल में विशेष सुधार परिलक्षित हो रहा है। प्रथम बार प्रशिक्षण संस्थानों में स्टेट ऑफ द आर्ट साइबर क्राइम फ रेंसिक ट्रेनिंग लैब की स्थापना की गई, जिसमें अत्याधुनिक साइबर टूल्स के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोतवाल धन सिंह गुर्जर अत्याधुनिक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पीटीएस मेरठ को अत्याधुनिक स्टेट ऑफ द आर्ट हाइटेक प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जा रहा है। इस हाइटेक प्रशिक्षण केन्द्र पर साइबर अपराध के अलावा, फॉरेंसिक, ड्रोन के प्रशिक्षण की व्यवस्था प्रदेश में पहली बार होने जा रही है। ड्रोन के प्रशिक्षण के लिए प्रदेश में पहली बार प्रशिक्षण केन्द्र बनेगा। समस्त प्रशिक्षण संस्थानों को उच्चीकृत कर वहां पर फायरिंग आर्म्स सिमुलेटर तथा ड्राइविंग सिमुलेटर की स्थापना प्रस्तावित है, ताकि पुलिस बल की कार्यदक्षता में वृद्धि हो।

### पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए

**दीक्षान्त** परेड कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष पीएसी रिक्रूट आरक्षियों की 16 टोलियों द्वारा परेड प्रस्तुत की गयी। मुख्यमंत्री ने दीक्षान्त परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने पीएसी की 399 रिक्रूट आरक्षियों को शपथ भी ग्रहण कराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्पूर्ण भारत के सबसे बड़े पुलिस बल उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रशिक्षण तथा अनुशासन का अत्यधिक महत्व है। आज यहां सभी प्रशिक्षुओं ने कठोर परिश्रम एवं रुचि लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा भव्य परेड की प्रस्तुति दी। इसके लिए प्रशिक्षुओं को हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण का उपयोग करते हुए कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपनी सार्थकता स्थापित करेंगे तथा राज्य एवं पुलिस बल के गौरव को बढ़ाएंगे। उन्होंने पीएसी के रिक्रूट आरक्षियों आयुष सिंह को सर्वांग सर्वोत्तम, राजा पांडेय को परेड कमांडर प्रथम, अमन पांडेय को परेड कमांडर द्वितीय, योगेन्द्र अवस्थी को परेड कमांडर तृतीय का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने इस मौके पर कहा कि यह परेड पीएसी रिक्रूट आरक्षियों द्वारा 6 माह का कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात आयोजित की जा रही है। इन रिक्रूट आरक्षियों का चयन पारदर्शी तरीके से किया गया। इनको बेसिक ट्रेनिंग के साथ ही तकनीक का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। पीएसी बल का गौरवशाली इतिहास है। सीएम के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश पुलिस जनता को सुरक्षा प्रदान कर रही है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ डीके ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा पर बधाई दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु-पूजन का पर्व है। सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु-शिष्य की सुदीर्घ परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। शास्त्रों के अनुसार इस पूर्णिमा की तिथि पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए व्यास पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान बताया गया है। गुरु शिष्य को रचता है, इसलिए वह ब्रह्मा है। गुरु, शिष्य की रक्षा करता है, इसलिए वह विष्णु है। गुरु शिष्य के सभी दोषों का संहार करता है, इसलिए वह साक्षात महेश्वर है। हमें गुरु-पूजन पूरी आस्था और श्रद्धाभाव से करके उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में गुरु के महत्व से भावी पीढ़ी को परिचित कराने के लिए यह पर्व आदर्श है। गुरु-पूजन का यह पर्व हमें सद्मार्ग पर ले जाने वाले उन महापुरुषों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता अर्पित करने की प्रेरणा देता है, जिन्होंने अपने ज्ञान, त्याग और तपस्या से समाज, राष्ट्र और विश्व को नई राह दिखाई। उन्होंने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाये जाने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री से इण्डोनेशिया की राजदूत ने शिष्टाचार भेंट

## यूपी और इण्डोनेशिया के बीच सीधी हवाई सेवा जरूरी: कृष्णमूर्ति

● कुशीनगर से दक्षिण पूर्व एशिया के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए तैयारी: सीएम



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर भारत में इण्डोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर इण्डोनेशिया और भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मध्य सम्बन्धों को और बेहतर करने के विषय में विचार.विमर्श किया गया। इण्डोनेशिया की राजदूत कृष्णमूर्ति ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा कि उनके नाम में ही कृष्णमूर्ति जुड़ा हुआ है अत: इस प्रदेश से गहरा लगाव होना स्वाभाविक ही है। हम चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश और इण्डोनेशिया के बीच एक सीधी हवाई सेवा उपलब्ध हो, तो हमें खुशी होगी। यह हवाई सेवा दोनों देशों के सम्बन्धों को और बेहतर बनाने में उपयोगी होगी। राजदूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बेहतरीन इनिशिएटिव एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी से प्रेरणा लेकर इण्डोनेशिया के बाली में वन विलेज वन प्रोडक्ट कार्यक्रम शुरु किया गया है। इस प्रयास से ग्रास रूट लेवल पर अर्थव्यवस्था को गति मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के लिए संचालित मिशन शक्ति के उत्साहजनक परिणामों से वे बहुत प्रभावित हैं। राजदूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में जिस तरह तरक्की कर रहा है। वह उल्लेखनीय है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश एक और एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करने जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को इण्डोनेशिया की ओर से अग्रिम शुभकामनाएं दी। राजदूत ने कहा कि इण्डोनेशिया की खाद्यान्न जरूरतों को पूरा करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादक राज्य होने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश से उन्हें अधिक अपेक्षाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ी आबादी का राज्य है। यह भारत का हृदय स्थल है। यह भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं का स्रोत है। यहां की उर्वर भूमि इस प्रदेश की समृद्धि का मूलाधार है। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि, भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और लीलाभूमि, महात्मा बुद्ध का प्रथम उपदेश स्थल और महापरिनिर्वाण स्थल इसी उत्तर प्रदेश में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें जब भी दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों में जाने का अवसर मिला है उन्हें वहां देवासुर संग्राम की प्रतिकृतियां देखने को मिली हैं। देवासुर संग्राम से सम्बन्धित कुम्भ दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम है। यह आयोजन भी इसी प्रदेश की पुण्य धरा पर होता है। सीएम ने कहा कि भारत और इण्डोनेशिया के मध्य घनिष्ठ सांस्कृतिक एवं वाणिज्यिक सम्बन्ध हैं। दोनों देश लम्बा इतिहास साझा करते हैं। महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण में बाली, जकार्ता, सुमात्रा का प्रमुखता से उल्लेख है। इन क्षेत्रों से जुड़ना हर भारतीय के लिए उत्सुकता और आकांक्षा का विषय है। राम और बुद्ध की परम्परा से जुड़ना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरवपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में दीपोत्सव के विशेष आयोजन में प्रतिवर्ष इण्डोनेशिया के रामलीला कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। उन्हें प्रसन्नता होगी यदि इस वर्ष अयोध्या दीपोत्सव के मुख्य आयोजन में इण्डोनेशिया के मंत्री के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक दल का स्वागत करने का अवसर मिले। दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को नई ऊंचाई देने में हमारी साझा संस्कृति महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## गांव-गांव पहुंच रहा रोजगार: स्वतन्त्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को जलशक्ति विभाग की 100 दिनों की कार्ययोजना की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के लिए समर्पित योगी सरकार के 100 दिनों की कार्ययोजना के लक्ष्य को जल शक्ति विभाग ने शत.प्रतिशत पूरा करने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हर घर तक नल से शुद्ध जल पहुंचाने का अभियान प्रदेश में युद्धस्तर पर चल रहा है। हर घर तक नल से जल पहुंचाने के साथ गांव-गांव तक रोजगार भी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ग्रामीण महिलाओं की घर बैठे आय बढ़ा कर उन्हें सशक्त बनाने की योजना पर भी विभाग तेजी से काम कर रहा है। जलशक्ति मंत्री ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि 100 दिनों में जल जीवन मिशन ने प्रदेश के 574 गांवों में पाइप पेयजल योजनायें पूरी की हैं। इनमें बुन्देलखण्ड, विन्ध्य की 64 पेयजल योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से 3.76 लाख घरों में पानी के कनेक्शन दिए गये हैं। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि बुंदेलखंड में 100 दिनों में कुल 63 योजनाओं का कार्य पूरा किया गया। 50 हजार घरों में पेयजल कनेक्शन के लक्ष्य के सापेक्ष 66 हजार से अधिक घरों में हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन दिए गए। योजना से 33 हजार से अधिक घरों में नल कनेक्शन के साथ पानी की सप्लाई भी शुरू कर दी गई है। रोजगार देने की ओर से बढ़ते कदम हर घर नल योजना से प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 756522 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने जा रहे हैं। गांव में रहने वालों को प्लंबर, फिटर, ऑपरेटर, केयरटेकर, सिक्योरिटी गार्ड जैसे पदों पर संविदा के आधार पर रोजगार दे रहे हैं। 600 जूनियर इंजीनियरों की संविदा के आधार पर भर्ती नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग 600 जूनियर इंजीनियरों की संविदा के आधार पर भर्ती करने जा रहा है। पूरी तरह कंप्यूटराइजड इस भर्ती प्रक्रिया को इसी महीने पूरा कर इंजीनियरों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा।

## औद्योगिक नीति को तीन माह के लिए बढ़ाया

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने अपनी पांच साल पुरानी औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति को तीन महीने और बढ़ा दिया है। यह नीति इसी 12 जुलाई को खत्म हो रही थी। इसलिए इसे तीन महीने और बढ़ाने का निर्णय मंगलवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन लिया गया। चूंकि अभी नई औद्योगिक नीति बन नहीं पाई है। इसलिए पुरानी नीति के तहत ही नए निवेशकों को सहूलियतें मिलेंगी। बताया जा रहा है कि औद्योगिक विकास विभाग अब अक्तूबर के पहले हफ्ते तक नई औद्योगिक नीति ले आएगा। इसके तहत निवेशकों को और ज्यादा रियायतें व सहूलियतें दी जाएंगी। कई अन्य नीतियों में भी बदलाव होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही नई औद्योगिक नीति लाने का निर्देश दे रखा है।

## समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण हो: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के कोने-कोने से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आये जन सामान्य से स्वयं आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याओं को पूछा तथा आश्वस्त किया कि आपकी समस्या हर सम्भव निराकरण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने क्षेत्रान्तर्गत होने वाले समाधान दिवस में उपस्थित होकर अपना आवेदन देते हुए समस्या से अवगत करायें, जिससे आपको दूर तक नहीं दौड़ना पड़ेगा और आपकी समस्या का शीघ्रता के साथ नियमानुसार निस्तारण भी किया जायेगा। श्री मौर्य ने पत्रों का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनका नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण कराएं। जिससे किसी भी फरियादी को बेवजह परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समस्या का निदान सही और पारदर्शिता के साथ हो, जिससे किसी प्रकार की कोई पुन: शिकायत प्राप्त होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण की समय-समय पर समीक्षा की जायेए जिससे यदि कहीं निस्तारण में विलम्ब होता है, तो यह सुनिश्चित हो सके कि किस स्तर पर लापरवाही, उदासीनता बरती जा रही है, तो संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी को भी एक ही समस्या के लिए बार-बार आवेदन न देना पड़ेए इसलिए समस्या का निदान भी समयान्तर्गत किया जाये। जनता दर्शन में सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। कई मामलों में उपमुख्यमंत्री ने सम्बंधित जिलों के जिलाधिकारियों व उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध मे वार्ता भी की।

## पेज एक का शेष

### अशोक स्तंभ...

के शीर्ष पर प्रतीक 6.5 मीटर ऊंचाई पर विशाल है। भाजपा के मीडिया प्रभारी और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने कहा कि विपक्ष के आरोपों के पीछे असली कारण मोदी सरकार के तहत भारत द्वारा अपना खुद का संसद भवन बनाने की निराशा है, जो कि 150 साल पहले अंग्रेजों द्वारा बनाई गई थी। उन्होंने कहा, यह विरोध शुद्ध रुप से राजनीतिक कारणों से प्रेरित है। विपक्षी दल किसी ना किसी बहाने प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाना चाहते हैं। यह लोगों को गुमराह कर वातावरण को दूषित करने का महज एक षड़यंत्र है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने ट्वीट किया कि नरेंद्र मोदी जी, कृपया शेर का चेहरा देखिए। यह महान सारनाथ की प्रतिमा को परिलक्षित कर रहा है या गिर के शेर का बिगड़ा हुआ स्वरूप है। कृपया इसे देखिए और जरूरत हो तो इसे दुरुस्त कीजिए। इतिहासकार एस इरफान हबीब ने भी नए संसद भवन के ऊपर अनावरण किए गए राष्ट्रीय प्रतीक पर आपत्ति जताई। हबीब ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के साथ हस्तक्षेप करना पूरी तरह से अनावश्यक और परिहार्य था।

### भारत-चीन...

जिलाधिकारी बांदा द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त निस्तारण होए शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त हो और शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने वाले सम्बन्धित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जायेगी। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों को लम्बित न रखा जायेए सन्दर्भो के डिफाल्टर होने से पूर्व ही सन्दर्भो का गुणात्मक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन सुबह आईजीआरएस पोर्टल खोलकर लम्बित प्रकरणों का समयावधि के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराया जाये ताकि सन्दर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न आयें। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों को गम्भीरता से ले और उनका गुणात्मक निस्तारण समयवधि से पूर्व सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि सन्दर्भो के निस्तारण आख्या की प्रति शिकायतकर्ता को अवश्य रूप से भेजा जाये ताकि शिकायतकर्ता को भी जानकारी हो सके।

# पत्रकार सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज

● महिला को सम्पत्ति बेचने को बाध्य करने का है आरोप

**मथुरा ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक पत्रकार सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ 80 वर्षीय एक महिला को अपनी संपत्ति औने-पौने दामों पर बेचने और उससे 50,000 रुपए ऐंठने की कोशिश करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने दी। राया पुलिस थाने के प्रभारी प्रवीण कुमार मिश्रा ने कहा कि आरोपियों में एक व्यक्ति शामिल है जो पत्रकार होने का दावा करता है और उसकी पहचान अमित अग्रवाल उर्फ अंतू के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले सेना के भूतपूर्व जवान श्याम सिंह की पत्नी पुष्पा देवी ने इस मामले में तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर के पास शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शिकायत में पुष्पा देवी ने कहा कि अमित अग्रवाल उर्फ अंतु, नीरज अग्रवाल, उत्तम चंद्र अग्रवाल और एक अन्य अज्ञात व्यक्ति उसे अपनी करोड़ों की संपत्ति को औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एसएचओ ने महिला की शिकायत के हवाले से कहा कि आरोपियों ने एक बाबा को उसके प्लॉट पर बैठा दिया और उस पर और उसके बेटे पर उक्त बाबा की हत्या करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मिश्रा के अनुसार, महिला ने अपनी शिकायत में लिखा, उन्होंने एक वीडियो भी बनाया है और मुझे धमका रहे हैं। मिश्रा ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया है कि चारों व्यक्तियों ने उससे कहा कि या तो वह अपनी संपत्ति उन्हें बेच दे या 50,000 रुपए का भुगतान करे वरना उसे और उसके बेटे को उसी बाबा की हत्या के मामले में फंसा देंगे। एसएचओ ने कहा कि तत्कालीन एसएसपी ने इस शिकायत पर जांच के आदेश कर दिए, परंतु उनके तबादले के साथ ही मामला ठंडा पड़ गया। उन्होंने बताया कि पुष्पा देवी ने फिर से नए एसएसपी अभिषेक यादव को शिकायत सौंपी, जिन्होंने तब महावन क्षेत्राधिकारी (सीओ) रविकांत पाराशर को मामले की जांच करने को कहा।

# सभी के लिए शिक्षा पर ध्यान देकर जनसंख्या वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण संभव: शफीकुर्रहमान

भाषा। संभल

**संभल से** समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने बच्चे पैदा करने का ताल्लुक अल्लाह से बताते हुए सरकार को यह सलाह दी है कि कानून लाने के बजाय सभी के लिए शिक्षा पर ध्यान देकर जनसंख्या वृद्धि से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। कथित तौर पर एक खास नजरिए से जनसंख्या में वृद्धि को देखने के लिए राज्य सरकार पर हमला करते हुए सपा सांसद बर्क ने कहा कि सरकार का एकमात्र उद्देश्य 2024 में होने वाले (लोकसभा) चुनावों में वोट हासिल करना है। बर्क ने सोमवार रात यहां संवाददाताओं से कहा,"जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए कानून को एक हथियार के रूप में सोचने की जगह, सरकार को शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और सभी के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए, चाहे वे गरीब, बड़े या छोटे हों ... अगर उन्हें पूरी शिक्षा मिलती है तो जनसंख्या का मुद्दा हल हो जाएगा।

उन्होंने कहा, सरकार कानून लाने के बजाय तालीम पर जोर दे। हर चीज को एक खास नजरिए से देखने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए बर्क ने आरोप लगाया कि उसका एकमात्र उद्देश्य 2024 के चुनावों में वोट हासिल करना है जिसके लिए वह किसी भी कीमत पर लोगों का नजरिया बदलना चाहती है। बर्क ने कहा, यह (जनसंख्या) मुद्दा एक मानवीय मुद्दा है जो सभी को चिंतित करता है। हर चीज को एक खास नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर सोमवार को लखनऊ में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा था, जब हम परिवार नियोजनाजनसंख्या स्थिरीकरण की बात करते हैं तो हमें ध्यान में रखना होगा कि जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़े, लेकिन जनसांख्यिकी असंतुलन की स्थिति भी न पैदा होने पाए। योगी ने कहा, ऐसा नहीं होना चाहिए कि जनसंख्या वृद्धि की गति या किसी समुदाय का प्रतिशत अधिक हो और हम मूल निवासियों की आबादी को स्थिर करने के लिए जागरूकता या प्रवर्तन के माध्यम से कार्य कर रहे हों।

## बुलंदशहर में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर ( भाषा )।** बुलंदशहर जिले के अहार थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ दो युवकों द्वारा कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अहार थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की के पिता ने मंगलवार को बताया उसकी बेटी सोमवार शाम मंदिर पर भागवत कथा सुनने गई थी और वहां से वह शौच करने के लिए पास के जंगल में गई, जहां एक लड़के ने उसका मुंह भींच लिया और लड़की ने शोर मचाने की कोशिश की तो उसके मुंह पर फूंक से कुछ मार दिया जिससे वह बेहोश हो गई। फिर दोनों लड़के लड़की को उठाकर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। पिता ने सोमवार देर रात करीब दो बजे थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जिसके आधार पर आरोपी कालू और सचिन को गिरफ्तार कर लिया गया। अनूपशहर की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अन्विता उपाध्याय ने मंगलवार को बताया कि थाना अहार पर मिली तहरीर के मुताबिक 11 जुलाई की शाम छह बजे के करीब एक पंद्रह साल की लड़की से दो लोगों ने बलात्कार किया है, जिनकी उम्र 20-21 के साल के करीब है। उन्होंने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्वाई की जा रही है।

## नवीन मंडी में किसान के साथ की मारपीट, लूट का आरोप

**फतेहपुर।** खागा नवीन मंडी में एक किसान को अराजकतत्वों ने पीट दिया। किसान ने हमलावरों पर एक लाख 18 हजार रुपये भी लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमेठी जिले के जायस निवासी किसान अनुराग सोनकर ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात को उसने दो पिकअप भरकर फल नवीन मंडी खागा में बेचा, जिससे उसे एक लाख 18 हजार रुपये मिले थे। सोमवार सुबह करीब 11 बजे जब वह हथगाम निवासी शहीद को दूसरी पिकअप के फल तौल करा रहा था तो, शहीद से तौल कम, ज्यादा होने को लेकर बहस होने लगी। कहासुनी को होते देख बगल की दुकान में बैठे एक युवक ने अपने पांच-छह साथियों के साथ उस पर हमला कर दिया। उसके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं जेब में रखे फल बिक्री के रुपये भी छीन लिए। अनुराग ने कोतवाली पहुंचकर एक नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफतहरीर दी है।

# परिवार नियोजन परामर्श दिवस पर किया जागरूक

संवाददाता। फतेहपुर

**विश्व जनसँख्या** दिवस को परिवार नियोजन परामर्श दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल समेत सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य उप केन्द्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर परिवार को सीमित रखने और दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के बारे में दम्पति को जागरूक किया गया। इसके अलावा जनजागरूकता रैली निकालकर समुदाय को छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में सन्देश दिया गया। केन्द्रों पर स्टाल लगाकर भी लोगों को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी गयी और इन्हें अपनाने के बारे में प्रेरित किया गया।

जनजागरूकता रैली को खागा तहसील से रवाना करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील भारतीय ने कहा कि परिवार की खुशहाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और तरक्की तभी संभव है, जब परिवार सीमित होगा। विकास के उपलब्ध संसाधनों का समुचित वितरण और बढ़ती जनसँख्या दर के बीच संतुलन कायम करने के उद्देश्य से आज सबसे अधिक जरूरत जनसँख्या स्थिरीकरण की है। परिवार को सीमित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बास्केट ऑफ़ च्वाइस का विकल्प मौजूद है, जिसमें स्थायी और अस्थायी साधनों को शामिल किया गया है। इन अस्थायी साधनों में से अपनी पसंद का साधन चुनकर शादी के दो साल बाद ही बच्चे के जन्म की योजना बना सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर भी रख सकते हैं। दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखना मां और बच्चे दोनों की बेहतर सेहत के लिए बहुत जरूरी है। जब परिवार पूरा हो जाए तो स्थायी साधन के रूप में नसबंदी का विकल्प चुन सकते हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. इश्तियाक ने कहा कि समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता लाने के लिए फ्रंट लाइन कार्यकर्ताओं के माध्यम से दो चरणों में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके पहले चरण में 27 जून से 10 जुलाई तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत लक्षित दम्पति को चिन्हित कर परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया। अगला चरण जनसँख्या स्थिरता पखवाड़ा का आज से शुरू हो रहा है जो 30 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत लक्षित दम्पति को सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन के बारे में किशोर-किशोरियों को भी जागरूक करने की जरूरत है ताकि भविष्य में वह सही समय पर सही कदम उठाने के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकें। इस मौके पर डॉ. एसपी जौहारी, डॉ. इश्तियाक, डॉ. सुरेश, डॉ. यूपी कुशवाहा, डॉ. आरके सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर, एआरओ महेंद्र लोधी, जिला प्रबंधक परिवार कल्याण राहुल सिंह, डीसीपीएम धीरेंद्र वर्मा, परिवार नियोजन विशेषज्ञ प्रताप कोशियारी, सीएचओ कप्तान सिंह, देवेंद्र सिंह, ऋतुराज रहे।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण के तहत किया गया पौधरोपण

**फर्रुखाबाद।** ओम शांति अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरी बाग सेवा केंद्र पर विश्व पर्यावरण के तहत किया गया वृक्षारोपण। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रम्हाकुमारी शोभा दीदी द्वारा पौधा भेंट कर शुभारंभ किया गया। वृक्षारोपण की शुरुआत शोभा बहन ने बताया कि देश भर में चलाया जाएगा। वृक्षारोपण अभियान 5 जून से 25 अगस्त 75 दिन तक चलाया जाएगा यह अभियान 50000 गीता पाठशाला ऊपर होगा पौधारोपण। उन्होंने कहा कि मां प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जीवन से मृत्यु तक प्रकृति हमें देती ही देती है लेती नहीं तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा करें, ब्रह्माकुमारी संस्थान ने 40 लाख देशभर में पौधारोपण करने का महान लक्ष्य रखा है। इसमें देशभर में स्थित 5000 सेवा केंद्र 50,000 गीता पाठशाला रिट्रीट सेंटर मेडिटेशन सेंटर और सेवा केंद्र पर चलाया जाएगा, इसमें संस्थान से जुड़े सभी समर्पित रूप से सेवाएं दे रही। ब्रम्हाकुमारी परसर स्कूल कॉलेज सरकारी कार्यालय नगर निगम नगर परिषद सामूहिक पार्क आदि स्थानों पर पौधारोपण किए जाएंगे और किए जा रहे हैं। शोभा दीदी ने सभी से अपील की जितना हो सके सभी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें ताकि पर्यावरण को संजीवनी मिल सके और हम सब आत्माओं को भी जीवन दान मिलेए इस मौके पर ब्रम्हाकुमारी शोभा बहन ने बच्चों को और भाई बहनों को भी पौधे प्रदान कर एक.एक पौधा लगाने की अपील की और उसकी देखरेख के लिए उन्होंने प्रतिज्ञा भी कराई।

# हर-घर फहराता तिरंगा जगाएगा राष्ट्रप्रेम का भाव

● आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 11-17 अगस्त तक के लिए तैयारी की रूपरेखा

● घरों से लेकर सार्वजनिक स्थलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, थाना-चौकी आदि में लगाया जाएगा तिरंगा

संवाददाता। फतेहपुर

आमजन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करने एवं स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से हर घर, सार्वजनिक स्थानों, प्रतिष्ठानों, व्यवसायिक अधिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का कार्यक्रम तय किया गया है। आगामी 11-17 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा को लेकर प्रदेश सरकार ने विस्तृत रूपरेखा तय की है और इसके लिए मुख्य सचिव ने पत्र जारी कर दिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 26 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो लोगों में जागरूकता एवं झंडो के निर्माण, उनके लगाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार का काम करेगी। स्वयं सहायता समूहों के जरिए भी झंडा निर्माण का कार्य किया जाएगा और इसके लिए कल 5 जून तक जिलाधिकारी को विस्तृत रूपरेखा तय कर लेनी है।

आजादी का अमृत महोत्सव के तहत श्हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया जाएगा। अधिकारियों-कर्मचारियों, शैक्षिक संस्थाओं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों सहित विभिन्न नागरिक संगठनों के सहयोग से कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना है। कार्यक्रम को लेकर सहभागिता एवं तिरंगा झंडा बनवाने के लिए सीएसआर संसाधनों को उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अमृत महोत्सव की वेबसाइट पर हर घर तिरंगा का लिंक भी देने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता, घरों, सार्वजनिक स्थलों, नलकूपों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में झंडा लगाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झंडो के निर्माण के लिए समूहों के गठन एवं उनकी बिक्री हेतु स्थानों का चयन भी किया जाएगा और इसके लिए राशन की दुकानों के माध्यम से भी झंडो की बिक्री की जाएगी। झंडा निर्माण के लिए स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय टेलरों आईटीआई एवं वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्रों के दक्षकारों का चयन 5 जून तक किया जाना है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जो आदेश जारी किया है उसमें स्पष्ट तौर पर कहा है कि जिले में दिए गए लक्ष्य एवं आवश्यकता के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में झंडों का निर्माण कर लिया जाए।

# सड़क हादसों में दंपति सहित चार घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गौंती गांव निवासी स्व. सुभान अंसारी का 40 वर्षीय पुत्र महताब अंसारी अपनी 35 वर्षीय पत्नी परवीन व 04 वर्षीय पुत्र आहिल को बाइक में बैठाकर रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही यह लोग इजूरा मोड के पास पहुंचे उसी समय सामने से आ रहे विक्रम से भिडंत हो गई जिससे महताब गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं उसकी पत्नी व पुत्र को मामूली चोटे आयी। इसी प्रकार मलवां थाना क्षेत्र के मदारीपुर खुर्द गांव निवासी स्व. गजोधर का 50 वर्षीय पुत्र प्रेम चन्द्र पैदल आ रहा था। जब वह कैंची मोड कें पास सड़क पार करने लगा उसी समय विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची सरकारी एम्बंलेन्स ने घायलो ंको उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

## उपजिलाधिकारी ने विद्यालय का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** उपजिलाधिकारी खागा मनीष कुमार द्वारा, गोद लिए कंपोजिट विद्यालय नक्सारा का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर कुल पंजीकृत 330 बच्चों के सापेक्ष 223 बच्चे उपस्थित मिले। सभी को मिड डे मिल योजना के तहत आज सब्जियुक्त दाल और चावल खाना खिलाया गया। उपजिलाधिकारी खागा ने सभी बच्चों के ड्रेस में न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए हेडमास्टर को शत प्रतिशत ड्रेस हेतु निर्देशित किया। विद्यालय में पानी के गुणवत्ता हेतु सैंपलिंग के लिए निर्देशित किया और बीडीओ ऐरायां से वार्तालाप के क्रम में मूल-भूत सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ रहे सिद्धान्त कुमार नायब तहसीलदार।

## कुएं में गिरकर वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रखानी में सोमवार की शाम घर से निकले 60 वर्षीय वृद्ध की कुएं में गिरकर मौत हो गई। रखानी गांव निवासी स्व. श्रीपाल का पुत्र छंग्गू लाल सोमवार की शाम लगभग 06 बजे घर से निकल पड़ा और तभी गांव के समीप स्थित कुएं में जा गिरा और उसकी जहरीली गैस की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mr. Subodh Kumar** S/o Mr. Laxman Narayan who is purchasing the **RESIDENTIAL PLOT NO. 7A, TOTAL AREA MEASURING 59.11 SQ. YARDS I.E. 49.42 SQ. METER OUT OF KHASRA NO. 258KA SITUATED AT METRO CITY-1, IN THE VILLAGE CHAPRAULLA PARGANA & TEHSIL DADRI DITT. GAUTAM BUDH NAGAR. (U.P.)** from **Mrs. Rashmi Sharma W/o Mr. Narendra Kumar Sharma**, who had owner **through Sale Deed Dated 05.12.2018,** and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** However, Original Sale Deed Dated 29.09.2006 (Doc. No. 13932) and Sale Deed Dated 25.02.2011 (Doc. No.3493), also Sale Deed Dated 20.06.2017 (Doc. No. 8353) have been lost and not available and an e-FIR has lodged on dated 12.07.2022 with LAR No. 20220000352555 for loss of document. If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
**B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301**

**PUBLIC NOTICE**

My client Mohan Jha S/o Late Sh. Sahab Jha R/o K/1 Extension 92,Mohan Garden, Uttam Nagar-110059 have purchased a property bearing No. Nova East/1003 Project Supernova address Plot no.3, Sector-94 Noida and sell/transfer the above property to Mrs.Yashoda Sharma W/o Manoj Kumar R/o C-2/25A and M/S Supertech Realtors Pvt Ltd had issued Allotment letter in her favour,due to some financial reason Mrs.Yashoda Sharma got to cancelled sell/transfer deal and hand-over to Mohan Jha all original documents, Mohan Jha has lost the original allotment letter of the above property,he has requested to M/S Supertech realtors Pvt Ltd to restore above property in his name without original allotment letter and Receipt,if any body or financial institutions have objection, he/she may contact to M/S Supertech Realtors Pvt Ltd office plot no.C-2,Sector 96,Noida-201303 UP, within fifteen days.

**Tushar Sharma-Advocate # B-1/103 St No.4 Sant Nagar Burari New Delhi-84 Ph.: 9999592027**

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती **उर्मिला गर्ग** की ओर से एतदद्वारा नोटिस दिया जाता है, जो 76 वर्ग मीटर (63.54 वर्ग मीटर) क्षेत्रफल वाली संपत्ति संख्या 125 की मालिक हैं। जो नेताजी गली, मौज पुर, शाहदरा, दिल्ली की आबादी में ग्राम मौजपुर के क्षेत्र खसरा नंबर 196 में स्थित है। हक त्याग पत्र 03.05.2013 के आधार पर, डॉक्यूमेन्ट संख्या 909 के रूप, उप पंजीयक-IV, सीलमपुर, दिल्ली के कार्यालय में पंजीकृत है। और **उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड** से वित्तीय सहायता के लिए गिरवी रखना चाहती हैं। और स्वर्गीय श्री तुक्की राम गर्ग का जीवित सदस्य प्रमाण-पत्र (एसएमसी) उपलब्ध नहीं है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व या गिरवी रखने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतदद्वारा 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करने एवं नीचे लिखे पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है।

**लुसेम लीगल एलएलपी**
**कार्यालय संख्या** 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क #011-40046316

# ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व संजोए है अमरौधा का कालेश्वर मंदिर

● मंदिर प्रशासन ने शुरू की मेले की तैयारियां, सावन के प्रत्येक सोमवार को लगता है मेला

रामनाथ वर्मा। पुखरायां, कानपुर देहात

**भोगनीपुर** तहसील क्षेत्र के कस्बा अमरौधा स्थित ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व संजोए प्राचीन कालेश्वर मंदिर परिसर में सावन के प्रत्येक सोमवार को लगने वाले भव्य मेला की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। श्रद्धालु भक्तों के आवागमन में सहूलियत के लिए मंगलवार को स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में तैनात सफाईकर्मियों ने रास्तों की सफाई का कार्य शुरू किया। वहीं सजावट के लिहाज से मंदिर की दीवारों में रंगरोगन किया जा रहा है।

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा अमरौधा के पंडित कालूराम शास्त्री, कालिंदी नदी और कालेश्वर मंदिर प्रसिद्ध हैं। अमरौधा से करीब एक किलोमीटर दूर दक्षिणी छोर में कालिंदी तट पर स्थापित प्राचीन कालेश्वर मंदिर यहां पर प्रमुख श्रृद्धा का केंद्र है। सावन मास में प्रत्येक सोमवार और महाशिवरात्र पर्व पर भव्य मेले आयोजित होते हैं। जहां पर मेला में दिनभर शिवभक्तों का तांता लगता है। वहीं पूरे साल सबेरे और शाम की आरती में शामिल होने के लिये लोगों की भीड़ लगती है। उक्त पर्वों में तो कानपुरदेहात के अलावा औरैया, कानपुरनगर, जालौन समेत दूर दराज से लोग कांवर चढ़ाने आते हैं। भक्तों का जमावड़ा देखकर दूर-दूर से दुकानदार भी व्यवसाय करने के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु भक्तों के आवागमन में सहूलियत के लिए मंगलवार को स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय की ओर से रास्तों की स्वच्छता के लिए करीब एक दर्जन सफाईकर्मियों तैनात किये गए थे। रास्तों की सफाई का कार्य जारी है। वहीं मेले में भीड़ के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना है। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर जाने के रास्तों पर चेकपोस्ट बनाये जाएंगे। बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं हर संदिग्ध व्यक्ति की बारीकी से निगरानी की जाएगी। मंदिर प्रशासन की ओर से दीवारों पर रंगरोगन भी किया जा रहा है। मंदिर के महंत कल्यानदास ने बताया कि दर्शन करने में सुविधा हो इसलिए प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग द्वार बने हैं।



पौराणिक कालेश्वर मंदिर और मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु

**पौराणिक महत्व संजोए है कालेश्वर मंदिर:** कस्बे के दक्षिणी छोर पर स्थापित महाकालेश्वर मंदिर पौराणिक महत्व संजाए है। स्थापित शिवलिंग का स्वत: प्रादुर्भाव हुआ था ऐसा उल्लेख है। जिसे उदासी आखाड़ा के महंत ने स्थापित कराया था। बताया जाता है कि मंदिर के पास मुगलकालीन शाहपुर एवं महमूदपुर नामक दो बड़े कस्बे आबाद थे। अंग्रेजी हुकुमत में शाहपुर तहसील परगना का मुख्यालय था। उन दिनों नदियों के जरिए नावों से व्यापार होता था इसी लिहाज से शाहपुर व्यापारिक केंद्र रुप में भी विकसित था। लेकिन यमुना की विकराल बाढ़ के बाद संक्रामक बीमारियों फैलने से दोनों कस्बे उजड़ गए थे। यहां पर मंदिरों और इमारतों के मलवे आज भी नजर आ जाते हैं। कालेश्वर मंदिर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग यहीं पर दबा मिला था। किवंदति है कि मिट्टी में दबे शिवलिंग के ऊपर एक गाय का दूध स्वत: निकलने लगता था। यह देखकर एक चरवाहे ने लोगों को सारी बात बताई। खोदाई करने पर उसी स्थान पर काले पत्थर का शिवलिंग निकला। इसीलिए मंदिर का नाम कालेश्वर पड़ा। संस्..त के महान कवि भारवि ने शायद अपनी एक रचना में इसी कालेश्वर का बखान किया है। उदासी आखाड़ा के महंत बजरंग दास की देखरेख में मेहरोत्रा खानदान के लोगों ने शिवलिंग की स्थापना कराई थी। मंदिर निर्माण कराकर वैकल्पिक व्यवस्था के लिये उन्होंने अपने शिष्य सहजानंद को पूजन करने एवं देखरेख में रख दिया था। मंदिर में रौनक बनीं रहे इसलिए यहां पर एकं संस्..त पाठशाला का निर्माण कराया गया था। बाद में सहजानंद के गुरूभाई हरिहरदास ने गद्दी संभाली थी।

**आजादी की लड़ाई का गवाह है मंदिर:** आजादी के 75 साल पूरे होने पर समूचे भारत में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस लिहाज से अमरौधा के कालेश्वर मंदिर का जिक्र न हो तो यह नइंसाफी होगी। कालेश्वर मंदिर 1857 आजादी की लड़ाई का गवाह भी है। 1857 में कालेश्वर मंदिर के सामने यमुना पार कालपी के किलाघाट पर अंग्रेजों और महारानी लक्ष्मीबाई के बीच भीषण युद्ध हुआ था। जिसमें रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों को नाको चना चबाने को मजबूर कर दिया था। लेकिन मंदिर के सामने ही जंगल के एक नाले में उनका घोड़ा फंस जाने से एक अंग्रेजी सैनिक ने घात लगाकर पीछे से वार करके रानी को जख्मी कर दिया था। अंग्रेजों की चंगुल में फंसते देख उन्होंने बाद में खुद की तलवार से वार करके वीरगति प्राप्त हो गईं। इस खबर की जानकारी होने पर उनकी सेना में खलबली मच गई थी और अंग्रेजी सैनिकों के अत्याचार से बचने के लिए रानी के अनुचर यमुना नदी पार कर अमरौधा के कालेश्वर मंदिर में शरण लेकर अपनी जान बचाई थी।

**राष्ट्रपति कोविंद भी कर चुके हैं कई बार दर्शन:** 1992 में रामनाथ कोविंद को लोकसभा क्षेत्र घाटमपुर से टिकट मिलने पर कस्बा अमरौधा से ही चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। बाद में नगर अध्यक्ष आरएन वर्मा की अगुवाई में पंडित कालूराम शास्त्री स्मारक समिति में पहली चुनावी बैठक की थी। 1994 में राज्यसभा सदस्य बनने के बाद कालेश्वर मंदिर के दर्शन कर सांसद निधि से कालेश्वर मंदिर के कच्चे रास्ते को पक्का कराया था। अमरौधा आने पर कालेश्वर मंदिर के दर्शन जरूर करने जाते थे।

# बुमराह ने गेंदों से अंग्रेजों की निकाली आह

## भारत ने इंग्लैंड को 110 रन पर समेटा, 10 विकेट से मैच जीता

● पहला वनडे : बुमराह ने छह विकेट चटकाए, रोहित ने 76 रन जोड़े

भाषा। लंदन



**जसप्रीत बुमराह** ने कहर बरपाती गेंदबाजी करते हुए अपने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके छह विकेट चटकाए जिसकी मदद से भारत ने मंगलवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को दस विकेट से हरा दिया। पिच पर घास को देखते हुए भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और बुमराह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने इसे सही साबित करते हुए इंग्लैंड को 110 रन पर समेट दिया जो भारत के खिलाफ उसका न्यूनतम स्कोर था। बुमराह ने 7.2 ओवर में 19 रन देकर छह विकेट लिए। वह इंग्लैंड में किसी वनडे मैच में पांच या अधिक विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए। जवाब में कप्तान रोहित शर्मा ने 58 गेंद में नाबाद 76 और शिखर धवन ने 54 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर भारत को 18 . 4 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए जीत दिला दी। धवन को लय में आने में समय लगा लेकिन रोहित ने दर्शनीय शॉट्स खेलकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने क्रिस ओवर्टन को बेहतरीन छक्का और चौका लगाया। शुरूआती 17 गेंदों में सिर्फ दो रन बना सके धवन ने रीस टॉपले को लगातार दो चौके लगाए। इस बीच रोहित ने ब्राइडन चेस को अपनी पारी का तीसरा छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने चेस को अपनी पारी का पांचवां छक्का भी जड़ा जबकि धवन ने विजई चौका लगाया। इससे पहले गेंद बढिया स्विंग और सीम ले रही थी जिससे बुमराह और मोहम्मद शमी और खतरनाक नजर आए। शमी ने सात ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिए। जैसन रॉय (0) ने बुमराह की बाहर जाती गेंद से छेड़खानी के प्रयास में अपना विकेट गंवाया। दो गेंद बाद फॉर्म में चल रहे जो रूट (0) एक और इनस्विंगर गेंद का इंतजार कर रहे थे लेकिन बुमराह की गेंद आफ स्टम्प के बाहर से उछलती हुई आई और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने आसान कैच लपका। दूसरे छोर से शमी ने बेन स्टोक्स को खाता भी नहीं खोलने दिया। पंत ने एक हाथ से उनका दर्शनीय कैच लपका। पंत ने जॉनी बेयरस्टॉ का भी कैच इसी अंदाज में लपका जो सात रन बनाकर बुमराह का तीसरा शिकार हुए। बुमराह ने जल्दी ही इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 26 रन कर दिया जब लियाम लिविंगस्टान (0) पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने 32 गेंद में सर्वाधिक 30 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे। शमी ने शॉर्ट गेंद डालकर बटलर को खराब शॉट खेलने पर मजबूर किया जो डीप स्क्वेयर लेग में कैच देकर लौटे। इस समय इंग्लैंड का स्कोर सात विकेट पर 59 रन था। डेविड विली (26 गेंद में 21 रन) और ब्राइसन कार्स (26 गेंद में 15 रन) ने नौवे विकेट के लिए 35 रन जोड़कर इंग्लैंड को सौ रन के भीतर सिमटने से बचाया। इंग्लैंड का न्यूनतम स्कोर 86 रन है जो 2001 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था। बुमराह ने कार्स को आउट करके अपने वनडे कैरियर में दूसरी बार पारी के पांच विकेट पूरे किए।

### स्कोरबोर्ड

**इंग्लैंड पारी :** रॉय बो बुमराह 0,बेयरस्टॉ का पंत बो बुमराह 7, रूट का पंत बो बुमराह 0, स्टोक्स का पंत बो शमी 0,बटलर का यादव बो शमी 30, लिविंगस्टोन बो बुमराह 0, अली का और बो कृष्णा 14, विली बो बुमराह 21,ओवर्टन बो शमी 8, कार्स बो बुमराह 15, टॉपले नाबाद 6, अतिरिक्त : नौ रन , कुल योग : 25 . 2 ओवर में 110 रन, विकेट पतन :I-6, 2-6, 3-7, 4-17, 5-26, 6-53, 7-59, 8-68, 9-103, गेंदबाजी : शमी 7 -0 -31 -3,बुमराह 7.2-3- 19- 6, पंड्या 4-0-22-0, कृष्णा 5-0- 26-I, चहल 2-0-10-. 0

**भारत पारी :** रोहित नाबाद 76, धवन नाबाद 31,अतिरिक्त : सात रन, कुल योग : 18.4 ओवर मे 114 रन, गेंदबाजी : विली 3-0-8-0, टॉपली 5-3-22-0, ओवर्टन 4- 0 -34-0, कार्स 3.4- 0-38-0, स्टोक्स I-0-I -0, मोईन 2-0-9-0

# श्रीलंका व पाकिस्तान में खेलने से मिली सीख का भारत में फायदा मिलेगा : कमिंस

भाषा। सिडनी



**आस्ट्रेलिया के** टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी टीम ने पाकिस्तान और श्रीलंका के दौरों के दौरान काफी कुछ सीखा है और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में खेलने से उनके कुछ अनुभवहीन खिलाड़ियों को अगले साल भारत में होने वाली श्रृंखला में मदद मिलेगी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाजी क्रम में शामिल आधे खिलाड़ियों और आधे गेंदबाजों ने उपमहाद्वीप में काफी क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए इन दो बेहद अलग पिचों पर खेलने के अनुभवी से, मुझे लगता है कि हमने इससे काफी सीख ली है और इससे अगले साल भारत में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम यह जानते हुए मैदान पर उतरे थे कि यहां श्रृंखला और मैच जीतना मुश्किल होगा। इसलिए श्रृंखला ड्रॉ करना अच्छा रहा। इसी टीम ने पिछले हफ्ते जीत दर्ज की थी। हमने पाकिस्तान में कड़ी चुनौती पेश की और श्रृंखला जीती। यह शायद वास्तविकता का सामना करना रहा कि स्वदेश के बाहर अलग परिस्थितियों में खेलना मुश्किल होता है। आस्ट्रेलिया की टीम अगले साल फरवरी-मार्च में भारत का दौरा करेगी और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए दोनों टीम के बीच चार टेस्ट की श्रृंखला होगी। आस्ट्रेलिया में पूरी संभावना होती है कि आप सिर्फ एक स्पिनर के साथ खेलोगे इसलिए आप कुछ और खिलाड़ियों को तैयार करने की कोशिश करते हैं जिन्हें भारत में मौका मिलेगा। पिछले दो दौरों से हमने काफी कुछ सीखा है और हमारे खेलने के तरीके में सुधार हुआ है। आस्ट्रेलिया ने 80 ओवर के भीतर की अपने तीन डीआरएस गंवा दिए जिसका टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि टीम इसके बाद अंपायरों के कुछ करीबी फैसलों की समीक्षा नहीं करा पाई।

### राष्ट्रमंडल खेलों के लिए बीएआई अभ्यास शिविर आयोजित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 18 जुलाई से हैदराबाद मे एक सप्ताह के अभ्यास शिविर में हिस्सा लेंगे। भारत का 10 सदस्ईय दल 25 जुलाई को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होगा। राष्ट्रमंडल खेलों का 22वां सत्र 28 जुलाई से आठ अगस्त तक बर्मिंघम में होगा।

### गांगुली ने बील शतरंज महोत्सव में फिशर रैंडम स्पर्धा में बाजी मारी

**बील।** भारतीय ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली बील शतरंज महोत्सव की फिशर रैंडम स्पर्धा मे मंगलवार को यहां हमवतन एसपी सेतुरमन को पछाड़कर विजेता बने। कोलकाता के इस 39 साल के खिलाड़ी ने सात दौर के मुकाबले में छह जीत और एक ड्रा के साथ 6.5 अंक हासिल किए जबकि सेतुरमन के नाम 5.5 अंक रहे। फ्रांस की महिला ग्रैंडमास्टर वेरा नेबोलसिना के नाम भी 5.5 अंक रहे। गांगुली ने अरशवीर मुसेलियन (स्विट्जरलैंड), साई कल्लूरी हरि चरण (भारत), रॉबिन एंगस्ट (स्विट्जरलैंड), जोस एंटोनियो हेरेरा रेएस (स्पेन), सेतुरमन और कॉन्स्टेंटिन रैगियोस (यूनान) को शिकस्त दी जबकि एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियूक से उन्होंने ड्रॉ खेला। सेतुरमन को गांगुली से हार का खामियाजा भुगतना पड़ा।

### हमारी मेजबानी के लिए शुक्रिया श्रीलंका: वार्नर

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने बेहद मुश्किल समय में टीम की मेजबानी के लिए श्रीलंका का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वह इस दौरे को कभी नही भूल पाएंगे। श्रीलंका मौजूदा समय में अभूतपूर्व आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल की चपेट मे है। देश ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी का सामना कर रहा है। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महीने भर चली श्रृंखला के लिए प्रशंसक बड़ी संख्या मे स्टेडियम पहुंचे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर श्रीलंका के लोगों और प्रशंसकों के लिए एक भावनात्मक संदेश पोस्ट किया। मुश्किल समय में हमारी मेजबानी करने के लिए शुक्रिया श्रीलंका।

### गल्फ जाइंट्स के मुख्य कोच बने एंडी फ्लावर

**अहमदाबाद।** जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी फ्लावर को यूएई इंटरनेशल लीग टी20 (आईएलटी20) की गल्फ जाइंट्स टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस टीम का स्वामित्व और प्रबंधन अडानी समूह के पास है। आईएलटी20 का पहला सत्र जनवरी-फरवरी 2023 मे खेला जाएगा। जिंबाब्वे के संभवतः महानतम खिलाड़ी फ्लावर को तीन दशक का क्रिकेट अनुभव है। वह 2010 टी20 विश्व कप विजेता इंग्लैंड टीम के कोच भी थे और हाल मे इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच की भूमिका भी निभा रहे थे। फ्लावर इससे पहले इंग्लैंड और अफगानिस्तान की राष्ट्रीय टीम को कोचिंग दे चुके है। वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट मे आईपीएल की पंजाब किंग्स, अबु धाबी टी10 मे मराठा अरेबियंस और दिल्ली बुल्स, पाकिस्तान सुपर लीग में मुल्तान सुल्तान्स और कैरेबियाई प्रीमियर लीग मे सेंट लूसिया किंग्स के साथ जुड़े रहे है। फ्लावर ने कहा, किसी भी बड़े फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट का हिस्सा होना रोमांचक होता है और आईएलटी20 के पास बड़ा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट बनने के लिए योजनाएं है।

# तुषार और मेहुली ने जगाई उम्मीद

● भारत की एयर पिस्टल और एयर राइफल मिश्रित टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई

भाषा। चांगवन



**भारत की** 10 मीटर एयर पिस्टल और एयर राइफल मिश्रित टीम ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के चौथे दिन कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।

साहू तुषार माने और मेहुली घोष की जोड़ी 30 टीम के मिश्रित टीम क्वालीफायर में शीर्ष पर रही जबकि शिव नरवाल और पलक की जोड़ी ने एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफायर में तीसरा स्थान हासिल किया। इन दोनों जोड़ियों ने शीर्ष छह में जगह बनाई। कांस्य पदक के मुकाबले बुधवार को होंगे जबकि इसके बाद स्वर्ण पदक के मुकाबले होंगे। साहू और मेहुली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 शॉट के बाद कुल 634.3 अंक जुटाए। हंगरी की इस्तवान पेनी और एस्टर मेजारोस की जोड़ी 630.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। शिव और पलक ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में 574 अंक जुटाए। अन्ना कोराकाकी और डियोनीसियोस कोराकाकिस की यूनान की जोड़ी ने 579 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि ओलंपिक चैंपियन जोराना अरुनोविच और दामिर मिकेच की सर्बिया की जोड़ी 584 अंक के साथ शीर्ष पर रही। भारत की दो अन्य जोड़ियां आठवें स्थान पर रहने के कारण आगे नहीं बढ़ सकीं। नवीन और रिद्धम सांगवान ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में 570 अंक जबकि अर्जुन बबूता और इलावेनिल वलारिवान ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में 627.8 अंक जुटाए। इससे पहले भारत ने पदक जीतने के लगभग पांच मौके गंवाए जब पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा पुरुष ट्रैप में फाइनल में क्वालीफाई करने वाले निशानेबाज चूक गए। पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत के तीन निशानेबाजों ने रैंकिंग दौर में शीर्ष आठ में जगह बनाई। इनमें नवीन पदक जीतने के सबसे करीब पहुंचे। उन्होंने 250.7 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया। नरवाल 199.7 अंक के साथ पांचवें जबकि सागर डांगी 199.2 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में रैंकिंग दौर से क्वालीफाई करने वाली युविका तोमर 147.1 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहीं।

### इंग्लैंड टेस्ट में और सुधार की गुंजाइश : मैकुलम

**लंदन।** इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच के तौर पर शानदार आगाज करने वाले न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि उनकी टीम में अभी सुधार की और गुंजाइश है जिसमें हर परिस्थितियों में जीत दर्ज करना नया मानदंड बनना चाहिए। मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने अपने शुरुआती चार मैचों में बेहद आक्रामक रूख अपना कर सभी में जीत दर्ज की। मैकुलम ने एसईएनजेड ब्रेकफास्ट से कहा, हमने अभी पूर्णता हासिल नहीं की है। अभी एक महीना ही हुआ है, हमने कुछ शानदार नतीजे देखे हैं और क्रिकेट की दुनिया से इसे सराहा भी है लेकिन हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि यह हमारे लिए नया मानदंड बने। उन्होंने कहा, हमें खेलने के इस तरीके को हर तरह की परिस्थितियों में आजमाना होगा और यही सबसे बड़ी चुनौती होगी। मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड ने पिछले 18 महीने के लचर प्रदर्शन से उबरते हुए न्यूजीलैंड को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 और फिर भारत को पांचवें टेस्ट में हराकर शानदार वापसी की। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों के नतीजे को विदेशों में हासिल करना टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी।

# हरमनप्रीत और मंधाना की रैंकिंग में सुधार

● श्रीलंका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन का लाभ

भाषा। दुबई



**भारतीय महिला** टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक-एक स्थान का सुधार किया है। हरमनप्रीत बल्लेबाजों की रैंकिंग में 13वें स्थान पर है जबकि मंधाना नौवें स्थान के साथ इसमें शीर्ष भारतीय है। तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में हरमनप्रीत ने 59.50 की औसत से 119 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी झटक कर भारतीय टीम को श्रृंखला में 3-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। मंधाना ने इस श्रृंखला में 52 के औसत से रन बनाए। उन्होंने इस दौरान एक शतक भी जड़ा। रैंकिंग सूची में आगे बढ़ने वाली अन्य भारतीय बल्लेबाजों में शेफाली वर्मा (तीन स्थान ऊपर 33वें), यास्तिका भाटिया (एक स्थान ऊपर 45वें) और गेंदबाजी-ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर (आठ स्थान ऊपर 53वें स्थान पर) शामिल हैं। गेंदबाजों में राजेश्वरी गायकवाड़ तीन स्थान के सुधार के साथ संयुक्त नौवें जबकि मेघना सिंह दो स्थान के सुधार के साथ 43वें और वस्त्राकर दो स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर पहुंच गई। इस दौरे पर टीम में जगह नहीं पाने वाली अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी गेंदबाजों की सूची में अपने छठे स्थान पर बनी हुई हैं। बल्लेबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली और इंग्लैंड की नताली स्किवर शीर्ष दो स्थानों पर हैं, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और दक्षिण अफ्रीकी शबनीम इस्माइल गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं।

### टी20 विश्व कप में पाक के पास अच्छा मौका होगा: वकार

**दुबई।** दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान का समर्थन करते हुए कहा है कि आस्ट्रेलिया की पिचों से टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप इस साल अक्टूबर-नवंबर में खेला जाना है। वकार ने कहा, हमारे पास विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन करने का काफी अच्छा मौका है। पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच का मानना है कि आस्ट्रेलिया की पिचों से उनके बल्लेबाजों को मदद मिलेगी।

### एसएससीबी और हरियाणा ने युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी खिताब जीते

भाषा। चेन्नई

सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) और हरियाणा ने यहां संपन्न पांचवीं युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में टीम चैंपियनशिप खिताब जीता। सेना के पुरुष मुक्केबाजों ने अंतिम दिन 11 फाइनल में शिरकत करते हुए नौ में जीत दर्ज की और शीर्ष स्थान हासिल किया। सेना ने 81 अंक के साथ टीम चैंपियनशिप जीती। सेना के लिए पहला स्वर्ण गत एशियाई युवा चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) ने हरियाणा के विशेष को हराकर जीता।

# गावस्कर ने खिलाड़ियों को फटकारा

● कहा, आप आईपीएल के दौरान आराम नहीं लेते

भाषा। नई दिल्ली



**पूर्व महान** बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत के सीनियर खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वह इस बात से सहमत नहीं हैं कि क्रिकेटर अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से आराम लेते हैं लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग में बिना ब्रेक के खेलते हैं। सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी श्रृंखला से आराम दिए जाने के बाद गावस्कर ने यह टिप्पणी की। गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक से कहा, मैं खिलाड़ियों को आराम देने की धारणा से सहमत नहीं हूं। बिलकुल भी नहीं। आप आईपीएल के दौरान आराम नहीं लेते तो फिर भारत के लिए खेलते हुए ऐसी मांग क्यों करते हो। मैं इससे सहमत नहीं हूं। आपको भारत के लिए खेलना होगा। आराम की बात मत कीजिए। उन्होंने कहा, टी20 में पारी में सिर्फ 20 ओवर होते हैं। इसका आपके शरीर पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। टेस्ट मैच में दिमाग और शरीर पर असर पड़ता है, मैं समझ सकता हूं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि टी20 में कोई समस्या है। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि बेहतर होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आराम की इस नीति में हस्तक्षेप करे। गावस्कर ने कहा, मुझे लगता है कि बीसीसीआई को आराम की इस धारणा पर गौर करने की जरूरत है। ग्रेड ए के सभी क्रिकेटरों को काफी अच्छे अनुबंध मिले हैं। उन्हें प्रत्एक मैच के लिए पैसा मिलता है। मुझे बताइए, क्या कोई ऐसी कंपनी है जो अपने सीईओ या प्रबंध निदेशक को इतनी छुट्टी देती है। तीन एकदिवसीय के अलावा वेस्टइंडीज दौरे पर भारत पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय भी खेलेगा। एकदिवसीय मुकाबलों के लिए नियमित कप्तान रोहित की गैरमौजूदगी में कप्तानी की जिम्मेदारी शिखर धवन को सौंपी गई है। आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप से पहले भारत को वेस्टइंडीज में एकदिवसीय मैचों के अलावा इस प्रारूप के कोई और मैच नहीं खेलने। एकदिवसीय मुकाबलों के बाद भारत कैरेबिया और अमेरिका में पांच टी20 मैच खेलेगा।

# चौदह वर्ष की अनाहत सिंह राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय स्क्वाश टीम में

**नई दिल्ली।** चौदह वर्ष की अनाहत सिंह को 28 जुलाई से होने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय स्क्वाश टीम में चुना गया है। दिल्ली की अनाहत ने अंडर 15 स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हाल ही में उसने जर्मनी में एक टूर्नामेंट जीता और जून में एशियाई अंडर 15 खिताब अपने नाम किया। वेलावन सेंथिलकुमार और अभय सिंह भी पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे जो पुरूष युगल टीम में हैं। पिछले 15 साल में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे सौरव घोषाल, जोशना चिनप्पा और दीपिका पल्लीकल विभिन्न वर्गो में पदक के दावेदार होंगे।

भारतीय टीम : पुरूष एकल : सौरव घोषाल, रामित टंडन, अभय सिंह,महिला एकल : जोशना चिनप्पा, सुनयना कुरूविला, अनाहत सिंह, महिला युगल : दीपिका पल्लीकल , जोशना चिनप्पा,पुरूष युगल : रामित टंडन और हरिंदर पाल सिंह संधू , वेलावन सेंथिलकुमार और अभय सिंह , मिश्रित युगल : सौरव घोषाल और दीपिका पल्लीकल, रामित टंडन और जोशना चिनप्पा, टीम अधिकारी : क्रिस्टोफर वॉकर (विदेशी कोच) , साइरस पोंचा (टीम मैनेजर) और ग्रीम एवराई (फिजियो)

### राष्ट्रमंडल खेलों में युगल वर्ग में पदक जीत सकते हैं : चिनप्पा

**चेन्नई।** भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने मंगलवार को कहा कि भारत बर्मिंघम मे होने वाले राष्ट्रमंडल खेलो मे युगल वर्ग का स्वर्ण पदक जीत सकता है। चिनप्पा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा , यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय टीमो मे से एक है। सौरव घोषाल और मै प्रो टूर पर कई वर्ष से खेल रहे है। हम अभी भी विश्व मे शीर्ष 20 मे है। भारत के पास युगल मे पदक जीतने का मौका है। इस बार हम एकल मे भी पदक जीतने का पूरा प्रयास करेंगे।

# सविता के शानदार प्रदर्शन से महिला हॉकी टीम जीती

● विश्व कप में भारत ने पहली जीत दर्ज की

● कनाडा को शूट आउट में 3-2 से हराया

भाषा। टेरेसा (स्पेन)



**कप्तान** और गोलकीपर सविता के शानदार प्रदर्शन से भारत ने मंगलवार को यहां एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के क्लासिफिकेशन मुकाबले में कनाडा को शूट आउट में 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम I-I से बराबर थीं। मेडेलाइन सेको ने 11वें मिनट में ही कनाडा को बढ़त दिला दी थी लेकिन भारत 58वें मिनट में सलीमा टेटे के गोल से बराबरी हासिल करने में सफल रहा। भारत की जीत में हालांकि सबसे अहम भूमिका गोलकीपर सविता की रही जिससे टीम टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज कर सकी। नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मुकाबले में भारतीय कप्तान ने शूट आउट में विरोधी टीम के छह प्रयासों को नाकाम किया जबकि नवनीत कौर, सोनिका और नेहा ने गोल दागकर भारत की जीत सुनिश्चित की। स्पेन के खिलाफ क्रॉसओवर में निराशाजनक हार के बाद भारत ने कनाडा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की। भारत के शुरुआती दबाव से निपटने के बाद कनाडा ने गेंद को गोल में पहुंचा दिया लेकिन रैफरी ने इसे अस्वीकृत करते हुए पेनल्टी कॉर्नर दिया और नताली सोरिस्यू गोल करने में नाकाम रहीं। कनाडा को इसके कुछ मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार टीम ने वैरिएशन पर गोल दाग दिया। कैथलीन लीही ने भारतीय डिफेंस को भ्रमित करते हुए गेंद सेको की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचा दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में मजबूत शुरुआत की और कई बार कनाडा की रक्षापंक्ति को भेदा लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मोनिका ने कई अच्छे मूव बनाए जबकि नवनीत कौर, नेहा और वंदना कटारिया की तिकड़ी ने कनाडा के डिफेंस को लगातार दबाव में रखा। नवनीत और वंदना ने 25वें मिनट में शानदार मूव बनाया लेकिन इनके प्रयास को गोलकीपर रोवन हैरिस ने नाकाम कर दिया। मध्यांतर के बाद भी भारत ने हमले जारी रखे। लालरेमसियामी ने कनाडा की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश लेकिन विफल रहीं। भारत को बराबरी हासिल करने का शानदार मौका मिला लेकिन सर्कल के अंदर से नवजोत कौर का शॉट गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। सविता ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार बचाव करते हुए कनाडा को बढ़त दोगुनी करने से रोका। भारत को तीसरे क्वार्टर के अंतिम लम्हों में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। शुरुआती गोल के बाद कनाडा की टीम अधिक मौके नहीं बना सकी।

### कोस्टा रिका को हराकर कनाडा कोंकाकाफ में तालिका में शीर्ष पर

**मोंटेरी (मेक्सिको)।** मैच के शुरुआती पलों में जेसी फ्लेमिंग के गोल से बढ़त हासिल करने के बाद कनाडा ने कोंकाकाफ (उतरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला चैम्पियनशिप में कोस्टा रिका पर दबाव बनाए रखा और 2-0 से जीत दर्ज की। कनाडा और कोस्टा रिका की टीमों ने ग्रुप तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

### मीड की हैट्रिक से इंग्लैंड ने यूरो चैंपियनशिप में नॉर्वे को रौंदा

**ब्राइटन।** बेथ मीड की हैट्रिक से मेजबान इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने यूरोपीय चैंपियनशिप में सोमवार को नॉर्वे को रिकॉर्ड 8-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। दुनिया की आठवें नंबर की टीम इंग्लैंड की ओर से मीड की हैट्रिक के अलावा एलेन वाइट ने दो जबकि जॉर्जिया स्टेनवे, लॉरेन हैंप और एलीसिया रुसो ने एक-एक गोल दागा।

### आत्मविश्वास कम नहीं हुआः बबूता



**चांगवन।** आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) विश्व कप के मौजूदा टूर्नामेंट में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के युवा निशानाबाज अर्जुन बबूता ने कहा कि फाइनल में ओलंपिक रजत पदक विजेता निशानेबाज की चुनौती होने के बावजूद उनका आत्मविश्वास नहीं डिगा। बबूता ने फाइनल में जगह बनाने के बाद अपने खेल के स्तर में सुधार करते हुए तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता अमेरिका लुकास कोजेंस्की को 17-9 से हराया। बबूता ने स्पोर्ट्सफ्लैसेज रेडियो से कहा, सामान्य स्थिति में मुझे लुकास का सामना करने का दबाव महसूस करना चाहिए था लेकिन ऐसा होने पर मैं अपने लक्ष्य से भटक जाता। मैं शांत रहा और खुद पर दबाव को हावी नहीं होने दिया जिससे स्वर्ण जीतने में मदद मिली। इस विश्व कप में भारत की 32 सदस्ईय टीम भाग ले रही है। यह खेल हालांकि बर्मिंघम में आगामी राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा नहीं होगा। पंजाब के 23 साल के निशानेबाजा को इससे काफी निराशा हुई है। मैं राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी के बाहर होने के कारण बहुत दुखी हूं। एक नवोदित निशानेबाज के तौर पर राष्ट्रमंडल खेल का अनुभव मेरे लिए बहुत उपयोगी होता और मैं पदक भी जीत सकता था। मुझे आशा है कि अगली बार निशानेबाजी इन खेलों का हिस्सा होगा।